माघ मास, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 330, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शनिवार, 7 जनवरी, 2023


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - जहीन और ज़िन्दादिल लेखक शमोएल साहब



अन्दर : क्या अब टी20 मैच नहीं खेलेंगे विराट -रोहित ? राहुल द्रविड़ ने दिया संकेत

# दिल्ली नगर निगम सदन में संग्राम

## मेयर चुनाव के पहले चलीं कुर्सियां, हुई हाथापाई, कई हुए घायल

**बवाल**

**हंगामे के कारण सदन की कार्रवाही स्थगित**

**अब मेयर का चुनाव अगली सदन की बैठक में होगा, तारीख तय करेंगे उपराज्यपाल**

**कोर्ट जा सकती है आप, शपथ दिलाने के बीच में ही भिड़े बीजेपी और आप पार्षद**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एमसीडी के मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया हंगामे की वजह से शुरू नहीं हो पाई। चार घंटे चले हंगामे के बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। ऐसे में माना जा रहा है कि मेयर चुनाव टल सकता है। उधर, आप ने इस मुद्दे पर कोर्ट जाने के संकेत दिए हैं। अब मेयर का चुनाव अगली सदन की बैठक में होगा, जिसकी तारीख उपराज्यपाल तय करेंगे।

इससे पहले शुक्रवार सुबह 11 बजे पार्षदों का शपथ ग्रहण शुरू होना था, लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने सबसे पहले मनोनीत सदस्यों को जैसे ही शपथ दिलानी शुरू की, आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। इससे बीजेपी पार्षद भी इनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई होने लगी। आप के पार्षद प्रोटेम स्पीकर के आसन पर चढ़ गए। इस दौरान कुछ पार्षद कुर्सी उठाकर पटकते देखे गए। कुछ धक्का लगने से नीचे गिर गए। कुछ को चोटें आईं। एलजी ने मेयर चुनाव के लिए बीजेपी की पार्षद सत्या शर्मा को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया। इससे पहले आप ने मुकेश गोयल के नाम का प्रस्ताव रखा था। सत्या के नाम पर आप ने आपत्ति जताई। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर सत्या ने जैसे ही एलजी के मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलानी शुरू की तो आप ने विरोध और नारेबाजी शुरू कर दी।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि मनोनीत सदस्यों की शपथ पहले नहीं होती है, लेकिन भाजपा परंपरा बदल रही है। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आप नेताओं को नियमों की जानकारी नहीं है। इसलिए वह हंगामा कर रहे हैं। जब वे बहुमत में हैं, तो डरते क्यों हैं? यही काम आप सांसद राज्यसभा में भी करते हैं। उधर, कांग्रेस ने मेयर चुनाव में शामिल नहीं होने का फैसला किया।

आप विधायक आतिशी ने चुनाव न लड़ने के फैसले के बाद कांग्रेस पर भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। मेयर के चुनाव में 273 मेंबर्स वोट डालेंगे। बहुमत के लिए 133 का आंकड़ा चाहिए। आप के पास 150 तो बीजेपी के पास 113 वोट हैं। हंगामे के बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव का सामना करने से क्यों डर रहे हैं? यह फिर से साबित करता है कि उन्हें स्थापित नियमों और मानदंडों में कोई विश्वास नहीं है। हाथापाई में घायल भाजपा पार्षद राम मनोहर लोहिया अस्पताल इलाज कराने पहुंचे जहां पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और मीनाक्षी लेखी भी पहुंचे।

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के ऑफिस की तरफ से एक बयान आया। इसमें कहा गया कि दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन 1957 एक्ट के तहत 10 लोगों को मनोनीत किया गया है। इस एक्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का अनुभव या ज्ञान हो, उन्हें एलजी नॉमिनेट कर सकते हैं। इनकी उम्र 25 साल से ज्यादा होनी चाहिए। ये सदस्य मेयर या डिप्टी मेयर के चुनाव में वोट नहीं डाल सकते। मेयर के लिए आप आदमी पार्टी ने शैली ओबेरॉय को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी की ओर से रेखा गुप्ता मैदान में हैं। वहीं, डिप्टी मेयर के लिए आप ने मोहम्मद इकबाल और बीजेपी ने कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में पिछले कुछ हफ्तों में एलजी द्वारा गलत तरीके से जारी आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि नियमानुसार, एमसीडी में 10 सदस्यों को दिल्ली सरकार नामित करती आई है, लेकिन इस बार सरकार से बिना परामर्श किए इनको नामित कर दिया। संविधान का अनुच्छेद 243आर साफ तौर से मनोनीत सदस्यों को सदन में मतदान करने से रोकता है। उन्हें सदन में वोट दिलाने की कोशिश असंवैधानिक है। संविधान निर्वाचित सरकार को वरिष्ठ पार्षद को पीठासीन अधिकारी नामित करने का अधिकार देता है, लेकिन इसे दरकिनार किया गया।

### सदन में जबरदस्त हंगामे के बाद बीजेपी ने आप को घेरा, प्रकरण की जांच की मांग रखी

नई दिल्ली। केन्द्रीय संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की बैठक में हाथापाई की घटना के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को जिम्मेदार करार देते हुए उसकी तीखी आलोचना की और पूरे प्रकरण की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि एमसीडी के महापौर के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पार्षदों के साथ दिल्ली में सत्तारूढ आप के कार्यकताओं ने हमला किया। उन्होंने इसे आप कार्यकताओं का शर्मनाक और अमानवीय कृत्य बताया। उन्होंने इसे अराजक तत्वों का कृत्य करार देते हुए कहा कि यह घटना शर्मनाक और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि इस घटना को देखने के बाद उन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के उस बयान की याद आ गयी जिसमें उन्होंने खुद ही अपने को अराजकवादी होने का एलान किया था। लेखी नयी दिल्ली से सांसद होने के नाते परिषद की पदेन सदस्य हैं। उन्होंने सदन में हुई इस घटना की जांच कराने की मांग की और कहा कि इस घटना में शामिल आप कार्यकताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली नगर निगम के महापौर के चुनाव से पहले निगम पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में आज जबरदस्त हंगामे के बाद भाजपा के मंत्री, सांसदों ने भाजपा कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस बुलाई, जिसमें लेखी ने यह बात कही है।

### कांग्रेस बोली- आप को बहुमत मिला है तो केजरीवाल अपना मेयर बनाएं

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया है। जनता का सम्मान करते हुए हम मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति का चुनाव नहीं लड़ेंगे। आप को बहुमत मिला है तो केजरीवाल अपना मेयर बनाएं और दिल्ली की जनता की सेवा करें।




# नोटबंदी व 'गलत' जीएसटी ने व्यापारियों की कमर तोड़ी

## मोदी सरकार में बने दो हिंदुस्तानः राहुल गांधी

**साधा निशाना**

**हरियाणा पहुंची भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना**

**बोले-किसानों-मजदूरों और अमीरों के लिए अलग-अलग हिंदुस्तान**

**छोटे व्यापारियों को खत्म करने का हथियार था मोदी जी की जीएसटी**



**पानीपत (हरियाणा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के विषयों को लेकर शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि अब दो हिंदुस्तान बन गए हैं, एक किसानों-मजदूरों के लिए है और दूसरा 200-300 अमीरों के लिए है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के तहत यहां आयोजित जनसभा में यह दावा भी किया कि नोटबंदी और गलत जीएसटी रूपी हथियार ने छोटे व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी।

राहुल गांधी ने यह सवाल भी किया कि तीनों कृषि कानूनों पर प्रधानमंत्री मोदी को अपनी गलती मानने में एक साल का समय क्यों लग गया? उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि मौजूदा समय में हरियाणा बेरोजगारी का चैम्पियन बन गया है और इस प्रदेश में युवाशक्ति जाया हो रही है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उनकी यह यात्रा पूरे देश को जोड़ रही है और करोड़ों लोग अब नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, जितना धन आधे हिंदुस्तान के हाथ में है, उतना धन सबसे अमीर 100 लोगों के पास है। क्या आपको इसमें न्याय दिखाई देता है? आज दो हिंदुस्तान बन गए हैं। एक हिंदुस्तान किसान, मजदूर, छोटे दुकानदारों और बेरोजगार युवाओं का है। इसमें करोड़ों लोग रहते हैं।

दूसरा हिंदुस्तान 200-300 लोगों का है, जिनके पास पूरा का पूरा धन है। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी जी ने नोटबंदी की और गलत जीएसटी को लागू किया। ये कोई नीतियां नहीं थीं, बल्कि छोटे और मध्यम व्यापारों को खत्म करने के हथियार थे। इन दो हथियारों ने छोटे और मझोले व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी।

राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा, आज 21वीं सदी में हरियाणा बेरोजगारी का चैम्पियन बन गया है। (राज्य में) आज बेरोजगारी दर 38 प्रतिशत है। यह कोई खुशी की बात नहीं है। हरियाणा में युवाशक्ति जाया हो रही है। उन्होंने सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए कहा, ये (भाजपा) कहते हैं कि हम देशभक्त हैं। मुझे इनकी देशभक्ति समझाओ।राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान में लाखों युवा सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगाते हैं और ये युवा तिरंगा की रक्षा करने का सपना देखते हैं... पहले हर साल 80 हजार युवा सेना के लिए चयनित होते थे। वे अलग-अलग राज्यों में तैनात होते थे। ये जवान अपनी पूरी जिंदगी देश के लिए लगाते थे, सीमा पर खड़े होते थे, उसकी निगरानी करते थे। देश की खातिर अपना खून देने के लिए ये युवा सेना में भर्ती होते थे। उन्होंने कहा कि पहले युवाओं को सेना में भर्ती होने पर उचित प्रशिक्षण और 15 साल की सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद यथोचित सुविधा का वादा किया जाता था, लेकिन अग्निपथ योजना ने इन वादों को तोड़ दिया है। राहुल गांधी ने कहा, जब मैं यह सब बातें करता हूं, तो भाजपा के लोग कहते हैं कि मैं सेना के खिलाफ बातें कर रहा हूं। मैं तो सेना के भले के लिए बात कर रहा हूं।

उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा के लोगों ने पूरे देश में डर और नफरत फैलाने का काम किया है। ये सब योजनाएं डर फैलाती हैं। ये पहले डर फैलाते हैं और फिर उसे नफरत में बदल देते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सिर्फ मैं ही नहीं खोल रहा हूं, बल्कि करोड़ों लोग खोल रहे हैं....।

# समलैंगिक विवाह से संबंधित सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर

**स्थानांतरण**

**केंद्र और याचिकाकर्ताओं से इस मुद्दे से संबंधित कानून और नजीर हो तो साझा करें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने के मुद्दे पर देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए उन्हें अपने पास स्थानांतरित कर लिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्र से 15 फरवरी तक इस मुद्दे पर सभी याचिकाओं पर अपना संयुक्त जवाब दाखिल करने को कहा और निर्देश दिया कि मार्च में सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाए। वहीं अब इस मामले की सुनवाई 13 मार्च को होगी। पीठ ने कहा कि कोई भी याचिकाकर्ता यदि अदालत के समक्ष भौतिक रूप से बहस करने के लिए उपलब्ध नहीं है तो वह डिजिटल मंच की सुविधा का लाभ उठा सकता है। न्यायालय ने केंद्र और याचिकाकताओं के वकीलों से इस मुद्दे, संबंधित कानूनों और पूर्व मिसाल, यदि कोई हो तो, उस पर एक लिखित नोट दाखिल करने और इसे आपस में व अदालत के साथ साझा करने को कहा। पीठ ने केंद्र के वकील से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई भी याचिकाकर्ता छूट न जाए और सभी याचिकाओं का विवरण तैयार किए जाने वाले संकलन में शामिल किया जाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि न्यायालय के पास दो विकल्प उपलब्ध हैं क्योंकि एक याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए तैयार है और शीर्ष अदालत उसके फैसले का इंतजार कर सकती है या वह सभी याचिकाओं को अपने पास स्थानांतरित कर सकती है। कई याचिकाकताओं के वकीलों ने पीठ को बताया कि वे चाहते हैं कि शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर एक आधिकारिक घोषणा के लिए सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर ले और केंद्र शीर्ष अदालत के समक्ष अपना जवाब दाखिल कर सकता है।

# ट्रेन में यात्री को टीटीई ने पीटा, निलंबित

**पद का दुरुपयोग**

**सीट से घसीटकर नीचे पटका फिर लात-घूंसे बरसाए**

**बिना टिकट जा रहे यात्री को बेरहमी से मारा, वीडियो वायरल होने के बाद टीटीई पर कार्रवाई**

**पटना।** बिहार के जयनगर से लोकमान्य तिलक मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस में 2 टीटीई ने चलती ट्रेन में यात्री को सीट से पटकर लात-घूंसों से पिटाई कर दी। एक पैसेंजर ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सामने आने के बाद टीटीई गौतम कुमार पांडेय और नरेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में एक यात्री बिना टिकट यात्रा कर रहा था। चालान काटने को लेकर यात्री और टीटीई में विवाद बढ़ता गया। पहले दोनों में गाली-गलौज हुई। इसके बाद टीटीई गौतम कुमार पांडेय और टीटीई रेश कुमार ने यात्री की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान दूसरे यात्री टीटीई से छोड़ने की गुहार लगाते रहे, लेकिन वो नहीं माने। ये दोनों टीटीई समस्तीपुर रेल मंडल के जयनगर स्टेशन पर कार्यरत हैं। इन्हें डीआरएम आलोक अग्रवाल के निर्देश पर सीनियर डीसीएम चंद्रशेखर प्रसाद ने सस्पेंड कर मामले में जांच के आदेश दिए हैं। ये वीडियो 2 जनवरी का है। बिहार के भागलपुर में बुधवार को ट्रेन में मोबाइल चोरी के आरोप में भीड़ ने एक युवक को पकड़ा। उसकी जमकर पिटाई की, फिर कोच के गेट से हाथ बांधकर लटका दिया। लोगों ने बताया कि ट्रेन स्टेशन पर खड़ी थी, तभी एक युवक आया और खिड़की से मोबाइल छीनकर भागने लगा।

## देश में ऑक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी की तैयारी में केंद्र, मांगे गए सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्र ने उच्च शिक्षा में सुधार के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों को देश में ही खोलने और विदेशी विश्वविद्यालयों की डिग्री प्रदान करने की अनुमति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत अब देश में ही येल, ऑक्सफोर्ड और स्टैनफोर्ड जैसी विश्वविद्यालयों को अपने कैंपस खोलने और डिग्री प्रदान करने की अनुमति दी जा सकती है। केंद्र के इस पहल के बाद विदेश पढ़ाई करने जाने में असमर्थ छात्रों को देश में ही रहकर विदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों में पढ़ने का मौका मिल सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एक ड्राफ्ट पेश कर जनता से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगा है। यूजीसी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, नई शिक्षा नीति के तहत दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों को भारत में उनके कैंपस खोलने और इसको संचालित करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# पीएम की मां हीराबा के नाम पर रखा गया बांध का नाम



**राजकोट।** गुजरात में राजकोट शहर के बाहरी इलाके में बनाए जा रहे एक छोटे बांध का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां दिवंगत हीराबेन के नाम पर रखा गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार के यह जानकारी दी। गिर गंगा परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप सखिया ने कहा कि राजकोट-कलावाड रोड पर वगुदाद गांव के समीप न्यारी नदी पर ट्रस्ट द्वारा 15 लाख रुपये की लागत से छोटा बांध बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक दर्शिता शाह और राजकोट के महापौर प्रदीप देव की मौजूदगी में बुधवार को बांध की नींव रखी गयी। सखिया ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री की मां को श्रद्धांजलि के तौर पर हमने छोटे बांध का नाम हीराबा स्मृति सरोवर रखने का फैसला किया है क्योंकि इसे उनकी याद में बनाया जा रहा है। इससे दूसरे लोगों को भी अपने प्रियजन के निधान के बाद कुछ करने या किसी अच्छी चीज के लिए दान देने की प्रेरणा मिलेगी। हीराबा का 30 दिसंबर को अहमदाबाद के एक अस्पताल में 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। सखिया ने बताया कि इस ट्रस्ट ने पिछले चार महीने में दानदाताओं की वित्तीय मदद से 75 छोटे बांध बनाए हैं। इस नए बांध का काम दो सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और इसमें करीब 2.5 करोड़ लीटर पानी के भंडारण की क्षमता होगी। *एजेंसी*

# मुंबई से सीधे बहन के घर पहुंचे सीएम योगी

**जताया शोक**

**दो दिन पहले हुआ था बहनोई का निधन**

**गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में बहन के घर सांत्वना देने पहुंचे सीएम योगी**

**बेहद दुखी नजर आए सीएम किसी से नहीं की मुलाकात**

**ब्रेन स्ट्रोक के बाद 67 वर्षीय बहनोई की हालत में नहीं हुआ सुधार...वेंटिलेटर पर थे**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित एमजीआई घरौंदा अपनी बहन के घर पहुंचे। जैसे ही इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को मिली तो आनन-फानन में सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए। सीएम योगी के बेहनोई राजेंद्र सिंह चौधरी का बुधवार देर रात निधन हो गया था।

गुरुवार को उनका दिल्ली की के निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री योगी मुंबई में होने के कारण अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके थे। इसलिए सीएम योगी शुक्रवार को गाज़ियाबाद कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित घरौंदा एमआइजी सोसाइटी पहुंचे। राजेंद्र सिंह चौधरी का परिवार इसी सोसाइटी में रहता है।

मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बहन का परिवार राजनगर एक्सटेंशन स्थित एमजीआई घरौंदा सोसाइटी में रहता है। अचानक ही योगी आदित्यनाथ के 67 वर्षीय बहनोई राजेंद्र सिंह चौधरी को ब्रेन स्ट्रोक आया जिसके बाद उन्हें 1 जनवरी की सुबह कौशांबी स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां पर न्यूरो फिजिशियन डॉ सुमंतो चटर्जी, फिजिशियन डॉक्टर अंशुमन त्यागी, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ धीरेंद्र सिंघानिया की निगरानी में मुख्यमंत्री के बहनोई का उपचार हुआ। लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद भी बुधवार शाम करीब 5:30 बजे ब्रेन डेड हो गया। लेकिन चिकित्सकों की टीम की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया गया घर पर भी वह वेंटिलेटर पर ही रहे। चिकित्सकों की तमाम कोशिश के बाद भी आखिरकार वह जिंदगी के हार गये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपनी बहन के घर पहुंचे और करीब 45 मिनट तक अपनी बहन के पास रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान अन्य किसी प्रशासनिक अधिकारी और नेता से कोई मुलाकात नहीं की और ना ही वह मीडिया से रूबरू हुए क्योंकि वह बेहद दुखी दिखाई दे रहे थे। एजेंसी

# आजाद की पार्टी को बड़ा झटका 17 पूर्व नेता कांग्रेस में हुए शामिल

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के 17 पूर्व नेता शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए जिनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री ताराचंद भी शामिल हैं। इन नेताओं की यह कांग्रेस में वापसी है।



कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। वेणुगोपाल ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर में दाखिल होने से पहले हमारे कई नेता घर वापस आ रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है। तारा चंद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पीरजादा मोहम्मद और 15 अन्य नेताओं ने कांग्रेस में वापसी की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आने वाले दिनों में डीएपी के कई और नेता कांग्रेस में वापसी करेंगे। आजाद ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और फिर डीएपी की स्थापना की थी। पार्टी गठित होने कुछ हफ्ते बाद ही इसमें कलह शुरू हो गई। पिछले दिनों तारा चंद और कुछ अन्य नेताओं को डीएपी से निष्कासित कर दिया गया था।

# 'सुफलाम' को संबोधित करने आएंगे सीएम

## क्लाइमेट चेंज से पंचतत्वों के बिगड़े असंतुलन पर होगी इंटरनेशनल कांफ्रेंस

**आयोजन**

**बीएचयू के शताब्दी सभागार में होगा सात से नौ जनवरी तक यह आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



सुफलाम के आयोजन की जानकारी देते प्रो. राकेश सिंह

**वाराणसी।** बीएचयू में सात जनवरी से तीन दिन तक पंचतत्वों पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सुफलाम' का आयोजन होगा। 'सुफलाम' का अर्थ है पृथ्वी तत्व यानी धरती, पानी, आकाश, आग और हवा। प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई कि क्लाइमेट चेंज की वजह से पंचतत्वों में आए बदलावों पर यहां तीन दिन तक काफी सार्थक चर्चा होगी। 'सुफलाम' को संबोधित करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आयेंगे। बीएचयू के जनसंपर्क विभाग में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कृषि शास्त्री व कार्यक्रम सचिव प्रो. राकेश सिंह ने बताया कि यह आयोजन सात से नौ जनवरी तक स्वतंत्रता भवन और कृषि विज्ञान संस्थान के शताब्दी सभागार में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ जनवरी को इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं, उनके साथ केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह सुरेश जोशी (भैय्याजी), यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जगद्गुरु संत ज्ञानेश्वर दास महराज भी संबोधन देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन अपराह्न 2.30 बजे से चार बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सात जनवरी को अपराह्न ढाई बजे कृषि मंत्री प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा नौ जनवरी को आईसीएआर के निदेशक डॉ. हिमांशु पाठक और बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन भी मौजूद रहेंगे।

### 142 मिलियन हेक्टेयर जमीन पर होती है खेती-बाड़ी

प्रो. सिंह ने कहा कि सुफलाम का अर्थ है प्रथ्वी तत्व यानी कि नीति निर्धारण में धरती की क्या उपयोगिता है, इस पर चर्चा होगी। भारत भूमि सुजलाम-सुफलाम है। यहां पर हर तरह की फसलें उगती हैं। इस समय हमारे यहां पर खरीफ और रबी की फसलों को मिलाकर 142 मिलियन हेक्टेयर जमीन पर खेती-बाड़ी होती है। लगभग 23 प्रतिशत जमीन पर जंगल है। बाकी में पहाड़, नदियां, तालाब, रास्ते और आबादी बसती है। इन जगहों पर क्लाइमेट चेंज की वजहों से पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा। क्लाइमेट चेंज के बाद पर्यावरण के साथ काम किया जाए, इसकी एक व्यापक रिपोर्ट तैयार होगी। इसी मुद्दे पर दिल्ली में भी एक बड़ा इंटरनेशनल कांफ्रेंस होगा।

### ज्ञानवापी संबंधित कई मामले में होगी सुनवाई

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में शनिवार को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा, भगवान आदिविश्वेश्वर को सौंपने के सभी केस को स्थानांतरण सबंधित अर्जी पर सुनवाई होनी है। बता दें की श्रृंगार गौरी प्रकरण के चार वादिनी लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से आवेदन दिया गया है। कहा गया था कि किरण सिंह और अन्य द्धारा लंबित लोअर कोर्ट में वाद को स्थानातरण कर स्वम जिला जज की कोर्ट में सुनने की गुहार लगाई गई है।

### नौ से 20 तक निरस्त रहेगी मरुधर

**वाराणसी।** गुलाबी शहर जाने वाले यात्रियों को कुछ दिनों मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। जयपुर मंडल के खातीपुरा स्टेशन पर प्रस्तावित री-मॉडलिंग कार्य के चलते इस रुट पर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके तहत वाराणसी और जोधपुर के बीच संचालित मरुधर एक्सप्रेस नौ से 20 जनवरी तक निरस्त रहेगी। उत्तर रेलवे प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या - 14853 अप मरुधर एक्सप्रेस 9,11,16,18 व 21 जनवरी तथा गाड़ी संख्या - 14854 डाउन मरुधर एक्सप्रेस 9,12,16,19 जनवरी को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या - 14863 अप मरुधर एक्सप्रेस को 10,13,17, 20 जनवरी तक रद्द किया गया है। गाड़ी संख्या - 14864 डाउन मरुधर एक्सप्रेस 8,10,15,17 व 20 जनवरी को रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या - 14865 अप मरुधर एक्सप्रेस 12 व 19 और गाड़ी संख्या - 14866 मरुधर एक्सप्रेस 11 एव 18 जनवरी को निरस्त रहेंगी।

# गांव के परमिट पर शहर में फर्राटा भर रहे ऑटो

## अधिकारियों की चुप्पी ने अवैध ऑटो चालकों का बढ़ाया मन

**मनमानी**


**यूनियन ने कई बार उच्चाधिकारियों को जांच के लिए सौंपा है ज्ञापन**

**परमिट के सापेक्ष हजारों की संख्या में संचालित ऑटो से जाम झेल रहे लोग**

**वाराणसी।** शहर में जाम व दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ऑटो संचालन को मानते हुए भी परिवहन विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। शहर में परिवहन विभाग की ओर से दिए गये सिटी परमिट के सापेक्ष कई गुना अधिक ऑटो सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। विभाग की ओर से शहर व देहात क्षेत्र के ऑटो को पट्टी के आधार पर क्षेत्रों का वितरण कर दिया गया है। लेकिन देहात क्षेत्र के परमिट के ऑटो दिन भर शहरों में संचालित हैं। परिवहन विभाग की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई ना होने के चलते ऐसे ऑटो संचालक मनबढ़ हो गये हैं।

वाराणसी में परिवहन विभाग के आंकडों पर नजर डालें तो जिले में सड़कों पर चलने के लिए जिन ऑटो को परमिट दिया गया है उनकी संख्या 4700 के आसपास है, लेकिन शहर की सड़कों पर परमिट के सापेक्ष कई गुना अधिक ऑटो फर्राटा भर रहे हैं। इनमें वह भी ऑटो शामिल हैं जिन्हें देहात का परमिट परिवहन विभाग की ओर से दिया गया है। विभाग की लापरवाही और यातायात विभाग के करम से ये ऑटो चालक गैर क्षेत्र के परमिट पर भी अपनी ऑटो का संचालन कर रहे हैं।

### यातायात माह का उड़ा रहे मारवौल



पांच जनवरी से यातायात माह का शुभारम्भ किया जा चुका है बावजूद इसके यातायात विभाग इसके प्रति पूर तरह से मौन है। शहर में सीएनजी ऑटो को परमिट का प्रावधान है और इस बार हुई संभागीय परिवहन प्राधिकरण बिना सीएनजी वाहनों को शहर में नहीं संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मगर, अवैध तरीके से चल रहे ऑटो पर लगाम के लिए कोई प्रयास नहीं है। शहर के कचहरी, लंका, कैंट स्टेशन, मैदागिन लहुराबीर, बेनियाबाग, सहित अन्य स्थानों से ही हजार से अधिक अवैध ऑटो रिक्शा संचालित हो रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार की मानें तो ऑटो रिक्शा को सवारी ढोने के मानकों के हिसाब से परमिट दिया जाता है।

### नीले रंग की पट्टी शहर में

विभाग की मानें तो ऑटो में लगे नीले रंग की पट्टी देहात परमिट को इंगित करती है। लेकिन इस रंग की पट्टी को शहर में हर तरफ देखा जा सकता है। कैंट स्टेशन पर इनकी संख्या कई गुना अधिक है।

### बोले यूनियन के अध्यक्ष

उत्तर प्रदेश ऑटो रिक्शा थ्री-व्हीलर चालक यूनियन के अध्यक्ष ईश्वर सिंह का कहना है कि एक दो नहीं दर्जनों बार पुलिस से लगायत परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों को इस संदर्भ में ज्ञापन दिया जा चुका है बावजूद इसके विभागीय उदासिनता के चलते ऐसे ऑटो चालकों की भरमार है जो अवैध है बताया कि ऐसे चालक उनके यूनियन में नहीं हैं। बताया कि हम सभी चाहते हैं कि शहर में ऑटो वैध रुप से संचालित हो। लेकिन अधिकारियों के मौन होने से इनके मन बढ़ते जा रहे हैं।

### बोले अधिकारी

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन )सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि जल्द ही पूरी टीम शहर के हर चौराहों पर ऑटो की जांच करेगी। इसमें लिप्त पाये जाने वालों पर सख्त कार्रवाई कर ऑटो भी सीज कर दिया जायेगा।

**संक्षेप**

### गणतंत्र दिवस पर करें योजनाओं का प्रचार



वाराणसी। आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के बारे में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला राइफल क्लब सभागार में एडीएम प्रोटोकोल बच्चू सिंह ने तैयारी बैठक की। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी दी। श्री सिंह ने विकास भवन, वीडीए और सरकारी विभागों को डिस्प्ले एवं कटआउट के जरिये सभी लाभकारी योजनाओं आदि का प्रसार कराने को कहा। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गणतंत्र दिवस पर बढ़चढ़कर कार्यक्रम करने का आग्रह किया गया। अस्पतालों में मरीजों व उनके तीमारदार को कंबल बांटेंगे। पुलिस को विद्यालयों से निकलने वाली प्रभात फेरियों के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। मीटिंग में विभिन्न स्तर पर अन्य तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

### जेसीबी से 459 लीटर शराब करायी नष्ट



रोहनिया। आबकारी अधिनियम व जुआ अधिनियम के तहत पकड़े गए मालो का विनष्टीकरण की कार्यवाही शुक्रवार को हुई। जिसके तहत जेसीबी लगाकर कराई अंग्रेजी व देशी शराब की कुल 459 लीटर (कीमत डेढ़ लाख रुपये) को जेसीबी लगाकर नष्ट कराया गया। वहीं जुआ अधिनियम से संबंधित माल रुपये को राजकीय कोष में जमा कराया जायेगा।

### सड़क पर खड़े ट्रक से लाखों की चाय चोरी

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के बाबतपुर-वाराणसी हाईवे पर बीती देर रात बाबतपुर बाजार के समीप खड़ी चायपत्ती लदी एक ट्रक की रस्सी और तिरपाल काटकर चोर बावन पेटी चाय पत्ती चुरा ले गये। चालक के अनुसार चोरी गये सामान की कीमत डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस सीसी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार ट्रक आगरा से चाय लादकर शहर की ओर आ रही थी। घटना की रात 12 बजे कोहरा और ठंड के कारण चालक बाबतपुर एक गाड़ी की एजेंसी के पास सड़क किनारे ट्रक खड़ी कर सो गया और मध्य रात्रि के बाद किसी समय चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। चालक हरीनारायण निवासी ग्राम खलकपुर थाना सिवली जनपद कानपुर देहात ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

### चोर उठा ले गए एक लाख की दाल

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के कुआर बाजार में बीती रात डुप्लीकेट चाभी से गोदाम का ताला तोड़कर एक लाख रुपए कीमत की दलहन मैजिक के सहारे चोर उठा ले गए। पीड़ित ने शुक्रवार को घटना की लिखित जानकारी पुलिस को दी। रसूलपुर निवासी विजय कुमार गुप्ता की कुआर बाजार में दुकान व गोदाम है। बीती रात वह दुकान व गोदाम को बंद कर घर चले गए। उसके बाद मैजिक से आये चोरों ने डुप्लीकेट चाभी से गोदाम का ताला तोड़कर उसमे रखे बेसन चना, मटर, अरहर व मूंग की दाल के साथ 52 बोरी अरहर की दाल उठा ले गए। घटना थोड़ी दूर पर लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने घटना के बाद सीसी फुटेज को देखा और जांच पड़ताल कर लौट गई। वहीं पीड़ित ने चोरी के बाबत पुलिस को तहरीर दी।

### टायर फटने से सब्जी लदा पिकअप पलटा

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के नुवाव इलाके में हाइवे पर टायर फटने से सब्जी लदी पीकप शुक्रवार शाम को पलट गई। गाड़ी पलटने से चालक पप्पू को हल्की चोटे आई। जिसे स्थानीय लोगों ने समीप के एक निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया। जबकि खालासी सुरेंद्र सुरक्षित है। राजातालाब से सब्जी पीकप पर लोडकर बिहार के पटना जा रहा था।

### ब्रेकर पर स्कूटी उछली, युवती घायल

वाराणसी। भेलुपुर थाना क्षेत्र के कमच्छा इलाके में शुक्रवार रात को ब्रेकर पर स्कूटी उझलने से युवती गिरकर घायल हो गई। वहां, मौजूद लोगों ने युवती का इलाज बगल में ही स्थित एक निजी क्लिनिक में कराया। युवती को हल्की चोटे आई थी। इलाज कराने के बाद युवती अपने घर चली गई। युवती कमच्छा इलाके में रहती हैं। घर से खरीददारी करने के लिए निकली थी।

### प्रतिबंधित मांझा जब्त, पांच गिरफ्तार

मिजार्मुराद। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने शुक्रवार को (चाइनीज) प्रतिबंधित मांझा बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें मिजार्मुराद स्थित बाजार व कछवांरोड चौराहे पर पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर 139 बंडल बड़ा, 25 बंडल छोटा, 26 पैकेट लच्छी व 50 खुली लच्छी प्रतिबंधित मांझा जब्त करते हुए पांच दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें विजय कुमार, विस्टों साव, पचास बिंद, अतीश गुप्ता, शुभम केशरी को गिरफ्तार किया गया।

### प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

वाराणसी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आलोक चंद्र शुक्ला को अभियोजन की तरफ से प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पक्सो मामलो में प्रदेश में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए विशेष लोक अभियोजक गण मधुकर उपाध्याय और संतोष कुमार सिंह को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, डीजीसी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एडीजीसी गण मुनीब सिंह चौहान, प्रमथेश पांडेय, विनय कुमार, ज्योतिशंकर उपाध्याय, ओंकारनाथ तिवारी, कैलाश नाथ आदि मौजूद रहे।

### चायनीज मंझे से सिपाही की अंगुली कटी

वाराणसी। राजघाट के पास शुक्रवार को पुष्प पूर्णिमा ड्यूटी को जा रहे सिपाही का चायनीज मंझे से गर्दन तो बच गया, लेकिन अंगुली कट गया है। जख्मी सिपाही ने मण्डलीय अस्पताल में इलाज करवाया। मिजार्मुराद थाना के कछवा रोड पुलिस चौकी पर तैनात उमा शंकर 31 वर्ष नामक सिपाही की ड्यूटी राजघाट पर पुष्प पूर्णिमा में लगा था। वह शुक्रवार को बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। राजघाट के पास अचानक उनकी गर्दन पर चायनीज मंझा आ गया उससे बचने को उसने तत्काल हाथ से मंझा हटाने का प्रयास किया, तब तक चायनीज मंझा ने हल्का गर्दन को जख्मी करते हुए एक हाथ की अंगुली को बुरी से जख्मी कर दिया। मण्डलीय अस्पताल में उसके अंगुली छह टाका लगाया गया।

### अस्पताल में चोरी रोकने को लगाये गये कैमरे

**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही है। गत दिन चोर कीमती कापर की ऑक्सीजन पाइप लाइन व घड़ी कई मीटर तक कांट ले गये। इस पर अंकुश लगाने को अस्पताल के विभिन्न वार्ड व अन्य स्थानों पर 20 कैमरे लगाये जा रहे हैं। कबीरचौरा स्थित श्री शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल लंबे समय तक परिसर में पुलिस चौकी होने के बावजूद चोरी की घटनायें थमने की नाम नही ले रही हैं। हर सप्ताह किसी की बाइक तो किसी की साइकिल व वार्ड से मोबाइल की चोरी की घटनाएं होती रहती है। हौसला बुलंद चोरों ने गत दिनों तो हड्डी वार्ड पांच व छह से कई मीटर सक्शन पाइप जो कापर के कीमती होते है को काट कर चुरा लिया। यहीं नही चोरों ने वार्ड संख्या ग्यारह व बारह के बीच करोना काल मे आक्सीजन सप्लाई को लगे कई मीटर कापर के पाइप के साथ ही घड़ी को ही कांट के गये। अस्पताल में चर्चा है कि इन चोरी की घटनाओं किसी अस्पताल कर्मी या परिसर में रहने वाले व्यक्ति का ही हात है। अस्पताल के एसआईसी डॉ घनश्याम मौर्या ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को विभिन्न वार्डों के साथ ही परिसर के अन्य स्थानों पर कैमरे लगाये जा रहे है।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बलिया**
**वाद संख्या 01/2022**
**धारा-30 रा0 संहिता**
**मौजा-खड़ीचा, परगना-को0 शर्की**
**रमावती देवी**
**बनाम**
**इन्द्रदेव**

1-इन्द्रदेव, 2-महेश पुत्रगण सोहासित, 3-हिरामन पुत्र मंगल, 4-जयनाथ पुत्र रामरेखा साकिनान खड़ीचा परगना को0शर्की, 5-गांवसभा खड़ीचा द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत खड़ीचा परगना को0 शर्की तह0 व जिला बलिया।

वजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक मुकदमा दायर की है जिसमें ता0 पेशी 09.01.2023 नियत की गई है। अत: आप नियत तिथि पर स्वंय अथवा अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें उपस्थित होकर जवाब देही दाखिल करें। उपस्थित न होने की दशा में एक तरफा आदेश पारित कर दी जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
बलिया

# दुकान का शटर चाड़कर आभूषण ले उड़े चोर

जनसंदेश न्यूज

**पुलिस का डर नहीं**

**मौके पर जुटी पुलिस के साथ डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम**

**व्यापारियों में आक्रोश**

**वाराणसी।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में बीती रात चोर आभूषण की दो दुकानों के शटर चाड़कर आभूषण और कैश ले उड़े। शुक्रवार सुबह टहलान पर निकले लोगों ने आभूषण की दुकानों का शटर टूटा देखकर पुलिस और दुकानदारों को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी से इलाके में हडकंप मच गया। सुचना पर पहुंची पुलिस पूछताछ के बाद जांच में जुटी है। मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम भी बुलाई गई। घटना व्यापारियों में आक्रोश है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। लेकिन पुलिस की तरफ से चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही, थानांतर्गत नेवादा चौराहे के पास औसानगंज निवासी बच्चा सेठ की कृष्णानंद ज्वेलर्स और पंचकोशी निवासी दीपक सेठ की शिवम ज्वेलर्स नामक दुकान है। बीती रात चोरों ने एक साथ दोनों दुकानों पर धावा बोला। शटर चाड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी उठा ले गए। एक दुकान की तिजोरी लगभग 100 मीटर दूर क्षतिग्रस्त हाल में मिला। इसके अलावा कमौली गांव नहर के पास आभूषण के खाली डिब्बे और कागजात मिले। एडीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य का कहना है कि लगातार हो रही चोरियों के पीछे एक गिरोह कार्य कर रहा है। इसकी तफ्तीश की जा रही है। सीसी कैमरों के फुटेज को तलाशा जा रहा है। जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा होगा। पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ व्यापारियों ने नेवादा बाजार में धरना दिया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### घटनास्थल के पास मिला कारतूस

नेवादा बाजार स्थित शिवम ज्वेलर्स और कृष्णानंद ज्वेलर्स की दुकानों से कुछ ही दूर कटरे के जाने के लिए बनी सीढ़ी पर चार कारतूस भी मिले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कारतूसों को कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि ये कारतूस चोरों के ही हैं।

# नेताओं की बयानबाजी पर दें स्पष्ट आख्या

**कोर्ट ने कहा**

**अगली सुनवाई अब सात जनवरी को**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर दाखिल वाद में शुक्रवार को एसीजेएम पंचम/एमपी-एमएलए कोर्ट की अदालत में सुनवाई हुई। वादी और उनके अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह, घनश्याम मिश्र ने कोर्ट में कहा कि पुलिस ने जो आख्या भेजी है वो अस्पष्ट है। स्पष्ट आख्या मंगाये जाने की मांग की गई है। उधर शहर मुफ्ती अब्दुल वातिन, इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी की ओर से इसमें अपना पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी, नवीन पांडेय, आसिफ उमर और गुलाम गौस का वकालतनामा दाखिल किया। वादी पक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया। इस मामले में कोर्ट ने चौक थाने स्पष्ट आख्या तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए सात जनवरी की तिथि नियत की गई है। अर्जी पर चौक थाने से आख्या आ गई है मगर उस पर स्पष्ट ये नही दर्शाया गया है कि इस अर्जी के संबंध में मुकदमा दर्ज है कि नही। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि ज्ञानवापी परिसर में नमाजियों की ओर से वजूखाने में हाथ-पैर धोए जाते है और गंदगी फैलाई जाती हैं। जबकि वह स्थान हमारे आराध्य भगवान शिव का है। यह हिंदू समाज के लिए अपमानजनक है। साथ ही सर्वे में मिली शिवलिंग की आकृति को लेकर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। अधिवक्ता ने मामले में ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, कमेटी के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन और बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

### गाली गलौज व धमकी के मामले में सुनवाई टली

वाराणसी। सीजेएम विजय विश्वकर्मा की अदालत में शुक्रवार को गाली गलौज और धमकी देने के मामले में जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ पड़ी अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई एक अधिवक्ता नारायणी शर्मा के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित होने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में शनिवार को सुनवाई होगी। इस मामले में थाने से आख्या मांगी गई है। बता दें कि दिसंबर माह में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण की वादिनी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने कोर्ट में धारा 156 ( 3 ) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। आरोप लगाया कि श्रृंगार गौरी प्रकरण की एक वादिनी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से मुख्यमंत्री को पॉवर ऑफ अटार्नी सौंपने और मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में पहुंचने पर कई बार अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल भी किया गया। महिलाओं व उनके पैरोकारों को गाली-गलौज तक दी जाती है। यह भी आरोप लगाया गया कि नंदी महाराज बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मुकदमे में वाद मित्र सितेंद्र चौधरी से फर्जी तरीके से पॉवर ऑफ अटार्नी अपने हक में करा लिये हैं। वादी महिलाओं ने अदालत से आशंका जताई है कि इस प्रकरण में विसेन के खिलाफ यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह दंगा भी करवा सकते हैं। यह भी आरोप लगाया कि प्रतिवादी के खिलाफ पुलिस को भी प्रार्थनापत्र दिया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई तब महिलाओं ने कोर्ट से मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।

# नगवां चौकी प्रभारी पर परिवाद दर्ज करने का आदेश

वाराणसी। अपर सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट (षष्ठम) की अदालत ने दुकान में घुसकर मारपीट करने के मामले में शुक्रवार को तत्कालीन चौकी प्रभारी नगवां अजय वर्मा के खिलाफ परिवाद दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।प्रकरण के अनुसार कृष्ण नगर कॉलोनी, लंका निवासी विवेकानंद सिंह यादव ने अपने अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व चंद्रबली पटेल के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि उसके मां के नाम से सामनेघाट में एक बीयर की दुकान हैं, जिसका संचालन प्रार्थी के बड़े भाई हेमंत सिंह यादव करते है। बीते आठ अक्टूबर की रात्रि लगभग साढ़े 11 से 12 बजे के मध्य उसका कर्मचारी खाना खाकर दुकान में सोने जा रहा था, उसी दौरान तत्कालीन चौकी प्रभारी नगवां अजय वर्मा के साथ वहां पहुंचे और दुकान खोलने का दबाव डालने लगे। कर्मचारी द्वारा रात में दुकान खोलने से मना करने पर बगल में स्थित मटन शॉप की दुकान में लगी जाली के सहारे छत के माध्यम से दुकान में घुस आए। उसके बाद उन लोगों ने कर्मचारी को गालियां देने के साथ 30 हजार रुपए सुविधा शुल्क मांगने लगे। जब उसने मना किया तो वह उससे मारपीट करने लगे। बॉक्स से जबरजस्ती 98 हजार रुपए छीन लिए।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल 2018 अनुक्रमांक 3318186 व इंटरमीडिएट 2020 अनुक्रमांक 1969770 प्रमाण पत्र सह अंकपत्र खो गया है। सदानंद पुत्र हरिन्द्र राम ग्राम+पोस्ट-बांसगांव तरवा, तहसील मेहनगर, जिला आजमगढ़, पिन-276126।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध श्री वशिष्ठ महाविद्यालय बघरी, जमानियां गाजीपुर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में भूगोल में तीन, गृह विज्ञान में तीन तथा समाजशास्त्र में दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। उक्त विषय में एक-एक अतिरिक्त यूनिट की मान्यता हेतु। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0वि0 परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में भेजें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी। **प्रबंधक**

# कार में डंपर ने मारी टक्कर



**वाराणसी।** चौबेपुर क्षेत्र के शाहपुर गांव के पास शुक्रवार की सुबह ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार सवार तो बाल-बाल गए लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि उन्हें हल्की चोटें आईं। दोनों वाहन वाराणसी से गाजीपुर की तरफ जा रहे थे। डंपर पर नंबर प्लेट नहीं लगा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। सारनाथ निवासी डॉ. आरएन मिश्रा (50) और गौतम मऊ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार पलटने से बची। घटना के बाद कार से उतरे डॉ. के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उनकी रूह कांप गई थी। भगवान ने उनकी जान बचाई। दोनों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

# वर्दीधारियों ने लूट लिए रुपये

जनसंदेश न्यूज

**ये है हाल**

**ट्रक चालक से चेकिंग करने के बहाने मारपीट कर वारदात को दिया अंजाम**

**वाराणसी।** मोहनसराय पुलिस चौकी के पास पंजाब के ट्रक चालक की पिटाई कर बदमाशों ने एक लाख 11 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस की वर्दी पहने बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

ट्रक मालिक ने बुधवार की रात रोहनिया थाने में लूट, मारपीट और धमकी समेत अन्य आरोपों में एक नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ट्रक मालिक का आरोप है कि रोहनिया व मोहनसराय चौकी पुलिस ने इस मामले में चार दिन तक दौड़ाया। ट्रक मालिक बलवीर सिंह ने पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन से शिकायत की जिनके आदेश पर थाने में अज्ञात के खिलाफ लूट धमकी मारपीट में मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार पंजाब के रूपनगर किरतपुर साहिब शाहपुर बेला निवासी बलवीर सिंह का ट्रक चालक रविंद्र सिंह व खलासी जरनैल सिंह के साथ बीते माह 18 दिसंबर को मोहनसराय बाईपास पर पहुंचा था, मोहनसराय पर तीन वदीर्धारियों के साथ तीन अन्य ने ट्रक को रोककर तलाशी ली और कागजात दिखाने को लेकर मारपीट कर मोहनसराय चौकी ले गए, जहां तलाशी में मादक पदार्थ मिलने का आरोप लगाते हुए केबिन में रखें 1,11000 रुपये लूट लिए ।

बलवीर सिंह का कहना है कि मामले की शिकायत करने रोहनिया थाने पहुंचे तो उन्हें भगा दिया गया। एडीसीपी वरुणा जोन मनीष शांडिल्य व एसीपी रोहनिया विदुष सक्सेना ने कहा सभी एंगलों से जांच की जा `रही है।



# वाराणसी भारत





# दिन में राहत, लेकिन शाम ढलते ही आफत

## हाड़ कंपाने वाली ठंड से अभी निजात मिलने की संभावना नहीं

**मौसम**

**पछुआ हवा के रूप में बर्फीली हवाएं ढा रहीं लोगों पर सितम**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सर्द मौसम का कहर लगातार जारी है। सर्दी के सितम से फिलहाल छुटकारा मिलने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। हालांकि शुक्रवार को दिन में धूप निकली तो लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली। लेकिन अपराह्न बाद शाम ढलते ही गलन बढ़ने और सर्द हवाओं के चलने से शीतलहरी ने समूचे शहर और देहात क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया। ऐसे में बदन को भेंदती बर्फीली हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंडक काफी बढ़ा दी है। पछुआ हवा के रूप में वाराणसी में बफीर्ली हवा आ रही है। लोगों की रूह कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। सर्द मौसम के कहर के बीच करीब छह दिन बाद शुक्रवार को धूप खिली तो लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई। छतों और घर के बाहर धूप का आनंद लेते लोग दिखे। गंगा घाटों और गंगा पार रेती पर भीड़-भाड़ नजर आयी। मगर, शाम ढलने के बाद ठिठुरन इतनी ज्यादा हुई कि लोग जहां-तहां बैठे-बैठे कांपते नजर आए। पक्के महालों, घाटों, गलियों और बहरी अलंग में लोग गलन के मारे बेहाल हैं। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस था तो न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहा। पछुआ हवा के रूप में बर्फीली हवाएं लोगों पर सितम ढा रही है।

## ठंड से बीमार पांच दर्जन मरीज पहुंचे अस्पताल

**वृद्ध की मौत, दो अज्ञात व्यक्ति भर्ती**

वाराणसी। ठंड से बीमार पांच दर्जन मरीज शुक्रवार को मण्डलीय पहुंचे। इनमें दस मरीज भर्ती कराये गये हैं। जबकि यहाँ भर्ती एक वृद्ध की मौत हो गयी। दो अज्ञात वृद्ध बेहोशी की हालत में भर्ती कराये गये। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। कड़ाके की पड़ रही ठंड के चपेट में आने से पेट दर्द, कोल्ड डायरिया, सर्दी-जुकाम, सांस फूलने की शिकायत लेकर शुक्रवार को मण्डलीय अस्पताल के बहिरंग विभाग में दो दर्जन बच्चों समेत पांच दर्जन से ज्यादा लोग पहुंचे। इनमें श्रेयांश, शैलेन्द्र, हौसिला प्रसाद, अजय, गुलाम कादिर, रंजीता, माया समेत दस मरीज भर्ती कराये गये। जबकि कैंट स्टेशन के सामने से बीते गुरुवार को मण्डलीय अस्पताल में गम्भीर हालत में भर्ती कराये गये मऊ जिले के कोतवाली क्षेत्र निवासी काशी नरेश 65 की शुक्रवार को मौत हो गयी। आशंका है कि ठंड की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। उधर महिला अस्पताल में आज सुबह ठंड से अचेत होकर कांप रहे 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को एम्बुलेंस कर्मियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह दशाश्वमेघ घाट पर ठंड से कांप रहे 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने बेहोशी की हालत में मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

## नहीं जले अलाव, ठिठुरते रहे लोग

**तरना।** हांड कपकपा देने वाली ठंड का प्रकोप लगातार जारी है, लेकिन ठंड से बचने के लिए कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं दिखाई दे रहा। शुक्रवार को भी नगर निगम की तरफ से अलाव जलाने के लिए लकड़ी की कोई व्यवस्था नही की गई। विगत एक सप्ताह से कड़ाके की सर्दी की चपेट में पूरा शहर है। सर्द हवाएं अलग कहर बरपा रही हैं। राहगीर, दुकानदार और सड़क किनारे गुजर-बसर करने वाले लोग ठंड से बेहाल अलाव ढूंढ रहे हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन की तरफ से अब भी शिवपुर क्षेत्र में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई। सर्द मौसम की मार में बेबस लोगों के लिए अलाव ही एकमात्र सहारा होता है। इसकी व्यवस्था न होने से लोगों में जनप्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन के प्रति खासी नाराजगी नजर आयी।

# ठंड से ठिठुरीं मंडियां और ग्राहकी नदारद

जनसंदेश न्यूज

**सर्दी का साइड इफेक्ट**

**सामान्य दिनों की तुलना में बिक्री में आयी है 40 फीसदी तक गिरावट**

**लाई-चूड़ा-तिलकूट, फास्ट-फूड की दुकानों पर ही नजर आ रही भीड़**

**वाराणसी।** शीतलहरी के कहर से पब्लिक ही नहीं मंडियां भी ठिठुर गयी है। तापमान में आयी गिरावट और सर्द हवा के थपेड़ों के बीच ग्राहकी नदारद है। आढ़तियों की बात हो या फिर थोक विक्रेताओं की। कारोबार के लिहाज से बीते कुछ दिनों से उनका समय कष्टकारी गुजर रहा है। अलाव या फिर बोरसी में आग तापते इन लोगों ने बताया कि इन दिनों तो खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। अलबत्ता ऊलेन बाजार में गरमाहट है।

शुक्रवार को दिन में सूरज देवता के दर्शन तो हुए, लेकिन शाम ढलने के बाद दुकानदारी के समय ठंड सितम ढाने लगा। कोहरे का प्रकोप भी बरकरार है। रही-सही कसर ठंडी हवाओं के झोकों ने पूरी कर दी। विशेश्वरगंज में गल्ला मंडी हो या फिर दलहन, तिलहन, गुड़हट्टा समेत घी-तेल, आटा-मैदा-सूजी, किराना आदि की मंडी। थोक विक्रेताओं आदि की माने तो मंडियों में वैसे भी ग्राहक दोपहर बाद निकलते थे और शाम तक मंडी में सन्नाटा छा जाता था। इन दिनों तो मंडी ही दोपहर में खुल रही है और तब भी ग्राहकी नदारद रहती है। जो भी ग्राहक आ रहे हैं, लोकल है। ऐसे में कारोबार 40 फीसदी तक डाउन हुआ है। रोजमर्रा के खर्च निकालना तक मुश्किल हो गया है। टर्नओवर पर भी प्रभाव पड़ा है। माल की माल न बिकने पर देशावर मंडियों का भुगतान भी समय पर करने में दिक्कतें आ रही है। इसके चलते नये माल की बुकिंग भी नहीं हो पा रही।

आढ़तियों का कहना है कि सामान्य दिनों में रात 10 बजे तक गुलजार रहने वाली मंडियों में इन दिनों रात आठ बजते-बजते सन्नाटा पसर जा रहा है। दिन का अधिकांश समय आग तापते ही बीत जाता है। अलबत्ता लाई-चूड़ा, तिलवा-तिलकूट समेत फास्ट-फूड की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आ रही। ऊलेन वस्त्रों की बिक्री का पारा अचानक चढ़ने से कारोबारियों के चेहरे खिले दिखे। मैदागिन, गोदौलिया, दशाश्वमेध, नयी सड़क, लहुराबीर, मलदहिया, मंडुवाडीह, अर्दली बाजार, पांडेयपुर आदि इलाकों में खुले ऊलेन वस्त्रों के प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों को भारी भीड़ उमड़ी। पटरियों पर लगे 'उतरन बाजार' में सर्वाधिक भीड़ दिखी।

# रैन बसेरों में गीजर, ब्लोअर और टीवी

**आराम का इंतजाम**


**23 स्थानों पर बनाए गए 889 बिस्तरों की व्यवस्था वाले रैन बसेरे**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** सरकार की ओर से गरीबों के लिए बनाया गया रैन बसेरा किसी 5 स्टार होटल से कम नहीं है। बसेरे में गीजर, ब्लोअर और टीवी की व्यवस्था की गई है। कुछ रैन बसेरों को महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग बनाया गया है। वहीं कई रैन बसेरों में फैमिली के रुकने की भी व्यवस्था की गई है। शहर में 23 रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है।

अपर नगर आयुक्त दुष्यंत कुमार ने बताया कि शहर में संचालित 23 रैन बसेरे में 889 बिस्तर लगे हैं। इसमें 12 स्थाई और 11 अस्थाई रैन बसेरे बने हैं, जिसमें 2 पुरुष और 2 महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि दो आश्रय स्थल में परिवार के रोकने के लिए अलग से केबिन बना है। इसके साथ ही रैन बसेरा में शौचालय, गरम पानी का मशीन व ठंड से बचाव के लिए ब्लोअर भी लगा है। बताया कि शेल्टर होम में कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। साथ ही सैनिटाइजर, रजाई, गद्दा, कंबल सभी को मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही तीन शेल्टर होम में टेलीविजन की भी व्यवस्था है। वहीं बाहर से आ रहे यात्रियों को रैन बसेरों की जानकारी देने के लिए निगम प्रचार प्रसार भी कर रहा है।



# शिवपुर में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, 15 पर मुकदमा दर्ज

**चेकिंग अभियान**

**बिना कनेक्शन के डायरेक्ट बिजली जलाते पांच लोग पकड़े गये**

**अभियान के दौरान कई लोग मकान और दुकान बंद कर खिसक लिए**

**तरना।** बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिवपुर क्षेत्र में शुक्रवार को बिजली चोरों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 15 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए, जिनके खिलाफ बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। इस दौरान क्षेत्र में चोरी से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मच गया। कई लोग तो अपनी दुकान या मकान बंद कर फरार हो गए।

उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि भवानीपुर, छतरीपुर, भेलखा और कांशीराम आवास में चेकिंग के दौरान बिना कनेक्शन लिए ही डायरेक्ट बिजली जलाने वाले पांच लोगों को पकड़ा गया। साथ ही 10 ऐसे उपभोक्ता भी मिले, जिनकी बिजली बिल बकाए पर कनेक्शन की लाइन काट दी गई थी, जो बिल का भुगतान किए बिना ही चोरी से बिजली जला रहे थे। इन लोगों के खिलाफ भी धारा 135 एवं धारा 138बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विभागीय कर्मचारियों ने अवैध कनेक्शन केबिलों को उतरा। वहीं चेतावनी भी दिया कि बिना कनेक्शन के कोई भी बिजली जलाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया जाएगा। चेकिंग अभियान में अवर अभियंता शमीम अंसारी, जफर इकबाल के साथ विभागीय कर्मचारी भी शामिल रहे।



शिवपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बकायेदारों के कनेक्शन काटते विद्युतकर्मी

# डा. दयाशंकर मिश्र ने किया विशिष्टजनों का सम्मान

**चेकिंग अभियान**

**मानस मुक्ता पुस्तक का हुआ लोकार्पण**



विशिष्टजनों का सम्मान करते दयालु

**वाराणसी।** सामनेघाट स्थित एक स्कूल में शुक्रवार को सप्तम शब्दात्मिका सम्मान समारोह 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुष राज्य मंत्री ,स्वतंत्र प्रभार, उत्तर प्रदेश डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने नगर के विभिन्न विधाओं के सम्मानित लोगों को शब्दात्मिका सम्मान से सम्मानित किया। ख्यातिलब्ध कवयित्री डॉ मंजरी पांडेय को शब्दात्मिका काव्य गौरव सम्मान, वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र वाजपेयी को शब्दात्मिका गीत गौरव सम्मान, बालमुकुंद त्रिपाठी को शब्दात्मिका नाट्य गौरव सम्मान, विजय प्रकाश मिश्र को शब्दात्मिका योग सुधा सम्मान तथा अनिल कुमार सिंह को शब्दात्मिका पर्यावरण प्रहरी सम्मान 2023 प्रदान किया गया।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक हास्य-व्यंग कवि डॉ नागेश शांडिल्य ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ जयप्रकाश मिश्र रहे। अध्यक्षता साहित्य भूषण पंडित हरिराम द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ सरोज कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम में पंडित राधेश्याम चतुर्वेदी की पुस्तक 'मानस मुक्ता' का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर युवा कवि रत्नेश चंचल, श्रीमती प्रियंका सिंह, डॉ शैलेश द्विवेदी, आशीष अविरल चतुर्वेदी तथा डॉ धर्मप्रकाश मिश्र ने काव्य पाठ भी किया।

## अतिक्रमण हटाकर वेंडिंग जोन को किया व्यवस्थित

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा शुक्रवार को कबीर चौरा स्थित मंडलीय अस्पताल के सामने वेंडिंग जोन और विशेशवरगंज फलमंडी को व्यवस्थित किया गया। वहीं पर सरकारी देसी शराब की दुकान पर छापा मारकर लगभग आधा कार्टून प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास जब्त कर दुकानदार को जुमार्ना भी किया गया। प्रह्लाद घाट से तेलिया नाला घाट, सक्का घाट से नंदेश्वर घाट होते हुए गोला घाट तक अस्थाई अतिक्रमण (काउन्टर, चौकी, झुग्गियाँ और चूल्हे इत्यादि ) हटवाकर घाटों को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया, निषादराज की मूर्ति की स्थापना के रुकावट के संबंध में अतिक्रमण प्रभारी अमित शुक्ला के निदेर्शानुसार पर तेलियाना नाला पर गुमटी, तिरपाल,पन्नी, चौकी आदि सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाकर घाट को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया, चौकाघाट बस स्टैंड और वेंडिंग जोन को व्यवस्थित किया गया। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण न करने और गंदगी न फैलाने के लिए सूचना प्रसारित की गई, अभियान के दौरान कुल जुमार्ना राशि 8100 रुपया वसूल किया गया।

# धान क्रय केंद्रों पर किसानों को न हो कोई समस्या



कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने शुक्रवार को मंडल में चल रही धान खरीद की समीक्षा बैठक की

**मीटिंग**

**कौशल राज शर्मा ने की मंडल में धान खरीद की समीक्षा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने निर्देश दिया है कि धान क्रय केंद्र पर अपनी उपज बेचने वाले किसानों का भुगतान हर हाल में 48 घंटे के भीतर कराया जाय। इस बारे में कृषकों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। धान खरीद का तय लक्ष्य समय में पूर्ण हो। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री शर्मा शुक्रवार को अपने अनुश्रवण कक्ष में धान खरीद की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्हें बताया गया कि मंडल में अब तक टार्गेट का 51.3 प्रतिशत यानि कुल 347875 एमटी खरीद हुई है। वाराणसी जिले में लक्ष्य के सापेक्ष अबतक हुई 45.36 फीसदी खरीद पर कमिश्नर ने खरीद की रफ्तार और बढ़ाने पर बल दिया। मीटिंग में चंदौली में खरीदे गये धान चावल मिलों को भेजने की प्रक्रिया सबसे कम (58.7%) पायी गयी। जबकि मंडल से सभी जनपदों को मिलाकर खरीदी गयी धान का राइस मिलों को भेजने की स्थिति 70.53 प्रतिशत रही।

इस पर श्री शर्मा ने चंदौली के जिला खाद्य विपणन अधिकारी और जिला एवं क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ इस कार्य में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिये। अफसरों ने कम धान प्रेषण का कारण यह बताया कि चावल मिलों से सीएमआर का उतार भारतीय खाद्य निगम डिपो में काफी कम हो पा रहा है। फलस्वरूप राइस मिलों पर ऑनलाइन धान प्रेषण बाधित है। इस पर श्री शर्मा ने आवश्यक निर्देश दिये। मीटिंग में संभागीय खाद्य नियंत्रक राजीव कुमार मिश्र, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी अशोक कुमार पाल समेत अन्य अफसर थे।

# 'बाबा' के दरबार में लंबी कतार से भक्तों को दिक्कत का करें समाधान

**बैठक**

**जिलाधिकारी ने नगर के प्रमुख स्थलों की समस्याओं के बारे में अफसरों को दिये निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी एश. राजलिंगम ने शुक्रवार को बैठक कर विभिन्न समस्याओं की समीक्षा की

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने सार्वजनिक स्थलों पर उत्पन्न समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कराने के लिए शुक्रवार को विभागीय अफसरों के साथ सर्किट हाउस सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान करना है। घाटों पर उचित साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, संकेतक तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का उचित प्रबंधन हो। उन्होंने रत्नेश्वर महादेव मंदिर की साफ-सफाई कराने तथा मणिकर्णिका घाट पर फैल रही गंदगी की उचित व्यवस्था कराने को कहा। मीटिंग में जिलाधिकारी ने रामनगर के कच्चे घाट की साफ-सफाई की व्यवस्था करने, रविदास घाट पर गंगा में मिलने वाले नाले को बंद कराने, लंका, अर्दली बाजार, कचहरी, नक्खीघाट आदि जगहों पर लगने वाले जाम के संबंध में उचित व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने शहरी क्षेत्र में खराब हाई मास्क लाइट तत्काल दुरुस्त कराने, काशी विश्वनाथ मंदिर में लंबी कतार के चलते श्रद्धालुओं को होने वाली समस्या का समाधान करने और श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये।

श्री राजलिंगम ने मंदिर के हेल्प डेस्क पटल पर कर्मचारियों को उचित व्यवहार करने को कहा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेलीफोन नंबर व सामान्य जानकारी प्रचारित करने पर जोर दिया।

## मूक-बधिर बच्चों को ठीक करने को छह लाख की सर्जरी मुफ्त

**वाराणसी।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से कराए जाने वाले कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी स्कीम का लाभ पांच साल तक की उम्र के सुनने-बोलने में असमर्थ दिव्यांग बच्चों को दिया जाता है। जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार की दिव्यांगता दूर करने के लिए महकमे की ओर से प्रति बच्चे के इलाज पर छह लाख रुपये खर्च किये जाते हैं। इस प्रकार की समस्या से पीड़ित किसी बच्चे का कॉक्लियर इंप्लांट सर्जर करानी है तो विकास भवन स्थित विभागीय कार्यालय से संपर्क कर आवेदन किया जा सकता है। ऐसे दिव्यांग बच्चों का चिह्नित अस्पताल में शुरुांती परीक्षण के बाद इस सर्जरी के लिए उपयुक्त पाए जाने पर उस बच्चे की सर्जरी मुफ्त करायी जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबतक छह ऐसे बच्चों का उपचार सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। आवेदन के लिए श्रवण बाधित बच्चे का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, अभिभावक का आय प्रमाण-पत्र, बच्चे के माता-पिता का आधार कार्ड और दोनों का वोटर आईडी एवं मोबाइल नंबर देना होगा।


**प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा**

अवतरण 3 जून 1928



अवसान 7 जनवरी 2023

प्रो० पूर्णमासी राय

कार्यक्रम स्थल-हरिहर राय इण्टर कालेज, कमालपुर, 7 जनवरी 2023 दोपहर 12 बजे

प्रो0 पूर्णमासी राय (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष, मगध विश्वविद्यालय बोधगया बिहार) के निधन पर हिंदी साहित्य जगत को एक अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने अपनी रचनाओं से भक्ति साहित्य को समृद्ध किया, काव्यशास्त्र और भाषा विज्ञान पठन-पाठन की सरस शैली विकसित की। दुर्लभ रचनाओं की खोज कर और अनोखे विषयों पर लेखनी चलाकर हिन्दी जगत को अमूल्य योगदान दिया। आचार्य द्विवेदी के सानिध्य में भारतीय संस्कृति और मूल्यों की विशद समीक्षा करते हुए जनसामान्य को जीवन का पाठ पढ़ाया। साथ ही अपने जीवन में मनुष्यता, सदाचार, सौहार्द, सादगी जैसे विविध मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर उन्होंने आदर्श के नूतन प्रतिमान स्थापित किए। निश्चय ही उनका व्यक्तित्व और कृतित्व पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। पूरा परिवार ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र को खोकर मर्माहत है और उनकी पहली पुण्यतिथि पर अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

शोकाकुल परिवार - डा० हरेन्द्र कुमार राय, डा० राधेश्याम राय, धर्मनाथ राय, डा० रामराज राय, डा० रामप्रताप राय, डा. बालकृष्ण राय, लोकेश राय एवं समस्त परिवार

ग्राम- पिपरी, वि०ख०-बरहनी, चंदौली



रिटेल डायरेक्टरी






# पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

**गंगा स्नान**

### मास पर्यन्त तक चलने वाला माघी स्नान प्रारंभ

### ठंड के बावजूद श्रद्धालु पहुंचे गंगा घाट

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को पुण्य की डुबकी के साथ माघ पर्यंत स्नान-दान समेत अन्य अनुष्ठान का आरंभ हो गया। कड़ाके की ठंड के कारण स्नानार्थियों की संख्या भले कम रही हो लेकिन दशाश्वमेध, पंचगंगा, अस्सी समेत घाटों पर दृश्य विभोर करने वाला रहा। गंगा में पुण्य की डुबकी के साथ माघ पर्यंत स्नान-दान, जप, व्रत, नियम, संयमादि का आरंभ हो गया। ये विधान माघ पूर्णिमा यानी पांच फरवरी तक चलेंगे। माघ मास में ब्रह्म मुहूर्त में गंगा, नर्मदा, यमुना में स्नान करने से पापों का क्षय होता है। इस माह में दान-पुण्य, रोगियों, निशक्तों की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं।

इस विशेष स्नान अनुष्ठान के लिए अलसुबह से ही श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचे। स्नान-दान के साथ ही यहां से ही प्रयागराज समेत तीर्थों का ध्यान किया। कड़ाके की ठंड के कारण स्नानार्थियों की संख्या भले कम रही हो लेकिन दशाश्वमेध, पंचगंगा, अस्सी समेत घाटों पर दृश्य विभोर करने वाला रहा।

मोक्ष प्रदान करने वाला माघ स्नान, पौष पूर्णिमा से आरंभ होकर माघ पूर्णिमा को समाप्त होता है। माघ का स्नान पौष शुक्ल पूर्णिमा छह जनवरी प्रारंभ होकर माघ शुक्ल पूर्णिमा पांच फरवरी को पूर्ण होगा। माघ का पूरा माह पवित्र नदियों में स्नान, दान, पुण्य के लिए शुभ होता है। शास्त्रों में तीन माह पर्यंत नित्य स्नान दान का विधान है। उधर, गंगा जल की निर्मलता और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौष पूर्णिमा पर अभियान चलाया गया। नमामि गंगे व 137 बटालियन सीआरपीएफ, प्रादेशिक सेना गंगा टास्क फोर्स ने शुक्रवार सुबह दशाश्वमेध, प्रयाग, आरपी घाट पर जगह-जगह फेंके गए कूड़े-कचरे को साफ किया। घाटों पर श्रमदान के बाद पर्यटकों और आम लोगों को गंगा और घाटों को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई।

# टीबी रोगियों के लिए वरदान साबित हुए निक्षय मित्र

**व्यवस्था**

### सितंबर 2022 से अब तक 3864 टीबी ग्रसित वयस्क लिए गए गोद



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक संस्थाएं, विभिन्न संगठन और व्यक्तिगत तौर पर लोग टीबी ग्रसित मरीजों की मदद को आगे आकर स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर काम करने को तैयार हैं। इसी के तहत पिछले साल सितंबर में निक्षय मित्र की मुहिम शुरू हुई थी, जिसका जनपद में सकारात्मक परिणाम दिख रहा है। जनपद में वर्तमान में 189 निक्षय मित्र क्षय रोगियों के उपचार और पोषण में सहयोग कर रहे हैं। इन निक्षय मित्रों ने सितंबर 2022 से अब तक 3864 वयस्कों को गोद लिया है जोकि उपचार पर हैं।

क्षय ग्रसित बच्चों को गोद लेने की पहल जनपद में वर्ष 2019 में हुई थी, तब से अब तक 18 वर्ष तक के 1842 बच्चों को गोद लिया गया, जिसमें 1573 बच्चे स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 269 बच्चे उपचार पर हैं। *मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ पीयूष राय सहित विभाग के कई अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी भी क्षय रोगियों को गोद लेकर उनकी मदद कर रहे हैं। सीएमओ का कहना है कि टीबी रोगियों के लिए दवा के साथ-साथ प्रोटीनयुक्त पोषक आहार का सेवन बहुत ही जरूरी होता है।

धन के अभाव में बहुत से टीबी रोगी पोषक खाद्य पदार्थो का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। इस कार्य में निक्षय मित्र भरपूर सहयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए सभी के साझा प्रयास की बड़ी जरूरत है।

## संक्षेप

### चिकित्सालय के स्थान के लिए लिखा पत्र

**वाराणसी।** चौकाघाट स्थित सीएचसी के एक छोटे से कमरे में संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के लिए उपयुक्त स्थान देने की मांग को लेकर जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. रचना श्रीवास्तव ने प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु को पत्र लिया है। पत्र में डॉ. रचना ने कहा है कि शासन के आदेश के बाद राजघाट के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्साल को चौकाघाट सीएचसी में शिफ्ट कर दिया गया, तत्कालीन मुख्य चिकित्सधिकारी ने कहा था कि अभी चिकित्सालय को संचालित किया जा रहा है कुछ दिनों बाद इसे एक बड़े से कमरे में शिफ्ट कर दिया जायेगा, लेकिन वर्ष 2019 के बाद अभी तक इसी छोटे से कमरे में यह चिकित्सालय संचालित है। जोड़ों के दर्द व बुजुर्ग मरीजों के लिए सीढ़ी चढ़ना मुश्किल हो जाता है। इस कारण बहुत से मरीज होम्योपैथिक की दवा से वचित हो जाते हैं। आयुष मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि पत्र उन तक प्रेषित कर दिया गया है जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा।

### असहायों में वितरित हुआ कंबल

**वाराणसी।** काशी रानियार वैश्य समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष के भाँति इस वर्ष भी कड़ाके की अतयंत ठंड को देखते हुए सामने घाट स्थित अपना घर आश्रम में राजकिशोर राजेयार (अध्यक्ष) एवं महासचिव विनोद कुमार रौनियार के नेतृत्व में गरीबों में कंबल का वितरण किया गया। अपना घर आश्रम गरीब, असहाय, निराश्रित व बेहद जरूरतमंदों के लिए सेवा कार्य करती है। इस अवसर पर विनोद कुमार, सुरेश रोनियार, मोहन जी मिपार, अजय रामियार, राधेश्याम रामियार, नीरज रौनियार आदि थे।

### केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत

**वाराणसी।** जैन समाज के लोगों ने शुक्रवार को मैदागिन स्थित दिगंबर जैन मंदिर में बैठक कर केंद्र सरकार फैसले का स्वागत किया। दिगंबर जैन महासमिति के वाराणसी समाज के अध्यक्ष डॉ के के जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव के झारखंड सरकार को श्री सम्मेद शिखरजी के पवित्रता एवं उसकी आस्था को यथावत बनाए रखने तथा वहां किसी प्रकार का मांस एवं शराब तथा अन्य वस्तुएं जो आस्था और पवित्रता को चोट पहुंचाती हैं उसे निषेधित एवं प्रतिबंधित रखने का आदेश जारी किया है। इस निर्णय से जैन समाज मे काफी हर्ष और उल्लास रहा। बैठक मे दीपक जैन, विजय जैन, राकेश जैन, अरुण जैन, प्रदीप जैन आदि थे।

### एक दर्जन विद्यार्थियों का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

**वाराणसी।** विधि संकाय-बीएचयू के लगभग एक दर्जन से ज्यादा छात्रों ने उच्चत्तर सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की तरफ से आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर (सहायक आचार्य) पद पर हुए साक्षात्कार में सफलता हासिल की है। सफल हुए विद्यार्थियों में अजय कुमार प्रजापति, रश्मि साहू, अमित कुमार, निखिल कुमार, आदित्य कुमार सिंह, अमनदीप, काजल, अजीत गुप्ता, शिव शंकर सरोज, प्रदीप कुमार दीक्षित, पुष्पेन्द्र, शम्भू कुमार आदि शामिल है। संकाय प्रमुख प्रो. अजय कुमार व छात्र सलाहकार डॉ. विजय कुमार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दिये।

### नंद महोत्सव की लीला से भक्त भावविभोर

**वाराणसी।** भारत भारती परिषद वाराणसी के तत्वाधान में अग्रवाल भवन आसभैरव में संचालित कथा में शुक्रवार को नंद महोत्सव प्रसंग पर सभी भक्तजन भावविभोर रहे। वृंदावन धाम से पधारे पं संजय कृष्ण ने संगीतमय पाठ से किया-प्रभु जी लागी लगन मत तोड़ना, प्रीति उगाई मैने तेरे नाम की मेरे भरोसे आदि सुनाया। स्वागत संस्था के अध्यक्ष अशोक बल्लभ दास व दिनेश यादव, राम नारायण यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आलोक अग्रवाल ने दिया। कथा में उषा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, डॉ जयशंकर जय, बालकृष्ण दास, राजेश यादव, प्रेमशंकर सिंह दीपेश चंद्र चौधरी, किशन जायसवाल आदि मौजूद थे।

### माता पिता बच्चों को बनाए संस्कारवान

**वाराणसी।** हर माता-पिता अपनी संतानों को अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। उनके अंदर मानवीय गुणों व मुल्यों को विकसित करने के लिए अच्छे संस्कार व शिक्षा दें। जिससे वह परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम योगदान दे सकें। उक्त विचार स्वामी अमरेश्वरानन्द ने मदरवां (मुरारी चौक) सामनेघाट कामदगिरि वाटिका में चल रही श्रीमदभागवत कथा में व्यक्त किये। कहा कि श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। वैराग्य मानव को ज्ञानी बनाता है। प्रारम्भ में व्यास पीठ का पूजन सतीश कुमार व शरद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव अनिल तिवारी सहित काफी लोग मौजूद थे।

### एफपीओ को दिया प्रशिक्षण

**काशी विद्यापीठ।** चांदपुर क्षेत्र के कलेक्ट्री फार्म स्थित कृषि भवन सभागार में शुक्रवार को कृषक उत्पादक संगठनों यानि एफपीओ को 'यूपी शक्ति' पोर्टल पर ब्योरा दर्ज करने की ट्रेनिंग दी गयी। कृषि विभाग लखनऊ की टेक्नीकल सपोर्ट टीम ने यह प्रशिक्षण दिया। ताकि एफपीओ के जुड़े किसानों को उनके उत्पाद को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजर उपलब्ध हो सके। मौके पर अश्वनी कांत पांडेय, ईला सिंह, प्रदीप कुमार, सुदीश कुमार, साइबल पाल, पदमांक जानी, अजय सिंह आदि भी थे।

### बैरवन में किसान महापंचायत कल

**रोहनिया।** मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना को लेकर शुक्रवार को किसान संघर्ष समिति ने बैरवन में बैठक की। समिति के संरक्षक नेता विनय शंकर राय 'मुन्ना' ने आरोप लगाया कि मुट्ठीभर ट्रांसपोर्टरो के दबाव में आकर जिला प्रशासन किसानों के बातचीत किये बगैर दोबारा इस योजना को अमली जामा पहनाने में जुट गया है। बैठक में तय किया गया कि इस मुद्दे को लेकर आगामी रविवार दोपहर 12 बजे बैरवन में किसान महापंचायत होगी। मीटिंग में मेवा पटेल, दिनेश तिवारी, छेदी पटेल, विजय नारायण वर्मा, विजय गुप्ता, रामधनी पटेल, प्रेम शाह, लालजी पटेल, डॉ. मन्ना पटेल समेत अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### चार दिनी बैलून फेस्टिवल 17 से

**वाराणसी।** बीते साल की तरह इस बार भी जनपद में बैलून फेस्टिवल का आयोजन होगा। आगामी 17 से 20 जनवरी तक होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान बोट रेस के कार्यक्रम भी होंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार दिनी बैलून फेस्टिवल का खाका तैयार कर लिया गया है। गत वर्ष की तरह इस बार भी इस आयोजन को पूरी भव्यता के साथ कराया जाएगा। दूसरी ओर, गंगा में बोट रेस के लिए स्टार्ट और एंड प्वॉइंट पर मंथन जारी है। जल्द ही इस बारे में फैसला हो जाएगा।

### समाप्त हुआ महापौर का कार्यकाल

**वाराणसी।** महापौर का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त हो गया। जनके स्थान पर निगम के कार्यों के लिए त्रिसदस्यी समिति गठित की गई, जो शुक्रवार से आने वाले दिनों के लिए निगम के कार्य प्रबंधन को संभालेंगे। इनमें पहले सदस्य के तौर पर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, दूसरे नगर आयुक्त प्रणय सिंह और तीसरे सदस्य के रूप में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल हैं। वहीं 03 अगस्त, 2022 द्वारा सीमा विस्तार कर नगर निगम, वाराणसी में सम्मिलित नगर पालिका रहे रामनगर आदि क्षेत्रों के कार्य में दैनिक कार्यों को संपादित किया जाएगा। इसके अलावा कोई नीतिगत निर्णय नहीं लिया जा सकेगा।

# अफसरों व कर्मचारियों को दी गई ट्रेनिंग



**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन शुक्रवार को संभागीय परिवहन कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों को यातायाता से जुड़े कई बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यालय में कर्मचारी एवं अधिकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ड्राइविंग रेगुलेशन, 2017 एवं मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 के बारे में अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। बताया कि माह पर्यंत चलने वाले इस जागरुकताकार्यक्रम में रोजाना लोगों को सुरक्षित यात्रा व संचालन के प्रति जागरुक किया जायेगा। कार्यक्रम में सर्वेश कुमार चतुर्वेदी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सुधांशु रंजन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), सिद्धु कुमार सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) के अतिरिक्त कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# लापरवाह जीवनशैली व तनाव से घट रहे शुक्राणु

**चूहों पर शोध**

### शोधकर्ताओं का सब-क्रोनिक तनाव व पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य के बीच संबंध पर अध्ययन



**वाराणसी।** नपुंसकता के संबंध में बीएचयू के शोधकर्ताओं ने एक महत्वपूर्ण खोज की है। जीव विज्ञान विभाग-विज्ञान संस्था के डॉ. राघव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सब-क्रोनिक मनोवैज्ञानिक तनाव और पुरुष प्रजनन क्षमता पर इसके प्रभाव पर पीएचडी कर रहे अनुपम यादव ने चूहों पर किए गए अध्ययन में पाया कि सब-क्रोनिक तनाव से ग्रस्त वयस्क चूहों में ऐसे लक्षण विकसित हुए, जो प्रजनन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

शोध दल ने चूहों को 30 दिनों की अवधि के लिए हर दिन डेढ़ से तीन घंटे के लिए सब-क्रोनिक तनाव में रखा और शुक्राणु की गुणवत्ता व मात्रा को मापा। शोधकर्ताओं ने देखा कि दैनिक शुक्राणु उत्पादन में गंभीर गिरावट आई। उन्होंने शुक्राणु में रूपात्मक या संरचनात्मक असामान्यता भी पाई। विशेष रूप से, एपिडीडिमल शुक्राणु (शुक्राणु पुरुष प्रजनन सहायक संरचनाओं में से एक में संग्रहित और परिपक्व होता है, जिसे एपिडीडिमिस कहा जाता है) तनाव के जोखिम से प्रतिकूल रूप से प्रभावित थे। सामान्य शुक्राणु में तीन भाग होते हैं-जिन्हें सिर, गर्दन और पूंछ नाम दिया गया है। अध्ययन ने शुक्राणु की मूल संरचना में असामान्यताएं पाईं, जिनमें सिर की असामान्यता वाले शुक्राणुओं की तुलना में पूंछ असामान्यताओं के साथ शुक्राणुओं की संख्या अधिक थी।

वृषण की आंतरिक संरचना में भी सब-क्रोनिक तनाव के कारण परिवर्तन पाया गया। इससे वृषण में अर्धसूत्रीविभाजन और अर्धसूत्रीविभाजन के बाद जर्म सेल कैनेटीक्स (जर्म कोशिकाओं से शुक्राणु के निर्माण में शामिल प्रक्रियाएं) को बाधित करके दैनिक शुक्राणु उत्पादन भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ। तनाव ने पुरुष हार्मोन (टेस्टोस्टेरोन) संश्लेषण को भी बाधित किया और वृषण में ऑक्सीडेटिव तनाव (हानिकारक अणुओं और एंटी-ऑक्सीडेंट एंजाइमों के बीच असंतुलन) में भी वृद्धि की। यह सब-क्रोनिक तनाव और पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बीच संबंधों का अध्ययन करने वाले कुछ चुनिंदा विस्तृत कार्यों में से एक है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह अध्ययन मनोवैज्ञानिक तनाव और प्रजनन कल्याण के संबंध में विश्लेषण के नए क्षेत्रों के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# कर्मचारी संघ चुनाव के नामांकन की सूची जारी



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मे चल रहे कर्मचारी संघ निर्वाचन में शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई। जिसके बाद उम्मदवारों की वैध सूची जारी की गई। जबकि चार के पर्चे अवैध घोषित किए गए।

निर्वाचन अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार गर्ग ने बताया कि सुबह 11 बजे से अपरांह 2 बजे तक प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसके बाद अपरांह चार बजे जांचकर वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की गयी।

**इलेक्शन**

### प्रबंध मंत्री को छोड़ बाकी के छह मुख्य पद पर दो-दो उम्मीदवार

बता दें कि कुल सात मुख्य पदों में से छह पर दो-दो उम्मीदवार हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए यदुनाथ त्रिपाठी और सुशील कुमार तिवारी (सुनील), उपाध्यक्ष पर अजितेश नाथ द्विवेदी और संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष पर रघुनाथ राम और विजय नाथ, महामंत्री पर प्रदीप कुमार पांडेय और मिथिलेश यादव, कार्यालय मंत्री पर रवींद्र कुमार वर्मा और शिव कुमार के साथ प्रदबंध मंत्री के लिए प्रहलाद का पर्चा वैध हुआ। इनके अलावा 17 कार्यकारिणी सदस्यों का भी पर्चा वैध रहा।

## घनश्याम अध्यक्ष और देवेंद्र महामंत्री बने

**वाराणसी।** बनारसी वस्त्र उद्योग एसोसिएशन के सत्र 2023-24 के लिए चुनाव सम्पन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी नरोत्तम दास अढ़तिया की देखरेख में हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये। इसमें घनश्याम दास गुजराती अध्यक्ष, राजन बहल, राकेश वशिष्ठ, प्रवीन गोयल, मुकुंद अग्रवाल व विरेश शाह उपाध्यक्ष, देवेंद्र मोहन पाठक महामंत्री, गुरूप्रीत रुपानी, पवन मोदी, सचिन रतेरिया, शैलेंद्र रस्तोगी व नवनीत लाल टंडन मंत्री, पंकज शाह कोषाध्यक्ष व दीपक गुजराती सलाहकार अध्यक्ष चुने गये। इसके अलावा योगेंद्र धवन, राजेंद्र मेहरा, गौतम टंडन, अनिल रस्तोगी, विजय कपूर, आलोक पंड्या, राजकृष्ण अग्रवाल, संजय शाह 'लड्डू', शिवभूषण, मुकेश, अमित केडिया, हफीज अहमद, मनीष शाह, रवि कुमार खन्ना, हरविंदर वालिया, सुनील, अतुल, उत्कर्ष, सौरभ जैन, सिद्धार्थ, अनूप, राकेश गुजराती, पंकज कपूर, अमित खन्ना, आकाश सिंघी, पंकज शाह, पवन मेहरोत्रा 'पम्मू', राजेंद्र भागवानी 'राजू', शैलेंद्र शाह, मोहनदास नागपुरी व मुकेश अग्रवाल सदस्य कार्यकारिणी चुने गये।

# एनवाईकेएस से जुड़कर दायित्व समझें युवा



**जनसंदेश न्यूज**

**चांदमारी।** परमानंदपुर स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में नेहरू युवा केंद्र संगठन यानि एनवाकेएस की ओर से आयोजित तीन दिनी युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ।

इस अवसर पर संस्थान के जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार ने कहा कि एनवाईकेएस से जुड़कर युवा अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझें। समाज एवं देश के लिए युवाओं में इसका ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में युवाओं को विभिन्न गतिविधियों और दायित्वों की समझ विकसित करने की जानकारी दी गई। एनवाईकेएस के जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता ने प्रतिभागियों को ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें समेत सर्टिफिकेट आदि दिये। प्रशिक्षक कन्हैया लाल पथिक ने आदर्श जीवन एवं संप्रेषण विधियों के बारे में बताया। आयोजन में ऐश्वर्या मिश्र, अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, सुभाष, इंद्रजीत यादव, रामजी यादव, राजेश कुमार निषाद, शिवप्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार, साधना, कमलेश, रागिनी, रेनू, आराधना, हरिओम पाठक, मुरारी शर्मा, गोविंद आदि की प्रमुख भागीदारी थी।

## रेल कर्मचारियों ने मनाया नव वर्ष

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे मेंस कांग्रेस के वाराणसी मंडल के पदाधिकारियों की ओर से शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों, अधिकारियों से नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के केंद्रीय पदाधिकारी संरक्षक सुभाष दुबे, केंद्रीय अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विजय नाथ ठाकुर समेत तमाम पदाधिकारियों ने सभी का नव वर्ष की बधाई दी। आगामी समय में कर्मचारियों के हित से जुड़े मुद्दो पर संवाद का के लिए भी योजना बनायी। कार्यक्रम का संचालन मंडल मंत्री दुर्गेश पाण्डेय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपीनाथ उपाध्याय ने दिया। इस अवसर पर डी के श्रीवास्तव, राजपति पाल, मनोज कुमार, आदित्य भंडारी, अभिषेक चतुर्वेदी, अभिषेक डूबे, अरविन्द सिंह, शैलेश राय, महेंद्र दुबे आदि थे।

# छाये रहे आवास, पेंशन, राशन व पोषाहार के मुद्दे

**आयोजन**

### ब्लॉकों में ग्राम चौपाल 'गांव की समस्या-गांव में ही समाधान' में अफसरों ने सुनीं समस्याएं-शिकायतें

### काशी विद्यापीठ विकास खंड के छितौनी में कुछ ब्लॉक स्टाफ न पहुंचने पर बीडीओ ने जताया रोष

**जनसंदेश टीम**



जनपद के विकास खंडों में चिह्नित गांवों में आयोजित ग्राम चौपालों में अफसरों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निबटारा किया

**वाराणसी।** शासन की प्राथमिकता में शुमार बीते सप्ताह आरंभ किये गये ग्राम चौपाल 'गांव की समस्या-गांव में ही समाधान' का दूसरा आयोजन शुक्रवार को हुआ। सभी विकास खंडों में चिह्नित गांवों में ग्रामीणों की शिकायतें सुनी गईं। तमाम समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। कुछ समस्याएं ऐसी रहीं जिनके प्रकरण न्यायालय में हैं। सो, ऐसे मामलों में संबंधित ग्रामीण को कोर्ट के फैसला आने तक इंतजार करने की सलाह दी गयी। आवास की मांग कर पात्रता का सत्यापन कर पात्रों को सूचिबद्ध करने के निर्देश दिये गये। कई समस्याओं का निबटारा विभागीय स्तर पर कराने के लिए संबंधित महकमे को वह शिकायतें भेजी गईं।

चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार बेलवरिया में डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर की उपस्थित में चौपाल लगी। मौके पर पेंशन व राशन संबंधी मुद्दा छाया रहा। कुछ वृद्धाओं ने पेंशन न मिलने और पेंशन बंद कर दिये जाने की शिकायत की। कई महिलाओं ने राशन पूरा न मिलने और बालिग हो चुके बच्चों का नाम राशनकार्ड में न जोड़ने का आरोप लगाया। हीं मिलता। काशी विद्यापीठ प्रतिनिधि के अनुसार बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह एवं उपायुक्त मनरेगा करुणाकर अदीब की उपस्थिति में ग्रामीणों ने समस्याएं बतायीं। मौके पर ब्लॉक के कई स्टाफ के न पहुंचने पर खंड विकास अधिकारी ने रोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी के तमाम बच्चों को पोषाहार न दिये जाने, पीएम सम्मान निधि न मिलने, पंचायत भवन में वाईफाई की सुविधा न होने आदि शिकायतें हुईं। रोहनिया प्रतिनिधि के मुताबिक असवारी एवं भीमचंडी में ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में लगी चौपाल राशन कार्ड, विधवा पेंशन और आयुष्मान कार्ड आदि शिकायतों का समाधान किया गया। वहीं, कई महिलाओं ने पात्रता के बावजूद आवास न मिलने की शिकायत की। मिर्जामुराद प्रतिनिधि के अनुसार छतेरी मानापुर में बीडीओ सेवापुरी रमाशंकर सिंह की मौजूदगी में समस्याएं सुनीं गईं।

**शिकायतें और निस्तारण**

आराजी लाइन के भीमचंडी में सभी 29 निस्तारित, असवारी में सभी पांच निस्तारित, बड़ागांव ब्लॉक के कठिरांवमें सभी तीन निस्तारित, कैथोली में पांच में से एक निस्तारित, चोलापुर ब्लॉक के मगरहुआ में आठ में से सात निस्तारित, शहडीह में दस में आठ निस्तारित, हरहुआ के बेलवरिया में दो में से एक निस्तारित, तेवर में एक निस्तारित, काशी विद्यापीठ के छितौनी में 17 में से दस निस्तारित, लखमीपुर में दस में से छह निस्तारित, पिंडरा के गंगापुर में सभी तीन निस्तारित, नेवादा में 16 में से 14 निस्तारित, सेवापुरी की छतेरी मानापुर में 41 में से चार निस्तारित, पूरेबरियार में 16 में से दो निस्तारित, चिरईगांव के अमौली में 62 में से 21 निस्तारित, गौराकला में 44 में से 35 निस्तारित।

# सरकारी अलाव की बाट जोह रहे ग्रामीण



**वाराणसी।** जनपद में भीषण शीतलहरी के बावजूद ग्रामीण इलाकों में ऐसे चट्टी-चौराहों कमी नहीं जहां अब भी अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। कुछ मामलों में तो जिम्मेदार विभाग की ओर से चिह्नित स्थलों पर ही अलाव के इंतजाम नहीं दिख रहे हैं। हालांकि शुक्रवार के कुछ ही ऐसे स्थान पर अलाव की व्यवस्था की गयी जहां बीते गुरुवार तक इस बारे में कोई पहल नहीं हुई थी। कई स्थान पर क्षेत्र के व्यक्ति विशेष के लिए अलाव का प्रबंध किया गया है। कुछ स्थान पर अलाव के नाम पर गीली रखी जा रही है। अधिकांश क्षेत्रों में स्थानीय लोग किसी प्रकार लकड़ी आदि जुटाकर पहल कर रहे हैं।

रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार राजातालाब, मोहनसराय, मातलदेई, कचनार, गोविंदपुर, रोहनिया, गौरा, बंदेपुर, दफ्फलपुर चौराहा, फरीदपुर, मिसिरपुर, गोविंदपुर, हरिहरपुर, केसरीपुर, नरउर एवं मड़ाव में अलाव काप्रबंध न होने पर ग्राम प्रधानों ने रोष व्यक्त किया। जंसा प्रतिनिधि के मुताबिक सत्तनपुर बाजार, बेसहूपुर, हाथी बाजार, भाऊपुर, गोसाईपुर, खेवली के बाजारों में अलाव का इंतजाम नहीं है। दानगंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र समेत बलरामगंज बाजार आदि में अलाव नहीं दिख रहे हैं।

हरहुआ प्रतिनिधि के मुताबिक काजीसराय बाजार, कोईराजपुर मोड़, वाजिदपुर, रिंग रोड और हरहुआ बाजार आदि क्षेत्रों में लोग कूड़ा-करकट का अलाव जला रहे हैं। मिर्जामुराद प्रतिनिधि के मुताबिक बिहड़ा चौराहे पर शुक्रवार की शाम नायब तहसीलदार श्याम नारायण तिवारी ने अलाव का इंतजाम कराया।

# जांच अधिकारी के समक्ष मजदूरों ने दर्ज कराया अपना बयान

**जांच**

## बहुचर्चित खाद्यान्न घोटाले की जांच से मचा हुआ है हड़कंप

जनसंदेश न्यूज


मजदूरों का बयान दर्ज करते जांच अधिकारी

**बैरिया।** बहुचर्चित खाद्यान्न घोटाले के मामले में गुरुवार की देर शाम आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन ने 2002 से 2005 के बीच काम के बदले अनाज योजना में काम कर चुके मजदूरों से पूछताछ किया। ईओडब्ल्यू के निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने दुबेछपरा, गोपालपुर, उदईछपरा, सुघरछपरा, श्रीनगर गांवों के मजदूरों से पूछताछ किया। पूछताछ में कुछ मजदूरों ने बताया कि काम के बदले हमें सिर्फ चावल मिला था। नकद रुपये नही मिला। वहीं, कुछ मजदूरों ने कहा कि हमे नकद रुपये ही मिला था, अनाज नही मिला।

बता दें कि वर्ष 2002 में काम के बदले अनाज योजना के तहत हुए खाद्यान्न घोटाले में जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत स्तर की तफ्तीश संपादित हो चुकी है। ग्राम पंचायत स्तर के हुए घोटाले के लिए आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के अधिकारी बैरिया पहुंचे हैं। बैरिया विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के कुल 120 प्रधान, सचिव, पदाधिकारियों पर घोटाले का मुकदमा वर्ष 2006 में सीबीसीआईडी द्वारा दर्ज कराने के बाद इसकी जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन को सौंपी गई थी। जांच कई दिनों से चल रहा था। पहले तत्कालीन प्रधानों, सचिवों एवं कोटेदारों से पूछताछ किया गया। इसके बाद गुरुवार को उन दिनों काम किये मजदूरों स पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया गया। जांच अधिकारी निरीक्षक सुनील वर्मा ने बताया कि सन् 2002 में काम के बदले अनाज योजना में प्रति मजदुर को पांच किलो चावल और 23 रुपये नकद भुगतान होना था। इसमें करोड़ों का घालमेल किये जाने का एफआईआर दर्ज है, जिसकी जांच हो रही है। जांचोपरांत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें छोटे अधिकारी, प्रधान व कोटेदार ही आरोपी नहीं है, बल्कि डीपीआरओ और मुख्य विकास अधिकारी भी आरोपी बनाए गए हैं। घोटाला हुआ है। इससे तो इनकार नहीं किया जा सकता, किंतु जांचोपरांत ही प्रमाणित हो पाएगा कि कौन दोषी है और कौन निर्दोष। इस बीच ईओडब्ल्यू की टीम के पहुंचने पर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि जांच में अनियमितता मिला है। उनके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

# सिपाही का शव गांव पहुंचने पर मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

## राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**बैरिया।** बंदर के हमले से सिपाही की मौत के बाद शव पैतृक गांव गोपालनगर पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सरयू तट पर किया गया।

जानकारी के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के सुरेमनपुर दियरांचल अंतर्गत गोपालनगर गांव निवासी लालबाबू राम (53) उत्तर प्रदेश पुलिस के बुलंदशहर पुलिस लाइन में एमटी सेक्शन में तैनात थे। विगत् तीन जनवरी को वह छत पर बैठे हुए थे। इस दौरान बंदरों ने उन पर हमला बोल दिया। वह छत से नीचे गिर गए। सह कर्मियों ने उनको सदर अस्पताल बुलंदशहर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद सिपाही लालबाबू राम का पार्थिव शरीर लेकर बुलंदशहर से पुलिस कर्मी गोपालनगर पहुंचे। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ डुमाईगढ़ घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र वीरेंद्र राम ने दिया। पत्नी आरती देवी और पांच बच्चों सहित पूरे परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। लालबाबू राम अपने परिवार के इकलौते कमाऊसदस्य थे।


अपने साथी को अंतिम सलामी देते पुलिस के जवान

# महिला रैन बसेरा में जमीन पर लगाया गया बिस्तर!


महिला रैन बसेरा में जमीन पर बिछाया गया बिस्तर

**सिकंदरपुर।** स्थानीय नगर में कड़ाके की ठंड के बावजूद रैन बसेरा बदहाल पड़े हैं। रैन बसेरा में अभी तक कोई अच्छी व्यवस्था नहीं की गई है। हाड़कपाऊ ठंड से जहां आमजन की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है, वहीं दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों को भी इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

यह सब रैन बसेरा में उचित व्यवस्था नही होने के कारण हो रहा है। जब पत्रकारों द्वारा आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के ऊपरी मंजिल पर ठंड से बचाव को महिलाओं के लिये बने रैन बसेरों का जायजा लिया गया तो देखा गया कि जमीनी हकीकत कुछ और है। क्योकि रैन बसेरों का बिस्तर जमीन के फर्श पर बिछी थी। महिलाओं के लिये बने रैन बसेरों में चारपाई की कोई ब्यवस्था नही थी। ऐसे में ठंड से बचाव नहीं होने के कारण कोई महिला वहां रुकना पसंद नहीं कर रही है। उस समय एक भी महिला रैन बसेरा में मौजूद नही मिली, जबकि कर्मचारी मौजूद रहे। इस संदर्भ में सिकंदरपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सीमा राय से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# बैंक शाखा कार्यालय पर लटक रहा ताला

**नगरा।** कस्बे में संचालित एक पुरानी बड़ी फाइनेन्स कम्पनी की बैंकिंग व्यवस्था इस तरह चरमरा गयी कि ग्राहकों के जमा पैसे के देनदारी के लिए उसके पास पैसे नहीं है। बैंक शाखा के मकान का किराया चुकता नहीं करने पर कार्यालय पर महीनों से ताला लटक रहा है। इसके कर्मचारियों का भी कहीं अता-पता नहीं चल रहा है। इस फाइनेन्स कम्पनी में क्षेत्रवासियों ने एक-एक पैसा एकत्र करके जमा किया था। अब कम्पनी की ओर से किसी खाताधारक को पैसे का भुगतान नही किया जा रहा है, जिससे जमाकर्ताओं के सामने आर्थिक संकट आ गया है। जमाकर्ताओं का दबाव बढ़ने से धीरे-धीरे कर्मचारी भी आना-जाना छोड़ दिये। अब जमाकर्ता अपने जमा धन को निकालने के लिए बैंक शाखा का चक्कर लगा रहे है। निवेशक एजेन्ट से लेकर कर्मचारियों के घर तक पहुंच जा रहे है। इधर, मकान मालिक ने 10 माह का किराया बकाया होने पर बैंक शाखा कार्यालय पर ताला लगा दिया है।

# कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे गोवंश

**घोर लापरवाही**

## खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ रही रात

## गो आश्रय केन्द्र में बीमार होकर मर रहे मवेशी

जनसंदेश न्यूज


गो आश्रय केन्द्र में खुले आसमान के नीचे खड़े गोवंश

**बैरिया।** गौ सेवा के उद्देश्य से सरकार द्वारा स्थापित किये गये गौ आश्रय केन्द्र बदहाल हो गये है। विकास खंड मुरली छपरा के भगवानपुर में स्थित गौ आश्रय केंद्र में बदहाली और दूर्व्यवस्था के कारण उसमें रखे गए गोवंशों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। वही, आए दिन इस गौ आश्रय केंद्र के मवेशी बीमार पड़ कर मर रहे हैं।

कड़ाके की ठंड में भी गोवंशों को खुले आसमान में रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि जितनी संख्या इस गौ आश्रय केंद्र में गोवंशों की है, उतने के लिए यहां पर छत मौजूद नहीं है। फलस्वरुप कड़ाके की ठंड में खुले आसमान में गोवंश ठिठुर रहे हैं।

गौरतलब है कि गोवंशों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार पर्याप्त बजट पशुपालन विभाग को देती है, परंतु व्यवस्था में खामियों के कारण उसका पूरा लाभ गोवंशों तक नहीं पहुंच रहा है। भगवानपुर स्थित गौ आश्रय केंद्र में महज दो कर्मचारी हैं। एक सफाई कर्मी और दूसरा मवेशियों को चारा खिलाने के लिए केयरटेकर, जबकि मवेशियों की संख्या 140 बताई जा रही है। ऐसे में इनकी देखरेख कौन करेगा? यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं है। इस संदर्भ में पशु चिकित्साधिकारी मुरली छपरा डा. लालजी यादव से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनका फोन नहीं लग पाया।

> गोवंशों को इतनी ठंड में खुले आसमान में नहीं छोड़ा जा सकता है। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों से बात कर तत्काल उचित व्यवस्था कराने का प्रयास करूंगा।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

## लाखों खर्च, फिर भी पशु आश्रयों में लापरवाही

**बलिया।** सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे में शासन द्वारा पशु आश्रय स्थलों में ऐसे आवारा पशुओं को रखने की कवायद की गयी। जिले में यह योजना फेल होती दिख रही है। जिले में छुट्टे पशुओं को पशु आश्रय स्थलों में संरक्षित करने में लापरवाही जारी है। छुट्टे पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन इसको लेकर जिम्मेदार मौन हैं। सरकारी आंकड़ों में ही 491 पशु छुट्टे घूम रहे हैं, जबकि कई गौशालाओं में मानक से कम पशु संरक्षित हैं। इस पर हर महीने लाखों का बजट भी खर्च हो रहा है। बता दें कि वर्ष 2019 में प्रदेश सरकार ने छुट्टा मवेशियों को रखने के लिए पशु आश्रय स्थल बनाने की कवायद शुरू की थी। हालांकि शुरुआती दौर में अस्थायी केंद्र खोलकर उसमें छुट्टा मवेशियों को रखा जाने लगा। जनपद में अलग-अलग वर्षों में दो वृहद पशु आश्रय स्थल संचालित हैं, जबकि एक वृहद पशु आश्रय स्थल निर्माणाधीन है। इसके अलावा, छुट्टे मवेशियों को पकड़ कर रखने के लिए जिले में 26 अस्थाई पशु आश्रय स्थल बनाए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के 16 ब्लाकों में एक-एक व नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में कुल एक-एक हैं। समय-समय पर शासन की ओर से अभियान चलाकर छुट्टे पशुओं को पशु आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया जाता है। इसके बावजूद सड़क से लेकर खेतों तक छुट्टे पशु चक्रमण करते मिल जाएंगे। सबसे अधिक छुट्टे पशुओं से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के पशु आश्रय स्थलों में कुल 2928 पशुओं को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा सहभागिता योजना के तहत 407 पशु संरक्षित हैं। इन पशुओं के चारे आदि का इंतजाम प्रशासन की ओर से किया जाता है।

**कई गोशालाओं में मानक से कम पशु संरक्षित**

### छुट्टे पशुओं की संख्या सड़कों पर हुई कम

**बलिया।** इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओमप्रकाश सोनकर ने बताया कि पूर्व के सापेक्ष छुट्टे पशुओं की संख्या सड़कों पर कम हुई है। समय-समय पर छुट्टे पशुओं को पकड़ कर पशु आश्रय स्थलों में रखने का कार्य किया जाता है। इस बाबत संबंधितों को निर्देश भी दिया गया है।

# समय व परिस्थितियां एक जैसी नहीं होती

**बोले मनीष अंगरीश**

## प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आता है अच्छा एवं खराब दौर

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज


अभिकर्ता को सम्मानित करते विपणन प्रबंधक मनीष अंगरीश

**बांसडीह।** कार्य कठिन है। इसलिए करने योग्य है। जीवन के अच्छे दौर में तो सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी सही फैसला करने में सक्षम होता है, लेकिन जब स्थिति प्रतिकूल हो तो उस समय व्यक्ति की सही प्रतिभा का आकलन किया जाता है।

उक्त बातें भारतीय जीवन बीमा निगम बांसडीह के अभिकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विपणन प्रबंधक मनीष अंगरीश ने व्यक्त किया। कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि समय और परिस्थितियां हमेशा एक जैसी नहीं होती है। हर व्यक्ति के जीवन में कभी अच्छा समय आता है तो कभी बुरे दौर से उसे गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि व्यक्ति की पहचान उसके बुरे दौर में ही होती है।

ऐसा कहने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि जीवन के अच्छे दौर में तो सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी सही फैसला करने में सक्षम होता है, लेकिन जब स्थिति प्रतिकूल हो तो उस समय व्यक्ति की सही प्रतिभा का आकलन किया जाता है। डिप्टी सीएलआईए वाराणसी संजय जी ने कहा कि आज मै उस व्यक्ति से मिल रहा हूं, जो मेरे ग्राहक रूपी भगवान से सीधा बात करता है। यह मेरे लिए गौरव कि बात है।

कहा कि बीमा समाजसेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। अतिथियों का स्वागत शाखा प्रबंधक रामप्रवेश एवं सहायक शाखा प्रबंधक अनुरुद्ध सिंह ने बुके व साल देकर किया। विपणन प्रबंधक द्वारा शाखा में उत्कृष्ट कार्य वाले अभिकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करने के साथ ही इस वित्तीय वर्ष में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। इस मौके पर अनूप श्रीवास्तव, प्रेम शंकर, विनोद वर्मा, संतोष गुप्ता, गोरख यादव, शकील अहमद, अजीत चौहान आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने की गतात्मा की शांति की प्रार्थना

**बलिया।** सपा के जिला महासचिव राजन कन्नौजिया के पिता मोहीलाल का शुक्रवार को निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर सपा कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव की अयक्षता में किया गया। इस दौरान गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। मौके पर रामेश्वर पासवान, जेपी यादव, अजय यादव, साथी रामजी गुप्त, राजेश गोंड, अमरजीत यादव, नागेश्वर पंडित, गणेश यादव, मंटू दूबे, सुभाष यादव, राजेन्द्र पांडेय, राजेश यादव, मुलायम यादव, सुरेश, राजकुमार, कृष्णा, विजय कुमार, गंगासागर यादव, मदन वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन रविन्द्र यादव ने किया। वहीं, सपा के जिला महासचिव राजन कन्नौजिया के पिता के निधन पर शोक प्रकट किया गया। मौके पर विधायक जयप्रकाश अंचल, पूर्व विधायक गोरख पासवान, राजमंगल यादव, रविन्द्र यादव, लक्ष्मण गुप्त, अजय यादव, सुभाष यादव, जलालुद्दीन जेडी, बृजेश राम, रामप्रवेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**धराया**

## मुखबिर की सूचना पर बलिया पुलिस को मिली सफलता

**बलिया।** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में मुकदमें में वाछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में उनि अजय त्रिपाठी मय फोर्स द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर रेलवे क्रासिंग काजीपुरा के पास से अभियुक्त प्रभुनाथ यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी कुकरहा निकट शिव मंदिर चोगड़ा, थाना गडवार को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह और उसके अन्य साथी राजकुमार राजभर उर्फ राजकुमार राय पुत्र मधु राजभर निवासी बी973, जीडी कालोनी धरोली, मयूर विहार फेज 3, थाना न्यू अशोक नगर पूर्वी दिल्ली, कौशल सिंह पुत्र बब्बन सिंह निवासी गंगहरा, थाना फेफना, राजेश कुमार शर्मा पुत्र अमिचन्द निवासी जनकपुरी, पोसांगीपुर बी1, पश्चिम दिल्ली, संजय कुमार राय पुत्र राजकुमार राय निवासी प्लाट नं. 757 फर्स्ट फ्लोर वशुंधरा गाजीयाबाद, मंजीत पुत्र दौलत राम निवासी हाजरा जालंधर, पंजाब द्वारा 45 लाख का फ्राड स्वीकार किया गया। पुलिस टीम में उनि अजय त्रिपाठी, कां. शाश्वत पाण्डेय, कां. अमरान अली, कां. रवि शामिल रहे।

# लोगों को यातायात नियमों से कराया अवगत

**बलिया।** स्थानीय बस स्टेशन पर सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर चालक, परिचालक एवं उपस्थित यात्रियों को जागरूक करने हेतु एआरएम उमाकांत मिश्र के नेतृत्व में जन जागरण अभियान का शुभारंभ संगोष्ठी के माध्यम से किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा माह के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा पांडेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास सराहनीय है। इससे आम जनमानस को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों के बारे में पता चलेगा। इसके अलावा लोगों से अपील किया कि सड़क पर दो पहिया बाइक चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कहा कि वाहनों को तेज रफ्तार से न चलाएं। एआरएम उमाकांत मिश्र ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह पांच जनवरी से लेकर चार फरवरी तक निरन्तर चलेगा। इस अवसर पर अभिषेक कुमार सोनी, सुनील सिंह, संजय मिश्रा, संजीव सिंह, महेश चंद पांडे, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

# आठ को सनबीम स्कूल में होगा करियर फेयर

**बोले डॉ. कुंवर अरुण**

## कक्षा-10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को दी जायेगी करियर संबंधी जानकारी

जनसंदेश न्यूज


प्रेसवार्ता करते निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह व प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह

**बलिया।** विद्यार्थी जीवन में उचित मार्ग चुनने के लिए समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करना आवश्यक होता है, ताकि वह विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सही दिशा में अपना कार्य क्षेत्र चुन सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल ने अपने प्रांगण में कैरियर मेला ग्रेट एजुकेशन एक्सपो-2023 का आयोजन आठ जनवरी, रविवार को किया है। इसमें देश के विशिष्ट यूनिवर्सिटीज एवं इंस्टीट्यूशंस के एजुकेशनल काउंसलर्स एवं विशेषज्ञ जिले के कक्षा- 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी आवश्यक जानकारी देंगे।

विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह ने बताया कि कैरियर चुनाव में उचित मार्गदर्शन न मिल पाने के कारण बलिया शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनेकों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष आठ जनवरी को जनपद के समस्त विद्यार्थियों के लिए कैरियर फेयर (ग्रेट एजुकेशन एक्सपो) का आयोजन किया गया है।

कहा कि कैरियर फेयर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त लगभग 40 यूनिवर्सिटीज सम्मिलित होंगे। जिले के समस्त बोर्डों द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इसके मुख्य अतिथि नरेन्द्र पाल राणा, एडिशनल डिस्ट्रिक जज/सेक्रेटरी डिस्ट्रिक लीगल सर्विस अथारिटी, दीवानी कोर्ट बलिया होंगे। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बताया कि जिले में यह प्रथम बार है कि इस तरह के मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह विद्यार्थियों के लिए पूर्ण रूपेण लाभदायक है।

# संक्षेप

## कोटेदार संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांसडीह।** कोटेदार संघ बांसडीह के सदस्यों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश गुप्ता को सौंपकर कमीशन बढ़ाने की मांग किया। कोटेदारों ने कहा कि अन्य प्रदेशों की तुलना में उप्र में कोटेदारों का कमीशन काफी कम है। उप्र में मात्र नब्बे रूपया प्रति कुंतल कमीशन मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में तीन सौ रूपया से अधिक कमीशन मिलता है। हम कोटेदारों को इस कमीशन में ही गोदाम भाड़ा, मजदूरों को मजदूरी, मोबाइल एवं इंटरनेट का खर्च वहन करना पड़ता है। सभी खर्च के बाद कोटेदार को अपने परिवार के लिए काफी कम बचता है। कोटेदारों को ऐसी दशा में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की प्रस्तुति में भी वर्ष 2018 में उप्र में कमीशन बढ़ाने की सिफारिश की गई है। इस मौके पर आनन्द सिंह, शिवजी पाठक, बृजभान पाण्डेय, सुशील सिंह, अखिलेश सिंह, शिवनाथ सिंह, दिनेश मिश्रा, उदयभान पांडे, महेश ठाकुर, पीके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सर्विस मतदाता सूची का प्रकाशन

**बलिया।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि अर्हता तिथि 01-01-2023 के आधार पर सर्विस मतदाताओं की निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम भाग की तैयारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से सम्बन्धित जारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रिकार्ड आफिसर/कमांडिंग आफिसर/एथराइज द्वारा प्राप्त आनलाइन फार्म-2, 2ए, 3 का निस्तारण करते हुए सर्विस मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी को कर दिया गया है।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

**बलिया।** अर्हता तिथि 01-01-2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी को कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि जनपद में पड़ने वाले समस्त सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 357-बेल्थरारोड (अजा), 358-रसड़ा, 359-सिकन्दरपुर, 360-फेफना, 361-बलिया नगर, 362-बांसडीह तथा 363-बैरिया के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन हो गया है।

## नहीं रहे लक्ष्मी नारायण चौहान

**बलिया।** बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं भीम राव अंबेडकर संस्थान के आजीवन सदस्य रहे लक्ष्मी नारायण चौहान का शुक्रवार की भोर में निराला नगर स्थित आवास पर निधन हो गया। इसकी जानकारी होते ही विभिन्न दलों के लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। वहीं, अंबेडकर संस्थान में शोक सभा करके दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर एस प्रताप वैद्य, विजय शंकर, प्रभुनाथ राम, वीरबहादूर, विश्वनाथ चौधरी, साथी रामजी गुप्त, लक्ष्मण यादव, हरिहर राम, दया राम, रामदेव गौतम, पतिराम, मनोहर भारती, अंश राव, वीरू, तितिल आदि मौजूद रहे।

## टास्क फोर्स की बैठक में टीकाकरण पर चर्चा



**सिकन्दरपुर।** विशेष टीकाकरण अभियान मिजिल्स रूबेला (0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण) 09 जनवरी से 20 जनवरी, दूसरा चरण 13 फरवरी से 24 फरवरी तक, तीसरा चरण 13 मार्च से 24 मार्च तक एवं 10 फरवरी से चलने वाले फाइलेरिया कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए उप जिलाधिकारी सिकन्दरपुर की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय बैठक हुई। इसमें उप जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सभी विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम में सहयोग के लिए निर्देशित किया। मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. नीरज कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय से माधुरी श्रीवास्तव, एडीओ एजी नवानगर, बीपीएम पीयूष श्रीवास्तव, बीसीपीएम धर्मेंद्र यादव, डब्ल्यूएचओ मनिटर जेपी यादव, खंड शिक्षा कार्यालय से दीपक कुमार जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## आशुतोष पांडेय अध्यक्ष एवं मंत्री चुने गये नवनीत



**बांसडीह।** स्थानीय तहसील सभागार में शुक्रवार को लेखपाल संघ बैठक जिलाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें लेखपाल संघ की तहसील इकाई बांसडीह का चुनाव हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद पर आशुतोष पांडेय ने अपने प्रतिद्वंदी ईश्वर दयाल यादव को 25 मतों के अंतर से हराकर चुनाव जीता। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीलप्रभा सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमितेश आनंद सिंह, मंत्री नवनीत खरवार, उपमंत्री ओम जी गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय वर्मा, आडिटर राकेश शाह निर्विरोध निर्वाचित हुए। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पूर्व तहसील अध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व मुझे सौंपा है, उसका पूरे मनोयोग से पालन करूंगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने जीत का श्रेय लेखपाल संघ को दिया। इस मौके पर समस्त लेखपाल एवं तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंदिर से निकाली गई श्रीरुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा



**बेरुआरबारी।** स्थानीय ब्लाक के अपायल गांव में शनिचरा बाबा के प्रांगण में नौ दिवसीय श्रीरुद्र महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा से हो गया। कलश यात्रा शनिचरा बाबा मन्दिर से प्रारंभ होकर अपालय के बजरंग बली मन्दिर, सती स्थान, सुखपुरा स्थित मां काली मंदिर, संत यती नाथ बाबा मंदिर, मां भगवती मंदिर, बुढ़वा शिव मन्दिर होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर जाकर समाप्त हुई। इसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष एवं बच्चे अपने माथे पर कलश लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा में हाथी-घोड़े, गाजे-बाजे के साथ महिला-पुरूष हर-हर महादेव का जयघोष कर रहे थे। क्या महिला, पुरुष हर हर महादेव के जय घोष करते हुए शामिल रहे। यज्ञ का क्रियान्वयन अयोध्या से पधारे यज्ञाधीश श्री 108 श्री शिवेश्वर दास जी महराज के सानिध्य में वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित अमित शास्त्री जी कर रहे हैं। इस अवसर पर राणा सिंह मटेलु, अजय सिंह, ग्राम प्रधान हरिओम यादव, रघुवंश सिंह, रामजी सिंह, बिहारी तुरहा, पारस तुरहा, मनोज तुरहा, रामायण तुरहा, जोगिंदर सिंह, मुन्ना राजभर, प्रवीण सिंह, शत्रुघ्न सिंह, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को मिलेगा पौष्टिक भोजन

**बलिया।** वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को अब खाने में पौष्टिक आहार मिलेगा। परिषदीय स्कूलों के एमडीएम की तर्ज पर दिनवार मेन्यू तय किया गया है। इसमें पनीर व सलाद के साथ ही पालक, दही, पूड़ी-कचौड़ी शामिल किया गया है। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बेहतर कवायद की है। वृद्धों को रात के खाना के बाद सोने से पहले प्रतिदिन एक गिलास दूध अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। यानी प्रति व्यक्ति धनराशि में 39 रुपये की बढ़ोत्तरी की गयी है। ऐसे में माना जा रहा है कि भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही बुजुर्ग सेहतमंद भी रहेंगे। उन्हें घर जैसा माहौल भी मिल सकेगा। जिले के गड़वार में संचालित वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक घनश्याम सिंह ने बताया कि इस समय कुल 67 बुजुर्गों का पंजीकरण है। इनमें 22 महिला व 45 पुरूष है। बताया कि नए मेन्यू के मुताबिक इन्हें भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मेन्यू को रसोईघर के बाहर चस्पा भी कर दिया गया है।

## पत्रकार का बेटा गायब, परिजन परेशान



**बलिया।** पत्रकार असगर अली का बेटा रेहान (11) लापता हो गया है। परिवार के लोगों ने बेटे की हर संभावित जगहों पर तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। इससे परिवार के लोग काफी परेशान हो गये है। परिजनों के अनुसार बालक विशुनीपुर मस्जिद बलिया के पास से गायब हुआ है। जानकारी के अनुसार विशुनीपुर जामा मस्जिद के पीछे वाली गली के वार्ड नं.-23 निवासी पत्रकार असगर अली का बेटा रेहान अचानक गायब हो गया।

# नहर के पानी से डूबी सैकड़ों एकड़ फसल

जनसंदेश न्यूज

नुकसान

### किसानों ने की नहर के हेड पर रेग्युलेटर लगाने की मांग

**बलिया।** ग्राम पंचायत पकड़ी अंतर्गत मंझरिया के लिए पूर रजवाहा से निकली छोटी नहर के हेड पर रेग्युलेटर नहीं होने के कारण जलापूर्ति से पकड़ी ताल के किनारे बोई गयी रबी की सैकड़ों एकड़ फसल डूब गयी है। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पूर रजवाहा से मंझरिया गांव के लिए निकली छोटी नहर के हेड पर पिछले कई वर्षों से जलापूर्ति अनियंत्रित करने वाला रेग्युलेटर नहीं लगा है। इसके चलते जब भी पूर रजवाहा में जलापूर्ति होती है, यह माइनर अपने आप ही चालू हो जाता है और बिना किसानों की जरूरत के पानी का फ्लो जारी रहता है।

यह पानी अंत में माइनर के टेल यानि पकड़ी ताल में अनवरत गिरता रहता है। इसके चलते ताल का पानी ओवरफ्लो करके ताल के किनारे-किनारे बोई गयी फसलों को डुबा देता है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

पहराजपुर निवासी किसान रामाशंकर यादव, सत्यदेव, इस्माइल अंसारी, विक्रमा सिंह, मंटू यादव, बच्चालाल, सरया बंजारी निवासी लालबहादुर, चंद्रदीप, रामनवमी चौधरी, सुभाष आदि किसानों ने मंझरिया माइनर के हेड पर जलापूर्ति नियंत्रित करने के लिए तत्काल रेग्युलेटर लगाने की मांग की है। कहा कि यदि सिंचाई विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो सिंचाई मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी व्यथा सुनायेंगे।

## विभिन्न ब्लॉकों में हो रहा है रोजगार मेले का आयोजन

**बलिया।** शासन के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद बलिया के आकांक्षात्मक विकास खंडों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके क्रम में चिलकहर और मनियर विकास खंड में रोजगार मेले का आयोजन हो चुका है। आगे के क्रम में बांसडीह में 7 जनवरी, रसड़ा में 9 जनवरी, पंदह में 10 जनवरी, गड़वार में 11 जनवरी, हनुमानगंज में 12 जनवरी, सोहवं में 13 जनवरी को रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

इस रोजगार मेला में सिक्योरिटी गार्ड कंपनी जिफोरएस ग्रुप नई दिल्ली तथा टेक्निकल क्षेत्र की कंपनी आज की इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त ब्लाकों में आयोजित होने वाले रोजगार मेला में प्रतिभाग कर जॉब प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिभागी आधार कार्ड के साथ अपने समस्त प्राण पत्रों की छाया प्रति लेकर रोजगार मेले में सम्मिलित हो सकते हैं।

# 39 पेटी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार


शराब के साथ पकड़ा गया अभियुक्त

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के हल्दी चट्टी स्थित पुलिस पिकेट के करीब से पुलिस ने स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी में लदी 39 पेटी 8 पीएम शराब बरामद की है। वहीं, पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा मौका देखकर भागने में सफल हो गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हमराहियों के साथ गुरुवार की देर शाम स्थानीय चट्टी पर गश्त कर रहा था। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि स्वीफ्ट डिजायर वाहन में दो व्यक्ति बलिया से बैरिया की तरफ शराब ला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गयी और कुछ दूरी पर पुलिस ने वाहन चेकिंग शुरू कर दिया।

इस दौरान एक संदिग्ध वाहन आता दिखायी दिया। पुलिस ने जब गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो गाड़ी में बैठे दो लोग वाहन रोककर उतरकर भागने लगे। पुलिस ने एक को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पूछताछ के दौरान पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार पासवान उर्फ टारजन पुत्र बीरेंद्र पासवान निवासी दलन छपरा, थाना दोकटी बताया, जबकि फरार व्यक्ति का नाम अजय बताया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान वाहन से 39 पेटी में 8 पीएम शराब बरामद किया गया।

तस्कर के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया। पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया। वहीं, आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

### महिला पेंशन लाभार्थी अपनी आधार सीडिंग अवश्य करा लें

**बलिया।** मो. मुमताज जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही लाभार्थियों की वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही किस्त की कुल 28146 लाभार्थियों का आधार सीडिंग हो गया है। उनके पेंशन की धनराशि प्रेषित किया जा चुका है। अवशेष जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है उनके पेंशन की धनराशि प्रेषित नहीं किया गया है। अतः उक्त लाभार्थी जिनका आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है। वह लाभार्थी जिला प्रोबेशन कार्यालय बलिया में आधार कार्ड, बैंक पासबुक मोबाइल नम्बर सहित लेकर अपना आधार प्रमाणीकरण 15 जनवरी 2023 तक अनिवार्य रूप से करा ले, अन्यथा की दशा में उनकी पेंशन बन्द हो जायेगा।

## संक्षेप

### दीक्षोत्सव कार्यक्रम में महिला सुरक्षा व उपाय विषयक सेमिनार का हुआ आयोजन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय दीक्षोत्सव कार्यक्रम के चैथे व अंतिम दिन शुक्रवार को 'महिला सुरक्षा और उपाय' विषयक शैक्षणिक सेमिनार ऑनलाइन संपन्न हुआ। सेमिनार का आयोजन कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भवन में हुआ। सेमिनार में महिला व सामाजिक दायित्व विषय पर दो विडियों दिखाये गये। पहला विडियो 1974 में किये गये एक मनोवैज्ञानिक प्रयोग पर आधारित था। जो व्यक्ति के भीतर छिपी अच्छे व बुरे मनोभावों पर केन्द्रित था। डॉ. रुबी ने 'घर की मुर्गी' नामक लघु विडियों के माध्यम से महिलाओं द्वारा किए जा रहें घरेलू कार्यों की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में रुद्र विक्रम सिंह, अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय ने कहा कि भारतीय इतिहास एंव संस्कृति में महिलाओं का स्थान काफी उच्च रहा है। उन्हें देवी का स्थान प्राप्त था। आपने भारतीय संविधान एंव महिलाओं को प्राप्त कानूनी प्रवधानों को रेखांकित किया। वक्ता ने सामाजिक सुरक्षा को कानूनों से अधिक महत्वपूर्ण बताया। सेमिनार में महिला अधिकार, घरेलू हिंसा, पंचायतीराज संस्थानों में महिलाओं हेतु आरक्षण जैसे अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में दीक्षोत्सव कार्यक्रम में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम की घोषणा हुई। जिनकी घोषणा कार्यक्रम संयाजकों डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. स्मिता, डॉ. रंजना व डॉ. अभिषेक त्रिपाठी द्वारा किया गया। शैक्षणिक सेमिनार का संचालन डॉ. सरिता पाण्डेय, स्वागत डॉ. अजय चैबे व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुराधा ने किया। इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. छविलाल, डॉ. प्रज्ञा समेत प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महावीर घाट पर विदेशी सैलानियों ने ग्रामीण जीवन को नजदीक से देखा



**बलिया।** जनपद धीरे-धीरे पर्यटकों का पसंदीदा केंद्र बनता जा रहा है। इसी क्रम में महावीर घाट में विदेशी सैलानियों का एक क्रूज आकर रुका। इस क्रूज में स्विट्जरलैंड, जर्मनी और यूरोप के अन्य देशों के सैलानी आये थे। जिन्होंने महावीर घाट के महमूदपुर गांव में रुक कर वहां के ग्रामीण लोगों का हाल-चाल रहन-सहन और वेशभूषा पर चर्चा की। उन्होंने उनसे बातचीत की और उनके रोजमर्रा के जीवन के विषय में जानकारी हासिल की। विदेशी सैलानियों ने ग्रामीण परिवार के महिलाओं, बच्चों और पुरुषों से बातचीत की साथ ही वहां पर रह रहे जानवरों और पशुओं के बारे में जानकारी हासिल की। विदेशी सैलानियों ने कहा कि यहां आकर उन्हें बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है और वह यहां पर फिर आना चाहेंगे। उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उनका स्वागत करने के लिए जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिपं राज अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

### सब्जियों का भाव धड़ाम होने से किसान मायूस



**बैरिया।** इस समय हरी सब्जियों का सेंसेक्स काफी नीचे आ गया है। हरी सब्जी का भाव धड़ाम होने के चलते किसान काफी मायूस है। वही, सब्जी खरीदारों की चांदी कट रही हैं। बता दे कि 10 रुपये प्रति किलो टमाटर, 10 रुपये प्रति किलो आलू, 10 रुपये प्रति किलो हरा मिर्च, मटर 20 रुपया प्रति किलो, पालक पांच रुपये प्रति किलो, बैगन 10 दस रूपये प्रति किलो, मूली दो रुपये प्रति किलो बिक रहा है। बथुआ, सोआ सहित अन्य सब्जियों का भी यही हाल है। किसानों का कहना है कि हरी सब्जियों के भंडारण की व्यवस्था नहीं होने के कारण औने-पौने दाम पर उन्हें अपना उत्पादन बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इन सब्जियों के बेचने से हम किसानों का लागत भी नहीं निकल रहा है। किंतु करें तो क्या करें। बाहर भी सब्जियों को भेजने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यह सब्जी कहां और कैसे खपेगी? यह एक आम समस्या है। क्योंकि बैरिया तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हरी सब्जियों की खेती किसानों ने की है। दूसरी तरफ सब्जी खरीदने वाले क्रेता भाव गिरने से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि गर्मी में 80 रुपये प्रति किलो बिकने वाला हरा मिर्च इस समय 10 रुपये किलो मिल जा रहा है। इसी तरह से अन्य सब्जियां भी चाहे वह मूली हो, टमाटर हो, काफी सस्ता हो गया है। 50 रुपया लेकर सब्जी मंडी जाने पर सब्जी का झोला भर जा रहा है। इसलिए क्रेता काफी खुश है।

### 15 जनवरी से शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम

**बलिया।** इस वर्ष मांगलिक कार्य 15 जनवरी से शुरू होने वाले है। इसी के साथ इस साल शादी-विवाह और विशेष मांगलिक कार्यों के लिए 59 दिनों के मुहूर्त निकल रहे हैं। इस माह में विवाह के लिए आठ शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश उपाध्याय के अनुसार 20 नवंबर 2022 से शुक्र उदय होने के साथ मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। इस साल कुल 59 विवाह के मुहूर्त हैं। इनमें आठ शुभ मुहूर्त जनवरी माह में, फरवरी में 11, मार्च में एक, मई में 14, जून में 11, नवंबर में चार और दिसंबर में पांच मुहूर्त हैं। इनके अलावा पांच अनसूझे मुहूर्त भी हैं। इसमें विवाह करना शुभ एवं कल्याणकारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष में कुल पांच स्वयं सिद्ध मुहूर्त होते हैं। इनमें फुलेरा दौज, देवउठनी एकादशी, वसंत पंचमी, विजया दशमी और अक्षय तृतीया शामिल हैं। इन पांच दिनों में मुहूर्त न होते हुए भी शुभ कार्य किए जा सकते हैं। यह दिवस अपने आपमें ही सिद्ध मुहूर्त हैं। 26 जनवरी वसंत पंचमी, 21 फरवरी फुलेरा दौज, 22 अप्रैल अक्षय तृतीया, 27 जून भड़रिया नौवीं और 23 नवंबर देवठान एकादशी है।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

**लालगंज।** श्रीश्री 1008 स्वामी मुनीश्वर आनंद महाराज खपड़िया बाबा के 38वें निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित अति रुद्रद्वय महायज्ञ विशाल भंडारे के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने।

आलम यह था कि सुबह से ही ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। वही, प्रसाद वितरण भी होता रहा। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्वाण दिवस के अवसर पर 24 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ आरंभ हुआ था। चार जनवरी को महाआरती एवं पूर्णाहुति पांच जनवरी को हुई थी। श्रीश्री 1008 स्वामी हरिहरानंद जी महाराज ने भंडार एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। भंडारे के समय नवयुवकों की टोली मुस्तैद दिखी। वहीं, प्रशासन भी देर शाम तक डटा रहा। राजनीतिक दलों के लोगों का भी जमावड़ा लगा रहा। स्वामी जी का आशीर्वचन भी भक्तों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरित

**बलिया।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शुक्रवार को रोटरी क्लब बलिया की तरफ से वृहद कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से लगभग डेढ़ सौ गरीब एवं मजदूर महिलाओं-पुरुषों के बीच में कंबल का वितरण किया गया। साथ ही उनके साथ आए बच्चों को ऊनी स्वेटर एवं जैकेटों के साथ गर्म कपड़े भी दिये गये। वरिष्ठ रोटेरियन शैलेंद्र स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि भविष्य में इसी तरह के और सारे वितरण के कार्यक्रम किये जाएंगे, जिससे जरूरतमंदों को कंबल के बिना ठंड से ठिठुरना न पड़े। क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी ने भीषण ठंड को देखते हुए और भी कंबल का वितरण करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के अंत में क्लब के सचिव रोटेरियन डा. मुकेश ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर अमिताभ शंकर, अनिल कुमार, अजीत, मोहम्मद तारिक, शिखर सहगल, राजेश आदि उपस्थित रहे।



# जेएनसीयू में दीक्षोत्सव कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने परंपरागत खेलों में दिखाए दमखम

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के संरक्षण में आयोजित दीक्षोत्सव कार्यक्रम के चैथे दिन परंपरागत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, शतरंज एवं रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया गया।

कबड्डी में टीम बी जिसका नेतृत्व विश्वजीत कुमार कर रहे थे विजयी रही। शतरंज प्रतियोगिता में भी छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें विजयी अश्विनी कुमार गुप्ता घोषित हुए। रस्साकशी के पुरुष वर्ग में टीम बी जिसका नेतृत्व ऋतुराज एवं महिला वर्ग की टीम ए जिसका नेतृत्व खुशबू कर रही थी विजयी रहे। परंपरागत खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में डॉ. पुष्पा मिश्रा निदेशक शैक्षणिक एवं डॉ. प्रियंका सिंह ने पुष्प अर्पित किया।

डॉ. विनीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में सबसे बड़ा सुख उसका स्वास्थ्य ही है



अतः सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन शारीरिक श्रम करना चाहिए या खेलना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रेम भूषण यादव ने किया विश्वविद्यालय के खेल समिति के सदस्य डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. विवेक कुमार यादव, डॉ. रामशरण यादव और डॉ. प्रज्ञा बौद्ध एवं अन्य प्राध्यापक तथा छात्रों ने महती भूमिका निभाई।

# जन चौपाल में छाए रहे नाली खड़ंजा और राशन कार्ड, शौचालय-आवास जैसे मुद्दे

जनसमस्या

### बीडीओ ने समस्याओं के निस्तारण के लिए दिए निर्देश

**कोपागंज, मऊ।** शुक्रवार को खंड विकास के लाडनपुर में आयोजित जन चैपाल कार्यक्रम के दौरान नाली, खड़ंजा, राशन कार्ड शौचालय, आवास गन्दे पानी की निकासी, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, वृद्धा विधवा, दिव्यांग पेंशन जैसे विभिन्न बुनियादी मुद्दे छाए रहे।

चौपाल के दौरान खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और सम्बंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान दौरान खंड विकास अधिकारी हरी मोहन सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा ग्रामीणों की समस्याओं को तत्वरित निस्तारण और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए सीधे ग्राम पंचायतों में जन चैपाल लगाकर



उनकी समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने गांव में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से बात की और कार्य गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। कहां कि चैपाल में जो भी समस्याएं सुनी गई अधिकारी उसके निस्तारण के लिए हर संभव सुनिश्चित करें। जन चैपाल में एडीओ पंचायत विजय शंकर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी रामजन्म यादव, राकेश कुमार, जगदीश यादव खंड विकास समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम प्रधान सूर्यभान चैहान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### जन चैपाल में बीडीयो ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं निराकरण करने का दिया आश्वासन

**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लॉक के इब्राहिमाबाद प्रथम में चैपाल में आए लोगों की समस्याओं को कड़ाके की ठंड के बीच खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्या सुनी उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया। चैपाल में आए हुए महिलाओं अन्य लोगों से एक-एक करके गांव की समस्या के बारे में पूछा जिसमें सभी लोगों ने नाली निर्माण ना होने तथा पानी की निकासी की समस्या को दशार्ते हुए खंड विकास अधिकारी से नाली बनवाने की मांग किया राशन कार्ड की समस्या के बारे में लोगों ने बताया बिजली स्वास्थ्य चिकित्सा आंगनबाड़ी के बारे में भी चैपाल में चर्चा रही खंड विकास अधिकारी ने राम नरेश यादव ग्राम सचिव को सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर के निराकरण करने के लिए कहा ग्राम प्रधान मनीष राय को भी गांव समस्याओं के निराकरण का त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया शासन की मंशा के अनुरूप जन चैपाल में गांव की समस्याओं के निदान करने के लिए खंड विकास अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की बातें सुनी तथा समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। उक्त अवसर पर साधना राय, निखिल राय, अंकित राय, सुखदेव, हरिंदर, रामविलास आदि लोग रहे।



# मवेशी हो रहे बीमार गोशाला में नहीं इंतजाम


पीपनार गांव में गौ आश्रय में ठंड में ठिठुरते पशु (फाइल फोटो)।

जनसंदेश न्यूज

परेशानी

### कागजों में बेजुबानों का भर रहा पेट, जिम्मेदार काट रहे मलाई

**गाजीपुर।** प्रदेश सरकार ने गोवंश को ठंड से बचाने के लिए गोशालाओं में इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन जिले की गोशालाएं बदहाल हैं। गोशालाओं में टिनशेड न होने से गोवंश ठंड से ठिठुर रहे हैं। हालात यह हैं कि ठंड के चलते कई गोवंश की मौत भी हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों को अन्ना जानवरों से राहत देने के लिए जिले में गोशालाएं बनवाई गई हैं। इन गोवंश के लिए चारा समेत अन्य सुविधाओं के लिए सरकार अच्छा खासा बजट देती है, लेकिन जिले में गोशालाओं की हालत काफी खराब है। गोवंशों को सर्दी से बचाने के लिए टिनशेड के चारों ओर पॉलिथीन लगाई जाती है। लेकिन यह व्यवस्था भी नहीं हैं।

ठंड बेजुबानों पर आफत बन गई है। गोशालाओं में राहत के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। शासन की प्राथमिकता में शामिल होने के बाद भी प्रशासन और पशुपालन विभाग संजीदा नहीं है। ठंड लगने से कई मवेशी बीमार होकर मौत को गले लगा चुके हैं। जिले के गौशाला में हजारों मवेशी हैं। सड़क पर विचरण करने वाले बेसहारा पशुओं को राहत और बचाव के नाम पर आश्रय स्थलों में कैद तो कर दिया जा रहा है, लेकिन ठंड के बचाव की माकूल व्यवस्था नहीं कराई जा रही है। जिला मुख्यालय स्थित खजुरिया चौराहा के गौशाला में दो दिन पहले तीन गोवंश की मौत हो गई थी। जिम्मेदारों का कहना है कि तिरपाल आदि लगाकर ठंड रोकी जा रही है, लेकिन हकीकत यह है कि जर्जर भवनों के कई स्थानों से बर्फीली हवाएं और गोमूत्र, गोबर से अंदर कीचड़ हो चुका है। जिसकी चपेट में आकर कई मवेशी बीमार भी हो गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि तीन महीने से भूसा चारे का पैसा नहीं आया है। जिससे काफी दिक्कत हो रही है। कई बार विभाग को पत्र लिखा जा चुका है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मऊ।** नेहरू युवा केंद्र मऊ के तत्वावधान में विकासखंड रतनपुरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेंद्र पीजी कॉलेज में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद भारती ने व्यक्त किया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के साथ खेलते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया। जीवन में शारीरिक सौष्ठव का अत्यंत महत्व है।

शारीरिक शौष्ठव प्राप्त करने का एकमात्र साधन खेल की भावना होती है। खेल लंबे आयु के जीवन का अभिन्न माध्यम भी है। युवा इसे खेल की भावना से खेल कर ऊंचाइयां हासिल करें।

उन्होंने बताया कि नेहरू युवा केंद्र मऊ के द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में वालीबॉल कबड्डी दौड़ कूद एवं गोला क्षेपण की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का समापन शनिवार को संपन्न होगा। विजेता खिलाड़ी 11 जनवरी को डॉ भीमराव स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चुने जाएंगे।

## यातायात नियमों के संबंध में दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**मऊ।** सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर में कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कार्यालय में आये हुए आगन्तुकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। मोटर वाहन एक्ट 1988 में निहित धाराओं के अन्तर्गत लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रुप से एआरटीओ प्रशासन रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रवर्तन कहकशा खातून, यात्री कर अधिकारी अरविन्द कुमार जेसल, दयानिधि उपधाम प्रधान सहायक, तारा सिंह चैहान, सूर्यनाथ यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# राजस्व व पुलिस विभाग की टीम द्वारा किया गया सीमांकन

जनसंदेश न्यूज

**इंदारा, मऊ।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित सिविल मिस रिट पीआईएल संख्या 25/2022 व अवमानना याचिका संख्या 5564/2022 हदीसुन बनाम संजीव कुमार यादव तहसीलदार में आदेश 01 दिसम्बर 2022 द्वारा आख्या के अनुपालन में शुक्रवार के दिन संयुक्त राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम द्वारा मौजा अलीनगर तहसील सदर का सीमांकन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक सत्येंद्र कुमार मिश्रा, लेखपाल अजय राय,वैभव सिंह,गौरव राय, विनीत कुमार यादव, अखिल पासवान सीमांकन के दौरान नजरी नक्शा बनाया। साथ में पुलिस टीम मौजूद रहीं।



## छह दिन बाद सूर्य देव का दर्शन, पर गलन ने बढ़ाई कंपकंपी

दोहरीघाट, मऊ। कड़ाके की ठंड में सूर्य देव का दर्शन नए वर्ष के छठवें दिन दोपहर बाद हुआ लेकिन ठंड और गलन बरकरार रहा। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त ठंड से लोग आग के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर हुए हैं अलाव गरीबों का सहारा है घर घर द्वार द्वार अलाव जल रहे हैं घरों में लोग दुबके हुए हैं किसान अपने खेतों की रखवाली छुट्टा पशुओं से कड़ाके की ठंड में कर रहा है ठंड और गलन से लोग परेशान हैं।

# पारा पांच डिग्री, शीतलहर से कांपे लोग

**कहर जारी**

## चलीं सर्द हवाएं दिखे सूर्यदेव पर नहीं मिली राहत

### अलाव देख रुके लोग, चाय की दुकानों पर भीड़

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** शुक्रवार को गलन भरी सर्दी में लोग कांप उठे। तड़के पारा पांच डिग्री पहुंच गया, आसमान में कोहरा छाया रहा। पूरे दिन शीत लहर चली। शाम को न्यूनतम पारा नौ डिग्री रहा। लोगों को जहां अलाव दिखे, वहीं रुक गए।

चाय की दुकानों पर भीड़ रही। सुबह से छह किमी की रफ्तार से सर्द हवाएं चलीं। छहवें दिन सूर्य के दर्शन हुए मगर राहत नहीं मिल सकी। सर्दी से बचने के लिए लोगों ने हीटर और ब्लोअर का सहारा लिया। सर्दी के कारण सड़कों और बाजारों में सन्नाटा रहा। सरकारी कार्यालयों में भी लोगों की आवाजाही कम रही। सर्दी से बचाव के लिए लोग कोयला व गर्म कपड़ा खरीदने में व्यस्त दिखे। वेधशाला के अनुसार शुक्रवार को न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 16 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी शीत लहर से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।



विकास भवन चौराहे से ठंड के बीच गुजरती युवतियां।

### ट्रेनें रहीं लेट

कोहरे के कारण ट्रेनें विलंब से आ रही हैं। गोंदिया एक्सप्रेस 10 घंटे, वैष्णो देवी गाजीपुर एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, सुहेलदेव एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे और स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस चार घंटे, इसके अलावा पवन, सद्भावना, सारनाथ, इंदौर-कामाख्या एक्सप्रेस भी घंटों विलंब से आई।

### बिकने लगे हीटर और जयपुरी रजाई

सर्दी के जोर पकड़ते ही बाजारों में रूम हीटर, ब्लोवर और जयपुरी रजाई की मांग जोरों पर है। इलेक्ट्रिकल की दुकानों पर खरीदार पहुंच रहे हैं। रजाई के लिए भी लोगों की दुकानों पर भीड़ लग रही है। इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान के संचालक दिनेश कुमार का कहना है कि इन दिनों केवल रूम हीटर, ब्लोअर की ही बिक्री हो रही है। उनके पास 500 रुपये से लेकर 3000 रुपये तक के हीटर व ब्लोअर हैं। तीन राड वाले हीटर की लोगों में मांग ज्यादा है। उधर, रजाई विक्रेता राजेश केशरी ने बताया कि जयपुर की रजाई गर्माहट के मामले में देसी रजाई की तुलना में अच्छी होती हैं। इसलिए लोगों को सर्दी में जयपुरिया रजाई के प्रति रूझान ज्यादा रहता है। उनके पास एक हजार रुपये से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की रजाई है।

### पाला पड़ने की आशंका से किसान परेशान

ठंड बढ़ने के साथ सूरज के दर्शन भी दुर्लभ हो गए हैं। पाला पड़ने की आशंका के साथ किसानों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि गेहूं की फसल के बेहतर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दूसरी ओर आलू, मटर और सरसों की फसलों में रोग लगने का खतरा बढ़ गया है। अगर मौसम का मिजाज अगले तीन-चार दिनों तक ऐसे बना रहा तो आलू की फसल का झुलसा रोग की चपेट में आना तय है।

## गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत चौपाल

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड में शासन के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को विकास खंड भांवरकोल की ग्राम पंचायत पखनपुरा ,मालसा और फिरोजपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।₹ गांव की समस्या गांव में समाधान₹ इस थीम पर काम करते हुए ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी राम कृपाल यादव के नेतृत्व में तीनों जगह पहुंची टीम ग्राम पंचायत पखनपुरा में ग्रामीणों द्वारा पानी निकास एवं हर घर जल न पहुंचने की शिकायत की। ग्राम पंचायत में विद्युतीकरण ,नाला और चकरोड की समस्या से अवगत कराया। इससे पहले सचिन, सूर्यभान राय सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी दिए और जन चौपाल के मूल उद्देश्य के विषय में जनता को अवगत कराया। चौपाल में राजस्व विभाग और अन्य कई विभागों के अधिकारी नहीं थे।

## कर्मचारी के घर का चोरों ने चटकाया ताला,आभूषण चोरी

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मुगलानी चक्र निवासी मान्धाता सिंह के मकान का ताला चटका कर घर से लाखों के गहनों पर हाथ साफ कर आराम से रफूचक्कर हो गये। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँचीं कोतवाली पुलिस छानबीन में जुट गईं। मिली जानकारी के अनुसार कृषि विभाग में कार्यरत मान्धाता सिंह सादात थाना क्षेत्र के डढ़वल गाँव अपने पैतृक निवास पर गयें थे। बताया जा रहा है कि उनके भाई का निधन 26 तारीख को हो गया था। मान्धाता सिंह अपने परिवार के साथ पुरे परिवार के साथ पैतृक गांव गयें हुए थे। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन कर उनकों सूचना दी गई कि घर के पीछे साड़ी लटक रही है। जिससे किसी अनहोनी की आशंका लगतीं है। मान्धाता सिंह ने बताया कि मेन गेट पर ताला बंद था चोरों ने दिवाल या अन्य किसी सहारे से घर में प्रवेश कर सभी कमरों का ताला तोड़ा गया है। घर के कमरे में रखीं आलमारी तोड़कर उसमें रखें चांदी के सिक्के व सोने के जेवरात सहित अन्य किमती समान के साथ ही डीवीआर व कागजात भी उठा ले गए हैं।

## चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं को गिनाया



**जखनिया।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत पंचायत भवनों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की सभी समस्याएं सुनी गई और उन्हें निस्तारित करने के लिए समय दिया गया।

जखनिया गोविंद पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल में कृषि विभाग के एडीओ ने इस समय फसलों की देखभाल किस प्रकार की जानी चाहिए। उसके बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया एडीओ पंचायत कृपाशंकर गोंड ने शासन द्वारा गांव में चल रही। सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अगर किसी को भी कोई समस्या आती है। तो वह पंचायत भवन पर पहुंचकर अपनी समस्याओं के बारे में बताएं ताकि उसका निदान यहीं पर किया जा सके शासन द्वारा पंचायत भवनों पर 32 विभागों के कार्य कराए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को गांव से बाहर किसी समस्या को लेकर न आना जाना पड़े। ग्राम पंचायत अधिकारी फैयाज अहमद काकी इस समय प्राथमिकता के आधार पर गांव में प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय का रजिस्ट्रेशन पात्र व्यक्तियों का कराते हुए दिया जा रहा है। अगर किसी व्यक्ति का नाम सूची में है और उसे योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।चौपाल में ग्राम प्रधान नंदलाल गुप्ता, रामदुलार राम, बलवंत सिंह, उमाशंकर यादव, अनीश सिंह, नवीन सिंह आदि रहें।

### चौपाल लगा अधिकारियों ने सुनी फरियाद

सादात। सादात ब्लाक के तीन ग्राम पंचायतों कांदर, सवास और हिरानन्दपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें उपस्थित ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निदान कराया। ग्राम पंचायत कांदर में बीडीओ शिरीष वर्मा, सवास में सीडीपीओ अरुण दूबे और हिरानन्दपुर में एडीओ क्वापरेटिव के साथ ही अन्य अधिकारी व संबंधित ग्राम प्रधान उपस्थित रहते हुए जनता की समस्याओं की सुनवाई किये। चौपाल के माध्यम से आवास, मनरेगा कार्य व मजदूरी, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक शौचालय, जल निकासी, सड़क, संपर्क मार्ग, गौ आश्रय स्थल, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था, नहर, नलकूप, संचारी रोग, टीकाकरण, राशन वितरण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, एएनएम सेंटर का निरीक्षण, वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सुनते हुए मौके पर ही निस्तारण करने का कार्य किया गया। इस दौरान संबंधित ग्राम प्रधान, सचिव, विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## छतों से शोभा यात्रा पर बरसाये गये फूल



आचार्य श्री शांतनु जी महाराज के नेतृत्व में संगीतमय श्री राम कथा शोभायात्रा निकालते नगरवासी।

**दिलदारनगर।** रामायणम परिवार की ओर से राधा कृष्ण गुप्त आदर्श विद्यालय के खेल के मैदान से पूरे नगर में भ्रमण कर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।शोभा यात्रा में सैकड़ों महिला पुरुष व बच्चे आपने हाथो में भगवाध्वज लेकर जय श्रीराम का उद्घोष करते पूरे नगर भ्रमण किए।शोभा यात्रा के दौरान नगर में जगह जगह महिला-पुरूष राम का उद्घोष करते हुए छतों से फुलू की वर्षा करते शोभायात्रा का स्वागत किए जिससे पूरा माहौल भक्ति मय हो गया। इसके बाद नगर में भ्रमण कर पुनः आदर्श विद्यालय के खेल का मैदान में पहुँच का कलश पूजन के बाद शोभा यात्रा का समापन हुआ।संगीतमय श्री राम कथा 6 जनवरी से छह दिवसीय आयोजन है।जिसका समापन 12 जनवरी को होगा।इस में राम कथा में राष्ट्रीय संत परम अंनत श्री विभूषित आचार्य शांतनु जी महाराज कथा कार है। इस शोभायात्रा में नगर पंचायत के अध्यक्ष अविनाश जयसवाल मानवेंद्र सिंह मानव अनुग्रह जायसवाल इत्यादि लोग रहे।

## ओवरलोड वाहनों पर एसडीएम का ऐक्शन

**गहमर/बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाली एनएच 124 सी पर कर्मनाशा पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद भी पुलिस अवैध वसूली करने से बाज नहीं आ रही है। क्षतिग्रस्त पुल से पैसा लेकर पुलिस ओवरलोड वाहनों को निकलवा रही है।

पुलिस को पुल की कतई चिंता नहीं है। इसका खुलासा एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने तीन ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर साबित कर दिया। एसडीएम की इस कार्रवाई से यूपी-बिहार के बालू माफिया, ट्रक चालक व पुलिस में खलबली मच गई है। दरअसल, यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। बड़े व ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। छोटे व हल्के वाहनों को भी धीमी गति से गुजरने का निर्देश जारी किया गया है। 22 नवंबर 2022 को पुल के दोनों तरफ हाईट गेज बैरियर भी लगा दिया गया, हलांकि 24 घंटे के भीतर ही बैरियर टूट गए। शिकायत पर एसडीएम ने छापेमारी कर तीन ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर कार्रवाई के लिए परिवहन व खनन अधिकारी को निर्देश दिया।



गहमर थाना गेट के समीप खड़े पकड़े गए गिट्टी व बालू लदे ट्रक।

## अवैध कट बंद हुए न चिहिन्त हुए ब्लैक स्पॉट

**सड़क सुरक्षा माह**

### कहीं नहीं सुरक्षा के इंतजाम राहगीर हो रहे परेशान

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा माह का आयोजन कर रहा है। इसमें सड़क हादसे कम करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। मगर पूर्व में सड़क सुरक्षा को लेकर हुई बैठकों में जो निर्देश दिए गए। उस पर आज तक अमल नहीं हो सका।

ब्लैक स्पॉट चिन्हित नहीं हुए और न ही अवैध कट बंद किए गए हैं। इससे कई भागों पर वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं है। नवंबर माह में यातायात माह चलाकर खूब ढिंढोरा पीटा गया, इसके बाद भी स्थिति जस की तस है। हालात यह है अवैध कटों व ब्लैक स्पाट पर हादसे हो रहे और लोगों की जान जा रही है। सड़क हादसे कम हो इसके लिए सरकार भी गंभीर है। मगर जिले के जिम्मेदार इस पर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सरकार ने पिछले माह ही रोक लगाई थी कि ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवारियां लेकर चलने वालों पर कार्रवाई की जाए। मगर जिले में इसके लिए चलाया गया अभियान खानापूर्ति बन कर रह गया। यही कारण रहा कि आए दिन हादसे में मौत हो रही है। इतना ही नहीं जिले की सीमा सिधौना से लेकर मटेंहू तक करीब 30 अवैध कट है। जिन्हें बंद कराने के सख्त निर्देश दिए गए। मगर इनमें से कई स्थान आज भी ऐसे हैं जो हादसे को दावत दे रहे हैं। इसके अलावा सर्विस रोड पर वाहन खड़े करने से रोका जाना था, इस पर भी अमल नहीं हो सका।



विपरीत दिशा में हाईवे पर खड़ा स्कूली वाहन।



हाइवे पर डिवाइडर क्रॉस कर जाता ट्रैक्टर।

### ब्लैक स्पॉट वाले स्थान

सिधौना, औड़िहार, सैदपुर, देवकली, पहाड़पुर है। इसके अलावा जिन स्थानों पर माह में दो बार हादसे हुए उन्हें भी ब्लैक स्पाट चिहित कर संकेतक लगाए जाने थे। सुरक्षा के लिहाज से यहां पर ब्रेकर आदि बनवाने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए। मगर इस पर आज तक अमल नहीं हुआ आज भी जिले में कुछ ब्लैक स्पॉट चिन्हित हो सके हैं।

### बोले जिम्मेदार...

सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जो निर्देश दिए। गए थे। इस पर पुलिस, परिवहन और लोक निर्माण विभाग के साथ एनएचएआई के अधिकारियों से तालमेल कर काम किया जा रहा है। इसी माह में सभी काम पूरे होंगे। श्रीराम सिंह एआटीओ।

## इंटरलॉकिंग में घटिया सीमेंट-ईंट का प्रयोग

**पीएम ग्राम सड़क योजना**

### सड़क निर्माण में उड़ीं मानक की धज्जियां

जनसंदेश न्यूज

**मनिहारी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण में जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड-2 द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जहां अनियमितता की शिकायत मिल रही है।

मनिहारी विकास खंड के हंसराजपुर बाजार तिराहे से भड़सर तक 9.40 किमी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका निर्माण 27 मई से ही हो रहा है। हंसराजपुर तिराहे से लेकर ऊसरगांव (नसीरपुर) चौराहा तक सीसी रोड एवं सीसी रोड के दोनों तरफ दो-दो मीटर इंटरलाकिंग निर्माण कार्य प्रस्तावित है। हंसराजपुर से लेकर ऊसरगांव नसीरपुर तक बनाई गई सीसी रोड सड़क में घटिया सामग्री लगाकर निर्माण किया गया है। वहीं सड़क अभी निमार्णाधीन है अभी भारी वाहनों का आवागवन नहीं हो रहा है इसके बाद भी सड़क जगह जगह टूट रही है। सीसी रोड के दोनों तरफ लगाए जा रहे इंटरलाकिंग में जो सीमेंट ईंट का प्रयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है वह टूटा व फूटा हुआ है। प्रयोग हो रही ईंट कहीं सड़क से उजाड़ कर लाई गई है। सड़क निर्माण कार्य सैदपुर के करमपुर गांव निवासी ठेकेदार गंगा प्रसाद सिंह द्वारा कराया जा रहा है।

अधिशासी अभियंता जेपी यादव ने कहा कि इसकी सूचना मिली है। ठेकेदार को बोल दिया गया है कि टूटी फूटी ईंट न लगाएं और जो लग गई है।उसको हटा लें।



हंसराजपुर बाजार तिराहे पर गुणवत्ता विहीन सड़क को देखते ग्रामीण।

### हंसराजपुर- भड़सर सड़क निर्माण में अनियमितता

पीएमजीएसवाई के तहत हंसराजपुर-भड़सर निर्माणाधीन सड़क में अनियमितता की गई है। हंसराजपुर से ऊसरगांव नसीरपुर तक बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त रोष है। शुक्रवार को ग्रामीणों संग मौके पर पहुंचे समाजसेवी ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। शेष बचे कार्य में भी घटिया सामग्री का इतेमाल किया जा रहा है। इसके चलते सड़क गुणवत्ताहीन बन रही है। जगह-जगह पर सड़क अभी से उखड़ी नजर आ रही है। वहीं, कई जगहों पर उखड़ी सड़क को दबाने के लिए रेत बिछा दी गई है। जिससे एकाएक उखड़ी नजर नहीं आती। अगर जांच कर इसके गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो ग्रामीणों संग धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## किशोरी को भगाने के चक्कर में युवक बंदी



कासिमाबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में बीते नौ माह पूर्व एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर लेकर भगाने के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को ग्यारह बजे अंबेडकर तिराहा बहादुरगंज से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। मऊ जनपद के थाना हलधरपुर ग्राम मझउवा निवासी रंजय राजभर पुत्र स्व लालजी के खिलाफ 20 मई 2022 को पीड़िता के पिता ने नाबालिक युवती को लेकर भगाने के मामले मे कासिमाबाद कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। सूचना मिलने पर शुक्रवार के दिन 11 बजे अंबेडकर चौराहा बहादुरगंज से धर दबोचा उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशुतोष शुक्ला, विकास गौतम, सुषमा पाल शामिल रही।

## संक्षेप

### रेत का गुबार राहगीरों को दे रहा दर्द



**सुहवल।** गंगा नदी पर स्थित हमीद सेतु के दोनों पटरियों किनारे रेत की दो फीट मोटी परत पिछले कई महीनों से जमी पड़ी है। बावजूद एनएचएआई इसके साफ सफाई को लेकर लापरवाह बना हुआ है?। इसी का नतीजा है कि इस रेत के चक्कर में फंसकर अब तक इस सेतु पर करीब आधा दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि आए दिन बाईक सवार ,साइकल सवार अनियंत्रित होकर गिरकर चोटहिल हो रहे है। इस संबंध में एनएचए आई वाराणसी के परियोजना निदेशक आरएस यादव ने बताया कि जल्द ही पुल पर जमी रेत को साफ करा दिया जायेगा ।

### उत्तरौली की टीम अगले चक्र में



**सुहवल ।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व. गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है।बृहस्पतिवार की शाम खेले गये एकमात्र मुकाबलें में उत्तरौली ने अमौरा को ट्राईब्रेकर में 5-4 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर मनीष राय,लालजी,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय,प्रफुल्ल चंद्र राय,सोनू,राजू,प्रिंस,राहुल खरवार आदि मौजूद रहे,निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

### आज मुहम्मदाबाद में मुख्य तहसील दिवस

**गाजीपुर।** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सर्म्पूण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में तहसील मुहम्मदाबाद में आहूत की जायेगी।

### माले कार्यकर्ता गरीबों के हक के लिए देंगे धरना

**गाजीपुर।** कम्यूनिस्ट पार्टी ( माले) के दिवसीय जिला कमेटी की बैठक तुलसी सागर लंका कार्यालय पर हुई। बैठक में 15 से 20 फरवरी को पटना में आयोजित पार्टी महाधिवेशन की तैयारी तथा जिले भर में ग्रामीण गरीबों की जा रही गैरकानूनी बेदखली के खिलाफ 10 जनवरी को मुख्यालय कामरेड सरजू पान्डेय पार्क में आयोजित धरना -प्रदर्शन की तैयारी पर रणनीति बनाई गई। भाकपा ( माले) के केन्द्रीय कमेटी सदस्य ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि, योगीराज में पूरे जिले में जिला प्रशासन का बुलडोजर गरीबों भूमिहीनो के ही घरों पर गैरकानूनी तरीके से चल रहा है। अगर कहीं गरीब ने गांव समाज बंजर,की जमीनों पर रिहायशी झोपड़ी लगा लिया है तो उन्हें रोज व रोज नोटिस और धमकी के साथ ही उनसे गैरकानूनी तरीके से वसूली की जारी रही है। जमानियां के तियरी ,लहुआर,सोनहरिया,भतौरा, सैदपुर के खानपुर बेलहरी बैरहिया, सदर के जयरामपुर बिठौरा, मिरदादपुर , करन्डा के भूमिहीन आवासविहीन गरीब जिला प्रशासन की नजर में सबसे बड़े भू- माफिया बन गये है। शहर में गाजीपुर सीटी स्टेशन से लेकर ओपीएम फैक्ट्री तक रेलवे की जमीनों पर बड़े भू माफिया और बिल्डरों का अवैध कब्जा है। बिल्डिंगे शोभा बढ़ा रही है। जिला प्रशासन का बुलडोजर वहां पर नहीं चल रहा है। बैठक को नंदकिशोर बिंद, राजेश वनवासी, योगेन्द्र भारती, सुमित्रा देवी, कन्हैया बिंद, मंजू गोंड, सत्येन्द्र कुमार प्रजापति, ने सम्बोधित किया।

### कूड़ा घर के लिए भूमि पूजन

**सेवराई।** स्वच्छ गांव स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव के गलियों में बिखरने वाले कूड़ा करकट के गंदगी से दूर करने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे कूड़ा घर योजना के अंतर्गत सेवराई तहसील के कर्मनाशा नदी के तटवर्ती गांव सायर में कूड़ा घर का भूमि पूजन विकास खंड भदौरा के सहायक विकास अधिकारी व प्रधान प्रतिनिधि सन्तोष यादव ने विद्वान पंडित द्वारा वैदिक विधि विधान से कराया गया। प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव ने बताया कि सरकार द्वारा गांव को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से कूड़ा घर निर्माण कराया जा रहा है । लगभग दस लाख रुपए के अनुमानित लागत से कूड़ा घर का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर सत्ता यादव, उपेन्द्र यादव,संदीप यादव, सोनू यादव, घनश्याम राम, नंदलालाल राम, अब्दुल्लाह अंसारी, वकील अंसारी, रामविलास चौधरी, पारसनाथ राजभर,दयाशंकर कुशवाहा ,अवधेश कुशवाहा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### चोरों ने विद्यालय को बनाया निशाना

**मरदह।** थाना क्षेत्र के जागोपुर गांव स्थित एम.बी.इण्टर कालेज को चोरों ने निशाना बनाया। विद्यालय के तीन दिवारों में तीन जगहों पर सेंध लगाकर स्कूल में प्रवेश कर चोरों ने विद्यालय के कमरों पर लगें दरवाजे को नुकीले हाथियार से तोड़कर खंगाला गया। जब विद्यालय में कुछ भी कीमती वस्तुएं नहीं मिली तो छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए रखा गया लोहे की आधा दर्जन डैक्स व ब्रेंच को ही उठा लें और जाते जाते विद्यालय के कागजातों को इधर उधर फेंक गयें। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने ने विद्यालय परिवार को इसकी जानकारी दी मौके पर पहुंचे विद्यालय के शिक्षकों ने सभी कमरों की स्थिति को देखते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए छानबीन में जुट गई?। इधर विद्यालय के प्रबंधक रजी अहमद ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और बताया कि ऐसी वारदातें पहले भी हो चुकी है। इस घटना में लगभग बीस हजार रुपए का समान चोरी हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है जल्द से जल्द मामले का पदार्फाश किया जाएगा।

### आज नौ घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**दिलदारनगर।** सात जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक देवल पंप कैनल को बनने वाली 33 केवी लाइन के निर्माण हेतु 220 केवी भदौरा उपकेंद्र से पोषित होने वाले विद्युत उपकेंद्र सायर, विद्युत उपकेंद्र सेवराई और विद्युत उपकेंद्र भदौरा का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगा। जिससे इन उपकेंद्रों से पोषित होने वाले क्षेत्रों की सम्मानित उपभोक्ताओं की सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके लिए विभाग को खेद है। यह जानकारी हेमन्त कुमार सिंह अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ जमानिया द्वारा दिया गया।

### बिजली चोरी पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दिलदार नगर ।**स्थानीय गांव में शुक्रवार को बिजली विभाग की टीम ने शौकीन अभियान चलाया। जिसमें बकाए पर आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई तथा सात लोगों का लोड बढ़ाया गया। एक बाईपास चलाते पाया गया। राजस्व की वसूली 50 हजार की गई। चेकिंग टीम में अवर अभियंता तापस कुमार एजीएमटी कपिल लाइनमैन मनोज संदीप मोनू इतिहास लोग उपस्थित रहे।

### दस हजार का इनामिया गिरफ्तार



**सैदपुर।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 10 हजार के इनामियाँ बेहद शातिर गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी कोतवाल वागीश विक्रम सिंह मय फोर्स सूचना के आधार पर पियरी चट्टी पर पहुंचे और वहां से एक संदिग्ध को धर दबोचा और उसे थाने लाये। उसने अपना नाम मकबूल पुत्र मजीद निवासी आगापुर उर्फ राजापुर बताया। उसके ऊपर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज था और लम्बे समय से फरार होने के चलते पुलिस अधीक्षक ने उस पर 10 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। इस बीच सैदपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जनसंपादकीय

# नासिरगंज की नाच

वे बचपन के दिन और गर्मियों की लम्बी दोपहरे थी । आम के बाग थे- ताल और नदियां थी झ झाड़ झझंखाड थे । इन्ही के बीच हम खरगोशों का पीछा करते थे । परिंदों के घोसलें ढूंढ़ते थे बगीचों के बीच आये हुये नये परिंदे देखते थे । भीषण गर्मियों में आम के पेड़ हमे पनाह देते थे । गांव से थोड़ी दूर पर बुद्धा नदी बहती थी । कभी कभी हमारे दुपहरे वहां बीतती थी । गांव से आगे तालाब था झ जिसमें खूब पानी था , वहां माल-मवेसी के साथ गांव के लोग नहाते थे , वे उत्सव जैसे दिन थे ,जिसे हम दिल से मनाते थे ।

साल भर से हम गर्मी की छुट्टियों का इंतजार करते थे । गर्मी के दिनों में लोग फसले काट- दाय कर खाली हो जाते थे । शादियां अक्सर गर्मी के दिनों में होती थी । बारातें आम के बगीचों में या स्कूलों में रूकती थी । आज की तरह बाराते नही होती थी कि शाम को आये और सुबह विदा हो जाये । वे कम से कम एक या दो दिन जरूर रूकती थी । बाराती लड़कीवालों के नही पूरे गांव के मेहमान होते थे । उन दिनो की सामूहिकता देखते बनती थी । समूचा गांव लड़कीवालो का सहयोग करता था , शादी गांव की इज्जत थी । लोग बढ़ झ चढ़ कर अपने हिस्से का काम करते थे । जब लड़की विदा होती तो पूरा गांव लड़कीवालों के साथ हिचक- हिचक कर रोता था । लड़की के विदा का दृर्श्य कारूणिक होता था , उसके विदा होने के बाद जो खालीपन पैदा होता था , वह उसके बचपन की स्मृतियों से भरा जाता था ।

बारात के साथ नाच न आये , यह असम्भव था , नाच हमारे गर्मी की छुट्टियों का मुख्य आकर्षण था । बारात का आकलन नाच के आधार पर किया जाता था , जिस बारात के साथ नाच नही आती थी झ उसपर आफत आ जाती थी । हम लोग बारातियों के रूकने के स्थल पर मांटे का झोझ विखरा देते थे या केवाच का पाऊडर डाल देते थे । केवाच से देह में खूब खुजली मचती थी , बाराती खुजलाते - खुजलाते बेहाल हो जाते थे । कुंये के पानी से कई गगरा नहाने के बाद उन्हे खुजली से मुक्ति नही मिलती थी । कुछ बाराती तालाब की शरण लेते थे । बारातवालों की गालियां लड़केवालों पर खर्च होती थी , कई बाराती बारात छोड़ कर भाग जाते थे । जवार में उनकी खूब भद्द होती थी , जवार के लोग ऐसी बारातों पर थूकते हुये कहते थे कि लड़कीवाला कितना दरिद्र है कि एक नाच का इंतजाम नही कर पाया । मनोरंजन का मुख्य साधन नौटंकियां थी , कुछ समर्थ लोग पतुरियां की नाच लाते थे । लेकिन यह आम लोगो के लिये सर्वसुलभ नही था । इसके सामंत किस्म के लोग आते थे और पतुरियों के अदा पर नोट लुटाते थे । बड़े रसूख के लोग बदत्तमीजियां भी करते थे , फिर उनके किस्से सरे- आम हो जाते थे । नौटंकियों का अपना अलग शास्त्र था , वे जनसुलभ थी । लोग खुल कर हंसते थे , मस्त होकर नाचते थे , खुला मंच था ,लेकिन पतुरियां के नाच की अपनी सीमायें थी । वहां जानेवालों को अच्छी नजर से नही देखा जाता था , कुछ मनबढ़ लोग बाबूसाहबों के बगल में छिप कर चले तो जाते थे लेकिन लौटने के बाद उनका खूब मजाक बनाया जाता था ।

हमारे जवार में कई नौटंकियां थी , उनका सट्टा पहले से बंध जाता था , जरा सी चूक हुई तो काम से गये । नौटंकियां खूबसूरत छोकरों और जोकरों के दम से चलती थी , छोकरे सज झधज कर बिटिहिनी की तरह दिखते थे , नचनिहों के सीने पर सांप लोट जाता था । हमारे जवार में ऐसी ही नाच कम्पनी थी झ जिसके सूत्रधार गजेंद्र नाथ झा थे । इस कम्पनी को गजेंद्र नाथ पाठक नें तीस साल तक चलाया । इस कम्पनी की नाच हम घर से भाग कर देखते थे । हम सब दोस्त अलग अलग से गांव की बगियां में जुटते थे और काफिले बना कर चलते थे । किसी के हाथ में लाठी , तो किसी के पास टार्च होती थी । हम अंधेरी रात में नदी ,जंगल , खंदक , मेड़ पार करते हुये नाच स्थल पर पहुंचते थे । उस यात्रा का रोमांच ही अलग था , डर को दूर भगाने के लिये गाना गाते या हनुमान चालिसा का सस्वर पाठ करते थे । सुबह होने के पहले हम अपने बिस्तर में घुस जाते थे , घरवालों को कत्तई पता नही चलता था । गांव का कोई आदमी हमे नाच देखते हुये देख लेता था तो उसे घर न बताने के लिये चिरौरी करते थे और उसकी शर्ते पूरी करते थे ।

नासिरगंज की नाच देखते हुये नाच के कई लोग परिचित हो गये थे । नाच में कुछ लोग पड़ोस के गांव के थे । हम नाच के टेंट के किनारे से नचनिहों को चेहरे पर रंग- रोगन पोतते हुये देखते थे । सब से मनोरंजक दृश्य वह होता था झ जब नचनिहे छाती की जगह मुलायम गेद बांधते थे , इससे उनके छाती का उभार वास्तविक लगता था । कई बार हमने स्टेज पर नचनिहों की छाती से गेद को छिटकते हुये देखा है

उसे देख कर हम देर तक हंसते रहे । नाच के आगाज का पता नगाड़े की आवाज से चलता था , नगाड़े की आवाज रात के सन्नाटे में दूर तक सुनाई पड़ूती थी । नगाड़े की आवाज से लोग इकट्ठे हो जाते थे , आवाज को पकड़ कर लोग नाच तक पहुंच जाते थे । नगाड़े बजाने की कला सब को नही आती थी , उसे बिभिन्न ध्वनि में बजाने का काम सबके बस का नही होता है । नगाड़े के बाद का जरूरी वाद्य यंत्र ढ़ोल होता है - उसके बाद सारंगी का नम्बर आता है ।

जैसे जैसे मनोरंजन के साधनों का विकास हुआ , नौटंकियों का जादू कम होने लगा । सब से ज्यादा नुकसान वीडियों के आने से हुआ , इस मशीन से नौटंकियों को निगल लिया था । नौटंकियों के लिये जो थाम- झाम होता था , वह वीडियो के मुकाविले ज्यादा था । वीडियों के लिये बस एक मेज चाहिये और एक जनरेटर , एक रात में कई फिल्में देख ली जाती थी ।

धीरे धीरे समय बीताता गया , बचपन के दोस्त शहर पहुंच गये । शहर से नौकरी में खप गये । कभी तीज त्योहार में गांव आते - लेकिन इतना वक्त नही मिलता था । मन तड़फ कर रह जाता था । जीवन की प्राथमिकताये बदलती गयी , लोकरस सूखता चला गया , गांव हड़बढ़ी में आता और चला जाता । जब गांव आता तो बीती हुई बातें याद आती , बचपन के दोस्त और नाच के अनुभव याद आते । लोग बताते नाच देखनेवाले लोग कम हो रहे है , वे वीडियों देखने में ज्यादा रूचि रखते है । फिर टी. वी का दौर आया , शहर और गांव में उसके पंख फैलने लगे । किसी के पास पीछे मुड़ कर देखने का समय नही रहा , लेकिन मेरी स्मृति में नासिरगंज की नाच का वजूद बना रहा लेकिन इस बार मैंने तय कर लिया था कि मै नासिरगंज के नौटंकी के नायक से जरूर मिलूंगा । मेरे अवचेतन मन में उनका प्रभाव बना हुया था । उन्होने मेरे लोकचित्त को बदला है , नौटंकी के प्रति मेरे अनुराग को बढ़ाया है । नौटंकियों ने हमारी लोकसंस्कृति को समृद्ध किया है , उन्हे याद करना लोकमंडल को याद करना है । नौटंकी ऐसी लोककला है जिसमें हमारे लोकमूल्य सुरक्षित रहते है ।

गजेंद्रनाथ झा ऊर्फ पाठक जी का गांव नासिरगंज मेरे गांव से दो कोस की दूरी पर था । यह बांसी - मेहदावल रोड पर स्थित बेलौहा से थोड़ी दूरी पर स्थित है । यह खेसहरा ब्लाक का उन्नत गांव है यह सड़को से जुड़ा हुआ इलाका है , आवाजाही की सुविधा है । इस गांव में पाठक बिरादरी के साथ अन्य जातिया रहती है । गजेंद्र झा हमारे समय के नायक थे , उन्हे देखना और सुनना मेरे लिये एक अनुभव था । वे हमारे जवार के वेदव्यास ही थे जिन्होने लोकजीवन का महाकाव्य रचा था - भले ही वह नौटंकी विधा में क्यो न हो ।



**स्वप्निल श्रीवास्तव**
**(510 - अवधपुरी कालोनी, अमानीगंज फैजाबाद, मोबाइल- 09415332326)**

# जहीन और ज़िन्दादिल लेखक शमोएल साहब

**स्मरण**



**प्रांजल धर**

शमोएल अहमद। एक नामचीन शख़्स। एक बेहतरीन और ज़िन्दादिल इंसान। उम्दा लेखक और बेहतरीन अखलाक वाले। अदब की भाषा उर्दू के शहंशाह। मेल-मिलाप की भाषा के जादूगर। शब्दों के खिलाड़ी। किस्सागोई के उस्ताद। माहिर। वे तहज़ीब की इन्तिहाँ थे। उन पर कुछ भी लिखने से पहले यह लिख देना बहुत जरूरी है कि उन पर मुझ जैसा नाचीज शख़्स कुछ भी लिखे, बहुत कम ही होगा। मसला अलहदा है। उनसे मेरी अनेक अन्तरंग मुलाकातें। कभी दिल्ली में, कभी पटना में, कभी नोएडा में उनकी बेटी के घर में, कभी सड़कों पर। उन पर कुछ भी लिखना आब-ए-तल्ख से लिखना है। लिखना क्या है, लिखने की एक कोशिश है महज। इसलिए, क्योंकि वे मेरा आशियाना थे। उनके सामने मैं हमेशा खाम। उन्होंने मुझे अल्फाज के तोहफे दिये।

मुझे नहीं मालूम था कि ठीक एक हफ़्ते बाद वे हमसे इतनी दूर चले जाएँगे। मेरे एक परिचित को देशद्रोह का बनावटी और नकली मुकदमा झेलना पड़ रहा है क्योंकि वह सच्चा इंसान है। इसी सिलसिले में शमोएल साहब से उनके इन्तकाल के हफ़्ते भर पहले सुबह-सुबह लम्बी गुफ़्तगू हुई। उन्होंने मेरे उस परिचित की मदद करने से मना कर दिया। उन्होंने मुझे कभी मना नहीं किया। चाहे जायज बात हो या फिर नाजायज। शमोएल साहब के साथ गुँथे-बिंधे रिश्तों में यह उनकी पहली, और जाहिर है कि अब आखिरी, मनाही थी। यह उनकी तबियत के कारण था। वे जूझ रहे थे। साहित्य अकादेमी, दिल्ली में कुछ ईंटें हैं, कुछ पत्थरों वाली कुर्सियाँ हैं। वहाँ सन् 2004 में, फरवरी महीने में, मुझ कमजर्फ़ इंसान से उन्होंने तीन वाक्य बोले थे। तीनों सही निकले। पहला यह बोला था कि 2022 पार नहीं कर पाऊँगा। मैंने कहा कि सर, ऐसा न कहिए। आप हिन्दुस्तान की शान हैं। दूसरा यह बोला था कि प्रांजल छत्तीस साल की उम्र के पहले शादी मत करना। मैंने उनको फोन किया कि शादी तो तय हो चुकी है और अब आगे आप जैसा कहें! उन्होंने कहा कि मैं मना नहीं करूँगा लेकिन तुम्हारी बेगमजान तुम्हारे छत्तीसवें साल को पार कर लें, यह बहुत मुश्किल होगा। बाद में सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा, मेरा निकाह भी छत्तीस साल की उम्र के पहले हो गया। उनकी बात सही निकली, ठीक मेरे छत्तीसवें जन्मदिन पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मेरी पत्नी भर्ती हुईं। उनकी तबियत कुछ नासाज हुई रात के ग्यारह बजे। मैंने शमोएल साहब को फोन किया। उन्होंने कहा कि बारह बजे की घड़ी की सुई पार होने दीजिए। चिन्ता न कीजिए, मैं फि लिस्तीन और इजराइल से जो आइजाबेला लाया हूँ, और आपको चाँदी में पहनाया है, उसको चूमते रहिए। रात के बारह पार हो गए। तारीख बदल गई। वक़्त ने साथ दिया। सब कुछ सही हो गया। चिकित्सक परेशान थे लेकिन मैं नहीं। मेरे पास शमोएल साहब की ताकत थी। मैं निराश था, परेशान नहीं। शमोएल साहब चलते-फिरते शब्दकोश थे। शब्दों की भरमार थी उनके यहाँ। अल्फाज उनकी कलम पर नृत्य करते थे। शब्द नहीं, बहुत कोमल शब्द। तीसरा वाक्य मेरे लेखन के प्रति व्यक्तिगत तौर पर था कि प्रांजल तुम आलोचना की भाषा में काम करो। मैंने वह काम शुरू किया। खैर।

दाहिनी कुहनी पर सर को रखकर सफेद कुर्ते में शमोएल साहब ने मुझसे कई जगहों पर बहुत सारी बातचीत की है। यह उनकी प्रिय देहभाषा और मुद्रा थी। उदाहरण के लिए करोलबाग का सिटी इण्टरनेशनल होटल या फिर सम्राट या जे.पी. सिद्धार्थ होटल। वे सादगीपसन्द और डैशिंग इंसान रहे। बड़प्पन उनके कदम चूमता था। उन्होंने कभी ज़िन्दगी को यह मौका नहीं दिया कि ज़िन्दगी उन्हें जिए। ज़िन्दगी को उन्होंने जिया। अपनी शर्तों पर जिया। उन्होंने दिया, लिया नहीं। उनके पास तौफीक देने की एक अद्भुत कला थी। यह उनकी ज़िन्दादिली का सबूत था। बहुत कम लिखा उन्होंने। बहुत उम्दा। उनकी कालजयी कहानी 'सिंगारदान' पर बहुत लोगों ने लिखा। मैंने उनके उपन्यासों 'नदी' और 'महामारी' पर लिखा। ह्यनदीह्न औरतों के मनोविज्ञान को पकड़ती है। नदी बर्क.की तरह चमकती है। यहाँ चीजें तो रोशन हैं मगर रोशनाई खत्म है। परमानन्द श्रीवास्तव जी को शमोएल साहब पर मेरा लिखना बहुत पसन्द आता था। शमोएल साहब चीजों से हौसला पैदा कर दिया करते थे वरना ऐसा कैसे हो सकता था भला, कि कोई सिंगारदान किसी बृजमोहन के हाथ लगे और उसके परिवार के हाव-भाव बदलने लगें? चावल का एक दाना देखकर शमोएल साहब अगर सब कुछ महसूस न कर पाते तो क्यों लिखते कि फसाद में रण्डियाँ भी लूटी गयी थीं। उसको लूटना जिसके पास लुटाने को बहुत ही कम चीजें मौजूद हों! मजबूरियाँ जिसकी पूँजी हों। भाई अविनाश दास ने लिखा है कि उनकी 'सिंगारदान' कहानी पर फि ल्म बनाने का मन था। अदीब शमोएल साहब के जीवन और लेखन में कोई जल्दबाजी नहीं रही। इस बात को उन्होंने अविनाश दास से भी कहा कि स्क्रिप्ट लिखकर दिखाइए, तब बात करेंगे। बाद में इसी कहानी पर कोई एक मुकदमा भी शुरू हो गया क्योंकि किसी शख़्स ने इस कहानी को चुराकर एक मिनी सीरीज बना डाली थी। अपने साथ हुई इस नाइंसाफी को शमोएल साहब कभी भूल नहीं पाए।

उनकी कि ताब 'गिर्दाब' आई तो एक से ज्यादा भाषाओं में आई। खूब चर्चा हुई उसकी। बाद में उनकी कहानी 'लुंगी' आई तो कुछ कमदिमाग लोगों ने उस पर बहुत ऐतराज किया। यह ऐतराज बहुत चर्चित हुआ। तंग गलियों में शोर हुआ इस ऐतराज का। विजय राय साहब ने इस ऐतराज का इंसाफ से लबरेज जवाब दिया। शमोएल साहब का सबसे प्रिय रंग, सफेद रंग। लुंगी कहानी में अफसानानिगार ने साफ-साफ लिख दिया है कि सफेद लुंगी पहनो भी नहीं कि मैली नजर आने लगती है। भला यह भी कोई रंग है सफेद? इतना वाहियात रंग कि एक दाग तक को न छिपा पाए। जो दाग ही न छिपा पाए वह राजदार कैसे हो सकता है, उस पर ऐतबार कैसे करें! इस ऐतबार से सियाह लुंगी पसन्द आई कि गर्दखोर थी। एक ज्योतिषी ने कहा था कि सियाह शनि का रंग है जो नाउम्मीदी का सितारा है। जरबहार एक प्रोफेसर की बेटी थी और उसने एम. ए. किया था। जरबहार की अदाएँ अलग ही थीं। बातचीत के दौरान ज़ुल्फों की एक लट उसके मुखमंडल पर लहरा जाती जिसे अदा-ए-खास से पीछे की तरफ पलटती रहती। मौज़ूँ और बयानिया दोनों स्तरों पर शमोएल अहमद अभूतपूर्व हैं। वज़ीरे-आजम भूतपूर्व हो सकता है लेकिन शमोएल साहब जैसा लेखक कभी भूतपूर्व नहीं हो सकता। ऐसे लोग अलग लकीर पर चलते हैं, उनके रास्ते अलग होते हैं और इसीलिए अभूतपूर्व होते हैं। मंज़िल एक ही हुआ करती है, रास्ते मुख़्तलिफ। लोग देखते हैं। समझते हैं। अर्जमन्द इंसान शमोएल साहब देखते थे कशिश और खलिश के साथ, देख लिया करते थे पर वे देखने पर रुकते नहीं थे। देखना नामक क्रिया को उन्होंने बेमानी साबित किया। वे छूकर देखते थे। महसूस करके देखते थे। अजीज चीजों को ओढ़-पहनकर देखते थे। लिखकर और रचकर देखते थे। वे न देखकर भी देखते थे और देखकर भी नहीं देखते थे। उनका लेखन करीब-करीब वैसा रहा जैसे कुर्तुलऐन हैदर की रचना 'पतझड़ की आवाज' हो या फिर इन्तिजार हुसैन की 'आखिरी आदमी'। उन्होंने सच बयाँ किया मगर कभी किसी शख़्स की तौहीन नहीं की। शमोएल साहब पैदा भले ही गुलाम भारत में हुए हों लेकिन ताज़िन्दगी वे आजादीपसन्द इंसान रहे। उनकी कृति 'ऐ दिल-ए-आवारा' इसका मुकम्मल सबूत है। यह एक संस्मरणात्मक रचना है। इसमें उनके बहुत सारे संस्मरण हैं, पुरानी यादें हैं और जो नहीं हैं वो उन्होंने मुझे बाकायदा सुनाई हैं। बाद में उन्होंने एक और उपन्यास लिखा। उनवान था 'चमरासुर'। अरुण नारायण ने इस सन्दर्भ में उनका एक इण्टरव्यू भी किया था। इस उपन्यास का मुख्य पात्र एक महरूम समाज से आता है और विजेता बनकर उभरता है। मुल्क की सियासत को देखकर उन्हें यह कहना पड़ा कि अब मैं अँधेरे की एक गर्त में हूँ। यह कहना एक कबूलनामा था। जब दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों पर ज़ुल्म बढ़ते ही चले गए और उन्हें हाशिये पर लाने की पुरज़ोर साज़िशें रची गयीं तो शमोएल अहमद को कहना पड़ा कि 'चमरासुर' लिखकर, मुक्तिबोध की भाषा में, मैंने भी खतरा उठाया है। मठों और गढ़ों को तोड़ने की एक कोशिश की है। उनका कहना था कि अगर यह उपन्यास मैं नहीं लिखता तो मेरा जीना मुश्किल था। वे गूँगे-बहरे लेखक की तरह नहीं थे। अपना विरोध दर्ज.कराते थे, बेहद सलीके के साथ। उन्होंने यह भी लिखा कि, 'हालत यह है कि हम विरोध भी नहीं कर सकते हैं। तुरन्त देशद्रोह का मुकदमा कर दिया जाएगा।'

यासिर अराफात जब भी थोड़ा समय पाते थे तो कार्टून देखते थे। उनका कहना था कि इससे मुझे कुछ नया सोचने का तरीका आता है। ह्यगिर्दाबह्न में शमोएल साहब ने जिस पुरुष मानसिकता की तफ़्तीश की है वह काबिल-ए-तारीफ है। इंजीनियर होकर भी उन्होंने मुझसे इंजीनियरिंग पर कभी कोई बात नहीं की, सिवा एक घटना के। वह घटना यह थी कि जब बिहार के तत्कालीन मुख्यमन्त्री ने एक नल से पानी गिरने के मामले में उनको तलब किया तो उन्होंने कहा कि हुज़ूर, आप इस नलके से पानी निकालने का सवाल खड़ा कर रहे हैं, जरा गौर से देखिए, इन नलकों से हमारा खून बहता है। बाद में यह संस्मरण 'तहलका' नामक प्रतिष्ठित पत्रिका में छपा। यादों की अमानत को सँभालन वाले शमोएल साहब के बारे में लोग कहते हैं कि वे सेक्स के अफ़सानानिगार हैं। मैं इस बात से कोई इत्तेफाक नहीं रखता। उनकी कहानियों ने समाज में फैले सेक्स के जहर को उजागर किया है। उन्होंने एक दलित बच्ची और एक मुसलमान लड़की के रेप का विरोध किया है। इस मुआमले को तथाकथित दबंग जातियों ने मिलकर दबाने की कोशिश की थी। और तो और, राजनीतिक पार्टियाँ भी मामले को दबाने की फिराक में शामिल रहीं। शमोएल साहब ऐसे मामलों से कभी बेखबर नहीं रहे। वे अख़बार पढ़ा करते थे और खबरों के खरेपन को खोजते रहा करते थे।

वे खुले दिल के थे। आजाद पंछी की तरह। सच्चे मायनों में सेक्युलर। साम्प्रदायिकता उनको छू तक नहीं पाई थी। जब ह्यऊँटह्न कहानी आई, तो उसमें एक मौलाना की यौन कुण्ठाओं का उन्होंने ज़िक्र किया। उर्दू पाठकों को यह रचना बुरी लगी क्योंकि ऐसे बेअंदाज पाठक यह कतई नहीं चाहते थे कि किसी मौलाना को बेनकाब किया जाए। शमोएल साहब ऐसे हालात से हारे नहीं, उन्होंने हालात को हराया। ऐसी चीजें उनकी ज़िन्दगी में बारहा सानिहाँ की तरह दरपेश हुईं। इस पेशगी पर उन्होंने गौर किया और झेला भी। अमरीकी सियासत पर उन्हें मुझसे बात करना बहुत प्रिय था। अमरीका की राजनीति और उसकी असली थियोरी को वे समझते थे। इन मामलों पर बात करते समय हमारे बीच बहुत सारी असहमतियाँ भी हो जाया करती थीं। उनके अहसास का दायरा बहुत बड़ा था। उन्हें जमाने के बदलने का एक गहरा गम था। वे कहते थे कि पहले जो उर्दू के रचनाकार थे, वे आपस में मिलते थे और आमफ़हम भाषा में अपने अनुभवों को बाँटते थे, किसी अन्जुमन में। अब ऐसा नहीं रहा। शमोएल साहब पर लोगों ने इल्जाम लगाया कि वे मंटो बनने की कोशिश करते हैं। उन्होंने हमेशा ह्यबड़ा लेखकह्न होने से 'मौलिक लेखक' होना बेहतर पाया। उनकी तलाश ताउम्र जारी रही। वे मौलिक ही रहे। यह सच है कि उन्हें किसी की भी तरह, चाहे वह कितना भी अजीम लेखक क्यों न हो, बनने की कोई तमन्ना नहीं रही। 'बागमती जब हँसती है' तो जाहिर है कि ह्यआँगन का पेड़ह्न याद आता है। यहाँ सियासत-दानों के मकरूह चेहरे सामने आते हैं। अगर कोई इनके खिलाफ आवाज उठाए तो उसका जेहनी इस्तिहसाल होता है। ये रचनाएँ लेखन के प्रति उनके समर्पण को स्याही के जरिये कागज पर उतारती हैं। शमोएल साहब बड़ी बहर की गजल हैं। उन्हें समझना इतना आसान नहीं है। उन पर चंद सतरें लिखना और भी मुश्किल। ऊपरवाले ने उनको बहुत सारी नेमतें बख़्शी थीं। वे इस बात के कायल भी रहे। दोस्तों के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहे। उनका बोलना और लिखना दफ़अतन ही हुआ करता था। वे कभी कोई प्लान नहीं बनाते थे इसलिए बहुत सहज और मौलिक रहे।

एक बार उन्होंने हैदराबाद से मुझे फोन किया। मैंने कहा कि कहाँ हैं जनाब! तो बोले लिली ब्लाजम अपार्टमेण्ट के पास पिलर नम्बर 177 पर। मैंने कहा कि आप खुद एक पिलर हैं तो पिलर पर क्या कर रहे हैं! वे हँसे। उनकी हँसी उसी तरह हुआ करती थी, जैसे यह कहा जाए कि 'नाजुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी इक गुलाब की सी है।' वह खामोश हँसी मैं कभी नहीं भूल सकता। उस हँसी में वे मेरे लिए फि क्रमन्द लगे। उनकी मामूली हँसी सैलाब को भी जमींदोज करने की कूबत रखती थी। मुल्क के ताजातरीन हालात को देखकर वे अक्सर मुझसे कहते थे कि हँसना अब एक जुर्म है। मैं खुशकिस्मत रहा कि उनका साथ मिला। अपने खिलाफ रहने वाले लोगों को उन्होंने कभी तवज्जो नहीं दी। यह उनका स्टाइल और लहजा था। बेफि क्र रहते थे। जो मुकाम उन्होंने हासिल किया, वहाँ तक पहुँचना किसी के लिए भी नामुम्किन है। रवीन्द्र कालिया ने उन्हें बहुत बार छापा। वे कहते थे कि दुनिया में रहकर अलीम शमोएल अहमद जैसा कुछ भी लिख पाना मुश्किल है। उनकी ज़िन्दगी असफ़ार से भरी रही, अस्काम से बहुत दूर।

वे असली आशना थे, सारी दुनिया साथ छोड़ दे, तो भी हमकदम, हमखयाल और हमउम्र बनकर साथ चलने वाले। अपनी ज़िद पर किसी का भी गिरहबान पकड़ लेने वाले हमारे शमोएल साहब। समाज की रिवायतों को जूते की नोक पर रखने वाले। अर्श के तारे टूटने पर अपनी दिली दोस्तियों के लिए मन्नत माँगने वाले शमोएल साहब। किसी भी तरह के ज़िन्दान के खिलाफ मरने तक लड़ने की कोशिश करने वाले। वो जानते थे कि चिड़िया ज़िन्दान से ज्यादा आसमान में उड़ती हुई खूबसूरत लगती है। अजमत के साथ बात करने वाले शमोएल साहब के अपने घर में शादी का एक मौका आया। उन्होंने मुझे न्यौता भेजा। इस खास निकाह के मौके पर मैं



अपनी छोटी बहन कीर्ति बंसल के साथ दिल्ली में शरीक हुआ। उन्होंने दावत दी। मैं और कीर्ति जहनसीब रहे। उन्होंने क्या-क्या नहीं खिलाया। उनकी सोहबत बेकार लोगों का तग़ाफ़ुल कर दिया करती थी। सही मायनों में वे उर्दू कहानी के पासबान थे। उर्दू हो चाहे हिन्दी या फिर अंग्रेज़ी या संस्कृत, उनका तलफ़्फ़ुज हमेशा शानदार, जानदार और ईमानदार रहा। माजी लोगों के पीछे घूमता है, उनके आगे घूमता था। वे बज्म नहीं थे महज, रौनक-ए-महफि ल थे। अहद और लहरें उनके लिए रुक जाया करती थीं। कहानियाँ वे पाठकों तक कासिद से भिजवाते थे। उनके अन्दर आफ़ताब और महताब साथ-साथ रहते थे। वे विरुद्धों का सामंजस्य थे। उनसे बात करने के लिए लोगों की लम्बी-लम्बी कतारें देखी हैं मैंने। वह एक दौर था। कोई ज्योतिष के बहाने मिलना चाहता था तो कोई अपनी गुस्ताख़ी बयाँ करने। चाहने वालों को बेशुमार मुहब्बत दी उन्होंने, हालाँकि खुद वे आबला-पा रहे। उनकी रचनाएँ अल्लाह की इनायत से उतरी हैं और बड़ी शिद्दत से उन्होंने इन रचनाओं को गढ़ा है। आसमान की सीमा को महसूस करने वाले शमोएल साहब हमेशा जमीन पर ही रहे। उन्होंने जमीन नहीं छोड़ी। प्रख्यात कवयित्री सविता सिंह जी का उनके बारे में यही कहना है। यह कहना रफ़्ता-रफ़्ता सच होता गया। वो बियाबाँ में रहते थे और बहार घर में आती थी।

एक वाकया याद आता है। उनके घर का एक जवान बच्चा जम्मू कश्मीर में तैनात था। वे इस तैनाती के खिलाफ थे। मैं उनके साथ बैठा हुआ था और उन्होंने कहा कि कैसे समझाएँ एक वालिद की तरह! इसलिए, क्योंकि वह बच्चा कहता था कि जब मैं फाइटर प्लेन से नीचे उतरकर चौड़ा होकर चलता हूँ तो मुझे अहसास होता है कि कोई असद चल रहा है। यह चलना रुक गया। वे मायूस हुए। मुझे विद्याधर सूरजप्रसाद नायपॉल की कि ताब 'ए राइटर्स पीपुल' याद आती है। उसे पढ़कर महात्मा गांधी या विनोबा भावे के बारे में कुछ बेहद नई चीजें मालूम पड़ती हैं। सोचने का एक हौसला बढ़ता है। लेखक के कुछ अपने लोग हुआ करते हैं, यह शमोएल साहब के साथ भी रहा। आप 'अनकबूत' पढ़िए। आपके लफ़्ज नाकाम हो जाएँगे। एक वक़्त ऐसा था जब मेरे सितारे गर्दिश में थे, तब उन्होंने थाईलैण्ड से मेरे लिए हरे रंग का एक रत्न मँगवाया था। मुझे उससे बहुत राहत मिली।

शमोएल अहमद की रचनाओं को पढ़ते हुए पाकिस्तानी मार्क्सवादी समाजशास्त्री हमजा अल्वी की बातें याद आती हैं। उन्होंने अतिविकसित राज्य का सिद्धान्त दिया। अपनी, खुद की कोशिशों से जो राजव्यवस्था न गढ़ी जाए वहाँ जम्हूरियत एक बेमेल हालात है। शमोएल साहब का लेखन इन पीछे छूट गए लोगों पर बात करता है। आर्मी, पुलिस और सिविल सर्विस बिरतानिया हुकूमत की देन रहे, पर मन हम सबका हिन्दुस्तानी ही रह गया। यह सभ्यताओं की कोमल और शान्त एक टक्कर थी। इस टक्कर से शमोएल साहब अपने लेखन में लगातार टकराते हैं। जीतते हैं। सियासत किस तरह सच्चे लोगों का मुँह बन्द करना बखूबी जानती है, शमोएल साहब इससे वाकि फ थे। उन्होंने इन चेहरों की नुमाइंदगी की है। इस लेख की एक आखिरी बात और! शमोएल साहब से जब उनके इन्तकाल से पहले मेरी बात हुई तो उन्होंने कहा था कि दिल्ली आऊँगा जल्द और हमेशा की तरह साथ बैठेंगे। वैसा हो न सका। ऊपरवाले को मंजूर नहीं था शायद। वे मेरे आजर्दाह जेहन में हमेशा रहेंगे अपने अफ़सानों के बलबूते।

**(सी-17, एन.पी.एल. कॉलोनी, न्यू राजेन्द्र नगर,नई दिल्ली, संपर्क 9990665881)**

# सोच विचार का आईना है 'सम्पादकनामा'

**मूल्यांकन**



**कौशल किशोर**

न खींचो कमानो, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल, तब अखबार निकालो।

यह अकबर इलाहाबादी का मशहूर शेर है जो कलम की ताकत का एहसास कराता है। विचारों की मार तलवार से अधिक मारक होती है। शहीदे आजम भगत सिंह भी कहते हैं कि क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है। कहने का आशय है कि पत्र-पत्रिकाएं भावों-विचारों को पहुंचाने का प्रमुख माध्यम है। यह आम लोगों को मानसिक-सांस्कृतिक खुराक प्रदान करती हैं। वाराणसी हिंदी प्रदेशों का प्रमुख साहित्यिक-सांस्कृतिक केंद्र है। यहीं से 'सोच विचार' मासिक पत्रिका निकलती है। इसने 14 वर्षों की यात्रा पूरी की है। यह यात्रा तमाम कंटकों के बावजूद आज भी जारी रही है। इसकी शुरूआत अर्थात पहला अंक फरवरी 2009 में आया था। इसका लोकार्पण तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने किया। यह समय था जब धर्मयुग, साप्ताहिक हिंदुस्तान, दिनमान, रविवार, सारिका जैसी बड़े संस्थानों से निकलने वाली पत्रिकाएं बंद हो चुकी थीं। ये हिंदी समाज के मध्यवर्गीय परिवारों में खूब पढ़ी जाती थीं। ऐसे ही समय में 'सोच विचार' मासिक साहित्य-पारिवारिक पत्रिका की शुरूआत हुई। शुरू में इसके जीवन और निरंतरता को लेकर आशंकाएं भी व्यक्त की गईं। कहा गया कि जहां बड़े-बड़े डूब गए वहां नौसीखिए का पानी में उतरना बुद्धिमानी नहीं है। पर 'नौसिखए' ने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उसने जो कर दिया, वह किसी इतिहास से कम नहीं है। उसी का प्रतिफल है कि पत्रिका ने एक लंबी यात्रा पूरी की है। वह सफर आज भी जारी है।

'सोच विचार' के प्रकाशन के 12 वर्ष पूरा होने पर हर महीने प्रकाशित होने वाले संपादकीय को 'सम्पादकनामा' शीर्षक से एक पुस्तक का रूप दिया गया है। इसमें पत्रिका के प्रवेशांक से लेकर 144 वे अंक तक का संपादकीय संकलित है। संपादन-संकलन का काम पत्रिका के संपादक नरेंद्र नाथ मिश्र ने किया है जो सेवक प्रकाशन, वाराणसी से प्रकाशित हुआ है। इससे पत्रिका का वैविध्यपूर्ण और वैचारिक-सांस्कृतिक चेहरा सामने आता है। इस पुस्तक के माध्यम से विगत एक दशक से अधिक के समय, समाज, जीवन, परंपरा, साहित्य, संस्कृति, भाषा, राजनीति, इतिहास आदि की झलक मिलती है। 'सम्पादकनामा' की नजर से कौन सा विषय ओझल रह गया है, यह कहना मुश्किल है और इससे भी मुश्किल है कि किस विषय पर लिखा जाए तथा किसे छोड़. दिया जाय। ऐसा ही विषय वैविध्य से भरा यह 'सम्पादकनामा' है।


'सोच विचार' ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 14 वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रश्न है कि इस बाजारवादी समय में जब शब्द संस्कृति पर सर्वाधिक चोट पड़ रही है पत्रिका ने अपनी निरंतरता को कैसे बनाए रखा है? 14 वर्षों तक पत्रिका का निकलना कोई सामान्य परिघटना नहीं है। इस प्रश्न का उत्तर काशी की साहित्यिक-सांस्कृतिक परंपरा में खोजा जा सकता है। पहली बात, पत्रिका बाजारवाद के विरुद्ध साहित्यिक पत्रकारिता की उस समृद्ध परंपरा से अपने को जोड़ती है जो भारतेंदु की 'कविवचन सुधा', महावीर प्रसाद द्विवेदी की 'सरस्वती', प्रेमचंद की 'हंस', हिंदी प्रदीप, मयार्दा आदि से आगे बढ़ी है। दूसरी बात, इसे साहित्यकारों तक सीमित न करते हुए घर-परिवार की पत्रिका में बदल देना है। इसी का प्रतिफल है कि प्रकाशन के 3 वर्ष के भीतर ही पाठक-परिवार की संख्या 2000 तक पहुंच गई। इस तरह यह मात्र लेखकों की पत्रिका न होकर पाठकों की पत्रिका बनी। इसका स्वरूप पारिवारिक पत्रिका का बन गया। यही कारण है कि जब लॉकडाउन के समय पत्रिकाओं का प्रकाशन असंभव सा हो गया था। ऐसे समय में भी 'सोच विचार' का प्रकाशन बंद नहीं हुआ। इस विकट दौर में भी पत्रिका छपी। उसका वितरण हुआ। यह संपादकीय-प्रकाशकीय टीम की प्रतिबद्धता व समर्पण के कारण ही संभव हुआ है।

अब कुछ बातें 'सम्पादकनामा' की विषय-वस्तु पर जो इसमें संकलित हैं। पत्रिका वाराणसी से निकलती है। इसमें बनारस का बनारसीपन है, तो काशी की सामासिक संस्कृति है। यह विविधता के भीतर एकता की संस्कृति है जो सभी को अपना बना लेती है। पत्रिका के 5 अंक निकलने के बाद आर एन आई द्वारा जुलाई 2009 के अंक को मान्यता मिली। उसके बाद से हर वर्ष के जुलाई अंक को पत्रिका ने 'काशी अंक' के रूप में निकालना शुरू किया। इस तरह 'संपादकनामा' में कुल 11 काशी अंक के संपादकीय शामिल हैं। पहले काशी अंक के संपादकीय की शुरूआत प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह की बहुचर्चित कविता 'बनारस' के अंश को उद्धृत करते हुए किया गया है- 'अद्भुत है इसकी बनावट/यह आधा जल में है/आधा मंत्र में/आधा फूल में है/आधा शव में/आधा नींद में है/आधा शंख में/अगर ध्यान से देखो तो आधा है और आधा नहीं है'। संपादकीय में कहा गया कि काशी की सभ्यता, संस्कृति, इतिहास और विचारधारा पर बात करने का मतलब भारत की सामासिक संस्कृति के संदर्भ में बात करना है। काशी उसका एक मॉडल है 'जो कभी किसी एक की नहीं रही, यह सदैव सबकी, सबसे और सबके लिए रही'। समय के साथ समाज व जीवन मूल्य भी बदले हैं। इसका प्रभाव भी पड़ा है। पत्रिका की नजर इस 'बदलती काशी' पर भी है।

भारतवर्ष त्यौहारों और पर्वों का देश है। इनका धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व है। 'सम्पादकनामा' में इन पर अनेक लेख और टिप्पणियां हैं जैसे - जनपर्व होली, पर्वोत्सवों का विज्ञान, ऋतु पर्व होली, अक्षय नवमी, बुढ़वा मंगल, नवरात्र, दीपावलीः स्वातंत्र्य का प्रतीक, महाशिवरात्रि, कुंभ मेला, ऋषि पंचमी, भारतीय पर्वों का संदेश, वैशाखी का महत्त्व, मानवता के प्रतिष्ठापक हैं हमारे पर्व आदि। पर्वों के महत्त्व और इनसे संबंधित कथाओं की चर्चा है। यह देखने में भी आता है कि जो त्यौहार खुशियां लाते हैं, वे वर्तमान में अपने साथ अनेक समस्याएं और गम भी ले आते हैं। पत्रिका में इन पर भी चर्चा है। पर्व-त्योहार के मूल उद्देश्य क्या है? इस पर विस्तार में विचार किया गया है। कहा गया है कि पर्वों का उद्देश्य मनुष्य के भीतर मानवता के उदात्त भावों को प्रतिष्ठित तथा संकुचित एवं भेदभाव मूलक मानवता विरोधी प्रवृत्तियों का शमन करना है। समाज में भाईचारा, प्रेम, सहिष्णुता व उदारता की सलिला बहती रहे। यहां हिन्दू धर्म के उदार, समावेशी और सहिष्णु रूप को लाया गया है। भारत बहुधार्मिक देश है। 'सोच विचार' में हिंदुओं के तीज-त्योहारों पर विस्तार में चर्चा की गई है। वहीं, अन्य धर्मों के त्योहारों की चर्चा नहीं के बराबर है। यहां सोच में हिन्दू धर्म के प्रति विशेष आग्रह का भाव दिखता है। इससे हिन्दी के साथ हिन्दू पत्रिका का आभास होता है। उर्दू और जनभाषाओं के प्रति भी यही दृष्टिकोण है। जबकि हिन्दी साहित्य का विपुल भंडार जनभाषा के साहित्य से भरा है। हम उम्मीद करते हैं कि 'सोच विचार' का संपादक मंडल इस दिशा में भविष्य में अवश्य विचार करेगा।

'सोच विचार' ने अपनी यात्रा के दौरान अनेक विशिष्ट व्यक्तियों और विधाओं पर केंद्रित अंक और साहित्यकारों पर एकाग्र का प्रकाशन किया। महात्मा गांधी की 150 वी जयंती के अवसर पर अक्टूबर 2019 का जो अंक प्रकाशित हुआ, उसके संपादकीय का शीर्षक था 'गांधीः लोकजागरण के महान ऋषि'। इसमें गांधी जी के मानवतावादी गुणों पर चर्चा की गई है। इसके साथ ही बापू के अनुयायी लाल बहादुर शास्त्री के सद्गुणों को भी सामने लाया गया है। यह संदेश भी है कि हिंसा और अराजकता के दौर में गांधी के विचार शैतानी संस्कृति के विरुद्ध हमारे अंदर आत्मबल को जागृत करते हैं। जून 2020 में ह्यप्रणाम बापूह्न शीर्षक से अंक निकला जिसके संपादकीय का शीर्षक है 'सोच में गांधी विचार'। अर्थात गांधी व्यक्ति से अधिक विचार हैं। इसी तरह 'स्वामी विवेकानंद के जीवन संदेश', 'वाणी विमल रैदास की', 'भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर', 'महाकवि जयशंकर प्रसाद', 'प्रेमचंद की स्वतंत्र्य चेतना' शीर्षक से पत्रिका में लिखे गए संपादकीय संकलित है। इसमें इनकी सामाजिक व साहित्यिक भूमिका और इनके योगदान पर चर्चा की गई है। 'सोच विचार' की ओर से मई 2012 में कथा अंक निकाला गया। इस अंक के संपादकीय का शीर्षक है 'भ्रष्टाचार यथार्थ है तो सदाचार भी'। कहानी के बारे में इस बात को रेखांकित किया गया कि गढ़ी गई कहानियों की जगह पाठकों को जिंदगी से कढ़ी हुई कहानियों की अपेक्षा है। ये कहानियां बनाई नहीं जाती अपितु बन जाती हैं। इसका आशय है कि कहानियों का रिश्ता जीवन की सच्चाइयों से है। पत्रिका ने आधुनिक साहित्यकारों जैसे डॉ रामदरश मिश्र, ठाकुर प्रसाद सिंह, सूर्यबाला आदि पर एकाग्र निकाले। इसके साथ पत्रिका की ओर से बैंकिंग उद्योग पर भी केंद्रित अंक प्रकाशित हुआ। इस तरह जो विशेष अंक निकाले गए, वे विविधताओं से भरे हुए हैं। यह उन अंकों के संपादकीय में दिखता है।

'सोच विचार' की ओर से राष्ट्रीय पर्वों, धार्मिक त्योहारों, हिन्दी दिवस, शिक्षक दिवस, साहित्यकारों और महापुरुषों की जन्म तिथियों पर जो अंक निकाले गए हैं, उनका संदर्भ समकालीन है तथा वर्तमान में उनके महत्व पर रोशनी डाली गई है। हमारा वर्तमान हलचल से भरा है। भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हुए। इसे अमृत महोत्सव वर्ष कहा गया। हमने जनतंत्र की राह चुनी। हमारे पड़ोस में जहां जनतंत्र लुढ़कता रहा है, वहीं भारतीय जनतंत्र की दुनिया में ख्याति है।





फिर भी राजनीति और जनतंत्र में आए क्षरण पर 'सोच विचार' की निगाह है। पत्रिका का काम निगहबानी करना भी है। इससे संबंधित अनेक आलेख 'सम्पादकनामा' में है जैसे जनतंत्र का मतलब, जनता और जनतंत्र, जनतंत्र का स्वास्थ्य, जन सेवा और राजनीति, मानवता की बुनियाद है स्वतंत्रता, लोकतंत्र का चौथा खंभा आदि। ऐसे अनगिनत लेख हैं जो जानकारी मूलक हैं, पाठकों का ज्ञान-वृद्धि करते हैं, स्थितियों और समस्याओं से अवगत कराते हैं तथा चुनौतियों का एहसास कराते हैं।

वास्तव में, 'सोच विचार' पत्रिका के संपादक नरेंद्र नाथ मिश्र ने इसके 12 वर्षों के संपादकीय को 'संपादकनामा' पुस्तक के रूप में संकलित कर एक जरूरी और महत्वपूर्ण कार्य किया है। 'पुरोवाक' शीर्षक से भूमिका पत्रिका के संरक्षक और प्रधान संपादक जितेन्द्र नाथ मिश्र ने लिखी है। मानव सभ्यता के सामने चुनौती, सत्ता नहीं व्यवस्था बदलनी चाहिए, अभिव्यक्ति की आजादी, केवल कैलेंडर बदलने से क्या होगा, हिंदी पत्रकारिता की शक्ति स्वतंत्रता, भाषा नहीं संस्कृति है हिंदी, एक नया सुनहला सवेरा, मानवता की बुनियाद है स्वतंत्रता आदि लेखों से सहज आभास होता है कि यह पुस्तक सोच विचार का आईना है, हमारे समय का वैचारिक आख्यान है। यह पाठकों के अंदर भारतीयता की भावना भरता है। उनमें भाषा के प्रति अनुराग पैदा करता है तथा हर संकट और चुनौतियों के मुकाबले के लिए तैयार करता है। यह लोगों को जगाने का काम करता है। यही पत्रिका का सांस्कृतिक काम है। 'सम्पादकनामा' से गुजरते हुए प्रेमचंद का यह कथन याद आता है जिसमें उन्होंने कहा है' हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा जिसमें उच्च चिंतन हो, स्वाधीनता का भाव हो, जो हममें गति और बेचैनी पैदा करे, सुलाए नहीं, क्योंकि अब और ज्यादा सोना मृत्यु का लक्षण है।

कृतिः सम्पादकनामा ('सोच विचार' पत्रिका के संपादकीय का संकलन)
संपादनः नरेन्द्र नाथ मिश्र
प्रकाशकः सेवक प्रकाशन, वाराणसी
पृष्ठ संख्याः 296
मूल्यः रुपये 400.00

**(एफ - 3144, राजाजीपुरम, लखनऊ - 226017 मोबाइल - 8400208031)**

# परिवार रजिस्टर की नकल के लिए दौड़ाया तो लेंगे ऐक्शन

**दी चेतावनी**

### बीडीओ ने राजापुर सिकरौर में लगायी चौपाल

### ग्रामीणों की सुनी समस्याएं समाधान का दिया आश्वासन



चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते बीडीओ

**संजरपुर (आजमगढ़)।** मिजार्पुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर सिकरौर गांव में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी मिजार्पुर राजन राय के नेतृत्व में ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्या सुनायी। जिस पर खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अब आपको ग्राम पंचायत अधिकारी से किसी भी प्रकार के कागजात लेने के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

गांव के ग्राम पंचायत भवन के बिल्डिंग में ही सारे कागजात उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल व अन्य कागजात के लिए यदि ग्रामीणों को ब्लॉक पर दौड़ाया गया तो संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के ऊपर विभागीय कार्यवाही होगी। ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि यह ग्राम पंचायत हमारे विकास खंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। इस ग्राम पंचायत पर अधिकारियों की पैनी नजर होती है। इस गांव में जितने भी पात्र व्यक्ति हैं उनके लिए आवास का आवंटन हुआ है यहां जांच करने की जरूरत है। यदि भूलवश किसी अपात्र को पात्र बनाया गया है तो उसका नाम पात्र की सूची से काट कर अपात्र व्यक्ति को उसका लाभ दिया जाए। यदि किसी के घर में सरकारी धन से दो शौचालय बनाया गया है तो एक का धन रिफंड किया जाय। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में कचरा पीट बनाया गया है जो भी गांव का कचरा हो उस पीट में ही डाला जाए जिससे गांव स्वच्छ और साफ बना रहेगा। यदि ब्लॉक कर्मचारी किसी काम के लिए रिश्वत की मांग करते हो तो यह जानकारी हमें दें, संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस अवसर पर एडीओ पंचायत सुरेश प्रजापति, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, शफीकुर्रहमान आदि मौजूद रहे। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार को कस्बा देवगांव ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्राम की महिला व पुरुषों ने हिस्सेदारी किया। चैपाल में ग्रामीणों की समस्या जैसे नाली, आवास, शौचालय, पेंशन, रास्ता, इंटरलॉकिंग जहां जो भी समस्या है लोगों द्वारा सूची में दर्ज कराया गया। अवधेश कुमार सिंह ग्राम सचिव ने कहा कि जो समस्या ग्रामीणों द्वारा बताई गई उसको सूचीबद्ध किया गया है। सक्षम अधिकारियों द्वारा उसका मौके पर जांच कर सत्यापन किया जाएगा। जहां नाली की जरूरत होगी, वहां नाली बनेगी। जिस गरीब के पास आवास नहीं होगा उसको आवास दिया जाएगा। जहां शौचालय की आवश्यकता होगी और शौचालय बनेगा। जो पेंशन के पात्र हैं उनकी पेंशन बनाई जाएगी, रास्ता इंटरलॉकिंग कार्य होगा। इस अवसर पर सीडीपीओ लालगंज सेक्टर, एडीओ एजी प्रदीप यादव, प्रधान सुफियाना, अनीस कुरैशी प्रधान प्रतिनिधि, पूर्व प्रधान कपिल चैरसिया, पंचायत सहायक रहमत खान आदि तमाम लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार नंदापुर ग्राम सभा में ग्राम चैपाल का आयोजन हुआ। एडीओ एजी प्रदीप यादव ने कहा कि जो भी समस्या ग्रामीणों की है उनका मौके पर जांच करार निस्तारण किया जायेगा। इस अवसर पर एडीओ पंचायत ओम प्रकाश सिंह, प्रमोद यादव, प्रधान आनंद कुमार यादव, मनोज कुमार, पंचायत सहायक शैलेंद्र यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



लालगंज में चौपाल में सुनवाई करते अधिकारी

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार ग्राम पंचायत भगतपुर प्राथमिक विद्यालय परिसर में गांव की समस्या गांव में समाधान, का चैपाल के माध्यम से आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी सहकारिता संतोष कुमार मिश्र रहे। इस दौरान लगभग 10 शिकायतें आई थी जिसमें से मौके पर 7 मामलों का समाधान किया गया वहीं 3 मामले नाली व आवास के पड़े थे। इस मौके पर बलवंत कुमार ग्राम विकास अधिकारी, सूरजपाल यादव लेखपाल, आदित्य किशोर शाही, ग्राम प्रधान इंद्रावती देवी, प्रधान प्रतिनिधि बाबूराम, विनोद कुमार सिंह, विपिन सिंह (पप्पू सिंह), रामचरन यादव, रामदरश यादव, सीताराम गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# अभियुक्त अंगद यादव के घर पुलिस ने की कुर्की



अभियुक्त के घर डुगडुगी पिटवाते अधिकारी

**आजमगढ़।** थाना सिधारी पुलिस ने अभियुक्त अंगद यादव पुत्र रामबदन यादव, निवासी मूसेपुर, थाना सिधारी द्वारा अपराध जगत से अर्जित कुल सम्पत्ति (बनाये गये अवैध मकान व एक मोटर साइकिल) जिसका वर्तमान मार्किट मूल्य लगभग 40 लाख रुपय का अन्तर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत कुर्क किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अंगद यादव पुत्र रामबदन यादव के विरूद्ध थाना सिधारी पर गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्त अंगद यादव वर्ष 2000 से 2015 तक 3 आपराधिक मुकदमें पंजीकृत है। अभियुक्त भौतिक दुनियावी लाभ अर्जित करने के लिये हत्या, हत्या के प्रयास, आपराधिक षडयंत्र जैसे गम्भीर अपराध कारित करता रहता है जिससे आमजन में भय व आतंक व्याप्त है। अभियुक्त द्वारा अपराध कारित करके अर्जित धनराशि से सृजित सम्पत्तियों अभियुक्त की पत्नी विमला द्वारा पुस्तैनी जमीन स्थित मूसेपुर, तहसील सदर गाटा संख्या-217 व 218 पर 255 वर्ग मीटर भूमि पर मकान का निर्माण कराया गया है। अभियुक्त द्वारा स्वयं के नाम से मोटर साइकिल क्रय किया गया है।

### 15 बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

फूलपुर (आजमगढ़)। विद्युत विछेदन के बाद पुनः बिजली का उपयोग कर रहे चार उपभोक्तावो के खिलाफ विद्युत विभाग ने मुकदमा पंजीकृत कराया है। बिद्युत उच्चाधिकारियों की सख्ती का यह आलम है कि बिद्युत अभियन्ता इस कड़ाके के ठण्ड में गांव-गांव बकायादारो के कनेक्शन कटवाने, अवैध रुप से बिद्युत का उपयोग करने वालो के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में अभियन्ता निखिल शेखर सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के चमावा ग्राम पंचायत में 15 बिद्युत बकायादारो के खिलाफ बकाया रहने पर बिद्युत विच्छेदन की कार्यवाही की और केबल भी काटकर उठा ले गये। वहीं इजहारुल हक पुत्र समसुद्दीन निवासी चमावा द्वारा बाईपास से बिद्युत की चोरी की जा रही थी जिनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। वहीं मुख्य चैक पर बुझारत पुत्र राम पलट तथा जोमा में अनवर व राजन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इन लोगो द्वारा बिद्युत बकाया पर कनेक्शन काटने के बाद बिना जमा किये पुनः बिद्युत का उपयोग किया जा रहा था। इस अवसर पर पवन, प्रशांत, देवी श्याम, रमाकांत, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन में रीढ़ साबित हो रहीं आशा

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** ब्लॉक अतरौलिया की आशा संगिनी कंचन पांडे ने बताया कि हमारे जैसी 20 आशा कुल 81 फाइलेरिया मरीजों की निगरानी कर रही हैं। साथ ही अपने क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए इस रोग से बचाव एवं लक्षण की जानकारी देती हैं। उन्होंने बताया कि यह रोग मुख्य तौर पर शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है।



फाइलेरिया के बारे में जानकारी देती स्वास्थ्यकर्मी

इसमें हाथ, पैर, हाइड्रोसील और महिलाओं का स्तन शामिल है। सिर्फ हाइड्रोसील वाले मरीजों को ऑपरेशन से राहत मिल सकती है लेकिन अन्य समस्याओं में व्यायाम और सफाई का काफी महत्व है। उन्होंने बताया कि संक्रमित व्यक्ति को सामान्य उपचार के लिए किट उपलब्ध कराते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। यह क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। हालांकि इसके लक्षण आने में 5-10 साल लग जाते हैं। इससे बचाव के लिए साल में एक बार दवा खिलाने का अभियान चलाया जाता है। हालांकि यह दवा गर्भवती, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति और दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को नहीं खानी होती है। उन्होंने बताया कि लगातार पांच वर्षों तक साल में एक बार दवा खा लेने से इस बीमारी के होने से रोकने या नियंत्रित करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन को विभिन्न कार्यक्रम चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 548 लिम्फोडिमा के मरीज चिन्हित किए गए हैं। इसमें कुल 178 हाइड्रोसील के मरीज हैं। इनमें कुल 36 मरीजों का हाइड्रोसील ऑपरेशन किया गया है। शेष का शिविर लगाकर उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है।

# दस को मनायी जायेगी बाबू विश्राम राय की जयंती: शैलेश



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा मुख्यालय स्थित डीएवी इण्टर कालेज के प्रांगण में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रदेश मंत्री शैलेश राय ने कहा कि आगामी 10 जनवरी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला अधिवेशन पूर्वांचल के गाँधी बाबू विश्राम राय का 113वीं जयन्ती मनायी जायेगी। कार्यक्रम का मुख्य मुद्दा पुरानी पेंशन को लागू कराना है। साथ ही इसे गोरखपुर फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य विधान परिषद देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह के साथ-साथ शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में काम करने वाले अपना विचार देंगे। उन्होंने बताया कि उनके संगठन के अनुरोध पर पूर्वांचल के गाँधी बाबू विश्राम राम के कलेक्ट्रेट स्थित प्रतिमा का कुछ समाजसेवियों द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिसका हम स्वागत करते हैं। प्रदेश मंत्री ने यह भी बताया कि कार्यक्रम के लिए जिलाविद्यालय निरीक्षक द्वारा अवकाश भी स्वीकृत कर दिया गया है। इस अवसर पर शेषनाथ मिश्र, बालकेश दूबे, बलवन्त सिंह, दिनेश सिंह, साकेत चतुवेर्दी, नागेन्द्र कुमार बलवन्त श्रीवास्तव, अमित सिंह, सुनील राय, डा.देवी राम, रविशंकर लाल उपस्थित रहे।

# जर्नलिस्ट क्लब ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

### राजकीय संग्रहालय के लिए डीएम ने दी सैद्धांतिक सहमति

### अन्य दो मांगों को लेकर शासन को भेजा जाएगा यह मांगपत्र

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ।** जर्नलिस्ट क्लब ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी से मुलाकात कर जनहित से जुड़ी मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र सौपा। जर्नलिस्ट क्लब के संयोजक डा अरविन्द सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के समक्ष तीनों मांगों को विस्तार से रखा। जिसे जिलाधिकारी ने बड़े आत्मीयता से न केवल सुना, बल्कि जनहित की इन मांगों को उचित करार देते हुए पूरा कराने में अपना पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। क्लब की मांगें निम्नवत हैं 1-आजमगढ़ के पौराणिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन से जुड़े प्रतीक चिन्हों, दुर्लभ पौराणिक चिन्हों, स्वतंत्रता आंदोलन के दृश्यों के संकलन के हेतु मंडल मुख्यालय पर एक राजकीय संग्रहालय का निर्माण कराया जाय, 2-स्वतंत्रता आंदोलन के कालखंड के दृश्यों और घटनाओं को श्लाइट एंड साउंड प्रोग्रामश के माध्यम से दृश्यांकन हेतु परियोजना बनाई जाय और संचालित की जाय। हमारी यह मान्यता है कि यह प्रयास जनपद के समृद्ध इतिहास को संजोने, उसे जानने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। 3-आजमगढ़ की पौराणिकता, ऐतिहासिकता, साहित्यिकता और आजादी के आंदोलन में योगदान आदि विषयों पर गहन अध्ययन के लिए उच्च शिक्षा विभाग और कुलपति- महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय को आदेशित करें कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोधपीठ, गुरुभक्त सिंह भक्त शोध पीठ, अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध शोध पीठ, कैफी आजमी शोधपीठ की स्थापना और संचालन करें। क्लब के संयोजक डा अरविन्द सिंह ने कहा कि आजमगढ़ का इतिहास बहुत समृद्ध है। हम सभी आजमगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, पौराणिक, ऐतिहासिक महत्व और पुरातात्त्विक, पर्यटन तथा स्वतंत्रता आंदोलन के ऐतिहासिक प्रतीकों, चिन्हों, विरासतों और दुर्लभ प्रतीकों के संरक्षण को लेकर चिंतित हैं। हम, हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान को संजोने को लेकर चिंतित हैं। जिसको लेकर हमने शासन और प्रशासन को अवगत कराया है। हमारी मांगे आजमगढ़ को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने वाली हैं। जिलाधिकारी ने संग्रहालय निर्माण की हमारी पहली मांग के लिए कला भवन में एक सभागार आरक्षित कर उसे संग्रहालय के रूप में विकसित करने का वायदा किया। तथा शेष दोनों को अविलंब शासन को भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रशांत राय, अरविन्द पाण्डेय, जितेन्द्र पांडित्य, अच्युतानन्द तिवारी, शरद सिंह, पंचानंद तिवारी, सोनू सेठ, मानव, राकेश वर्मा, प्रदीप यादव, पुष्कर कुशवाहा, आदि लोग उपस्थित थे।



जिलाधिकारी को मांग पत्र सौपते जर्नलिस्ट क्लब के पदाधिकारी

# ब्रेल लुइस ने दृष्टिहीनों के लिए जलाया ज्ञान का दीप

**कार्यक्रम**

### पूर्वांचल शिक्षा समिति द्वारा मनाया गया ब्रेल लुइस का जन्मदिवस

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पूर्वांचल शिक्षा समिति एंव डीएड कालेज में ब्रेल लिपी के जन्मदाता ब्रेल लुईस का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि चन्द्रभान यादव द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

पूर्वांचल शिक्षा समिति के तत्वाधान में ब्रेन लुईस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती बंदना प्रस्तुत किया गया। इसके साथ छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विकलांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर उपस्थित लोगों ने खूब आनन्द उठाया। दृष्टिहीन व मूकबधिर बच्चों द्वारा जो कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया उसे देख लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि ने कहा कि ब्रेल लुईस के द्वारा दृष्टिहीनों के लिए ज्ञान का दीप जलाने का कार्य किया था उनके लिए सम्पूर्ण विश्व सदैव कृतज्ञ रहता है। उन्होने कहा कि यदि दृष्टिहीन बच्चों को ब्रेल लिपी के माध्यम से शिक्षा दी जाय तो वह सामान्य बच्चों से पीछे नहीं रहेगें। शुक्रवार को पूर्वांचल शिक्षण संस्थान में ब्रेल लुईस का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रविन्द्र नाथ यादव प्राथमिक अध्यापक, चन्द्रभान यादव, बजरंग बहादुर सिंह, संस्थान के डायरेक्टर रासबिहारी यादव व प्रबंधक अरविन्द्र यादव कोषाध्यक्ष सूर्यप्रताप सिंह, मुन्नी लाल, रमाकान्त, दुर्गावती, अंकित मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते रासबिहारी यादव

# नगर निकाय की मतगणना का स्थान तय

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विशाल भारद्वाज ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022-23 में जनपद के नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्य पदों की मतगणना के लिए मतगणना स्थल का चिन्हांकन किया गया है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के लिए डीएवी डिग्री कॉलेज भूतल यूजीसी हाल का बरामदा नंबर एक, नगर पालिका परिषद मुबारकपुर के लिए डीएवी इंटर कालेज आजमगढ़ भूतल कक्ष संख्या 15 व 16 का बरामदा संख्या एक, नगर पंचायत जहानागंज बाजार के लिए श्रीराम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जहानागंज भूतल हाल संख्या-एक के सामने बरामदा संख्या एक, नगर पालिका परिषद बिलरियागंज के लिए उप जिलाधिकारी सगड़ी के न्यायालय के सामने भूतल बरामदा नंबर एक, नगर पंचायत जीयनपुर के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार सगड़ी (अजमतगढ़) के सामने भूतल बरामदा नंबर 3, नगर पंचायत अजमतगढ़ के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार सगड़ी (बिलरियागंज) के सामने भूतल बरामदा नंबर 4, नगर पंचायत महाराजगंज के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार सगड़ी (महाराजगंज) के सामने भूतल बरामदा नंबर 2, नगर पंचायत सरायमीर के लिए तहसील निजामाबाद भूतल कक्ष संख्या एक, नगर पंचायत निजामाबाद के लिए तहसील निजामाबाद सभागार भूतल कक्ष संख्या 2, नगर पंचायत फूलपुर के लिए बैठक सभागार तहसील भवन फूलपुर भूतल कक्ष संख्या 4, नगर पंचायत माहुल के लिए लेखपाल बैठक हाल तहसील भवन फूलपुर भूतल कक्ष संख्या 5, नगर पंचायत कटघर लालगंज के लिए तहसील भवन लालगंज का भूतल हाल नंबर 2, नगर पंचायत मेंहनगर के लिए तहसील भवन में मेंहनगर (हाल) भूतल कक्ष संख्या 10, नगर पंचायत अतरौलिया के लिए कार्यालय खंड विकास अधिकारी कोयलसा का सभागार भूतल कक्ष संख्या एक, नगर पंचायत बूढ़नपुर के लिए तहसील बूढ़नपुर सभागार भूतल कक्ष संख्या एक एवं नगर पंचायत मार्टिनगंज के लिए कृषक इंटर कॉलेज सर्वोदय नगर मार्टिनगंज आजमगढ़ भूतल हाल नंबर-2 में मतगणना की जायेगी।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

## संक्षेप

### यूको बैंक में मनाया गया स्थापना दिवस

**आजमगढ़।** एलवल स्थित यूको बैंक मेन शाखा में यूको बैंक के शाखा प्रबंधक नवनीत कुमार, डा. अजय श्रीवास्तव व चन्द्रिकानन्दन सिंह द्वारा केक काटकर 80वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने यूको बैंक द्वारा जनता को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। एलवल स्थित यूको बैंक शाखा में स्थापना दिवस मनाया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए शाखा प्रबंधक नवनीत कुमार ने बताया कि इस बैंक की स्थापना 1943 में घनश्याम दास जीडी बिरला द्वारा की गयी थी। शाखा प्रबंधक ने यूको बैंक के सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हमारे बैंक से गृह ऋण, वाहन ऋण, स्वर्ण ऋण, कृषि ऋण तथा व्यापार ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध है ग्राहकों की सुविधानुसार ऋण प्रदान किया जाता है। उन्होने कहा कि जनपद में इसकी चार शाखाएं हैं ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए और भी शाखाएं बढ़ाये जाने की योजना है।



### सीसीटीवी कैमरे के सहारे चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**लालगंज** (आजमगढ़)। मेहनाजपुर पुलिस ने जनसेवा केन्द्र से सीसीटीवी कैमरा की चोरी करने वाले 2 अभियुक्तों को सिहुका गेट मुख्य मार्ग से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेहनाजपुर पुलिस ने एक मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त प्रवेश यादव पुत्र स्व.लालजी यादव, आशीष यादव पुत्र रामनवल यादव, राजेश राम पुत्र गुदरी राम व प्रवीण कुमार पुत्र राजकुमार राम निवासीगण ग्राम उधरा चैरी थाना मेहनाजपुर की तलाश में घटना स्थल पर मौजूद थी। इसी बीच कि सूचना मिली कि 31 दिसम्बर की रात मनोज यादव के जनसेवा केन्द्र पर कैमरा चोरी करने वाले दो अभियुक्त प्रवेश यादव पुत्र लालजी यादव व आशीष यादव पुत्र रामनवल यादव निवासीगण उधरा चैरी थाना मेहनाजपुर कहीं जाने की फिराक में सिहुका गेट मुख्य मार्ग पर खडे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने वहां से प्रवेश यादव पुत्र लालजी यादव व आशीष यादव पुत्र रामनवल यादव निवासी उधरा चैरी थाना मेहनाजपुर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।



### ऑनलाइन फीडिंग का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**अंजान** शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील क्षेत्र के किसानों की भूलेख की खतौनी की ऑनलाइन फीडिंग हो रही है। तीन दर्जन से अधिक कर्मचारी फिडिंग में जुटे हैं। उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने निरीक्षण किया जहां शत प्रतिशत फीडिंग का कार्य पूरा मिला। सगड़ी तहसील क्षेत्र के किसानों की खतौनी को ऑनलाइन फीडिंग युद्ध स्तर पर सगड़ी तहसील के सभागार व भूलेखागार में तेजी से की जा रही है। उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने फीडिंग कर रहे कर्मचारियों का निरीक्षण किया। शुकवार की सुबह से लेकर देर शाम तक तेजी के साथ सगड़ी तहसील पर किसानों की खतौनी ऑनलाइन फीडिंग की गई। वहीं 5500 किसानों की खतौनी की ऑनलाइन फिडिंग का कार्य पूरा किया गया। आनलाइन किसानों को अपने खतौनी की नकल प्राप्त हो सके उन्हें सगड़ी तहसील पर राजस्व कर्मचारियों के पास खतौनी के लिए भाग दौड़ नहीं करनी पडेगी। शत-प्रतिशत फिडिंग का कार्य पूरा होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2023 के प्रथम शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। टोलियों ने मंच से गुजरते हुए एसपी को सलामी दी।वर्ष 2023 के प्रथम माह के प्रथम शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाईन्स में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाईन्स तथा पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उप निरीक्षक व निरीक्षकों द्वारा भाग लिया गया। क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन्स के साथ अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के पश्चात नवनिर्मित बैरेक, निमार्णाधीन नालियों व अन्य मरम्मत कार्यो का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।



### चोरी के माल सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

**फरिहा** (आजमगढ़)। निजामाबाद पुलिस ने चोरी के अभियोग में नामजद 4 अभियुक्तों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। रविदास शिष्य महन्थ सरजू दास निवासी दत्तात्रेय धाम थाना निजामाबाद द्वारा मन्दिर परिसर में लगे स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट की बैट्री चोरी हो जाने के संबंध में अज्ञात चोरो के विरुद्ध थाना निजामाबाद में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि उक्त मुकदमें से संबंधित दो अभियुक्त चोरी की बैट्री को छिपाकर रखे हैं तथा असनी पुलिया के पास मौजूद हैं। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुचंकर कर उक्त दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम दुर्गेश मौर्य पुत्र श्रीप्रकाश मौर्य तथा दूसरे ने प्रवेश मौर्य पुत्र बेचू मौर्य निवासीगण सहादतपुर थाना निजामाबाद बताया। उन्होंने बताया कि यह बैट्री हम लोग बरनवाल एंड संस कबाड़ की दुकान में बेचने शिवाला रोड निजामाबाद जा रहे थे। पुलिस बरनवाल एंड संस की दुकान पर पहुंची तो वहां पर शुभम बरनवाल तथा शिवम बरनवाल पुत्रगण विद्यासागर मिले। कड़ाई से पूछने पर दोनो ने चोरी के माल को खरीदने बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने चारों का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### लखनऊ से दर्शन करने आया युवक लापता

**बूढ़नपुर** (आजमगढ़)। विकास खंड कोयलसा के सरैया स्थित दरगाह व मजार पर सैयद बाबा के दर्शन करने के लिए लखनऊ जिले के कृष्णा नगर थाना के आशुतोष नगर निवासी पंकज कुमार आया था जो 27 दिसंबर से गायब हो गया है। पंकज पुत्र ललित कुमार उनकी माता सुनीता देवी 3 जनवरी को जब सरैया स्थित दरगाह पर अपने बेटे से मिलने आई तो पता चला की उनका बेटा पंकज मजार से लापता हो गया है। इसकी सूचना सुनीता देवी द्वारा स्थानीय थाने पर दी गयी लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सुनीता का आरोप है कि मजार के रखरखाव एवं व्यवस्थापक को भी इसकी जानकारी है लेकिन उनके द्वारा मेरी कोई मदद नहीं की जा रही है। मेरे द्वारा क्षेत्रीय लोगों से बातचीत की गई लेकिन अभी तक मेरे बेटे का कोई पता नहीं चला है। मुझे शक है कि कोई मेरे बेटे को बहला-फुसला कर कहीं लेकर चला गया है। अगर मेरे बेटे के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके जिम्मेदार मजार के संस्थापक और क्षेत्रीय पुलिस होगी। क्योंकि समय से पहले ही मेरे द्वारा इन लोगों को सूचना दे दी गई है। इस संबंध में अतरौलिया थानाध्यक्ष ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। गुमशुदा की तलाश जारी है।

### आईटीआई मैदान में रोजगार मेला 10 को

**आजमगढ़।** सहायक निदेशक (सेवायोजन) राममूर्ति ने बताया कि आगामी 10 जनवरी को रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई हर्रा की चुंगी आजमगढ़ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसमें प्राइवेट कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। जिनके द्वारा आईटीआई योग्यताधारी, हाईस्कूल, इण्टर मीडिएट एवं उच्च योग्यताधारी बेरोजगारों का चयन किया जायेगा। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) सेवायोजन पोर्टल ऽऐमूंलवरंदण्नचण्दपबण्पद के होम पेंज के पापप (रोजगार मेलों में रिक्तियां देखने के लिए यहां क्लिक करें) पर क्लिक कर प्राइवेट कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आईडी का प्रयोग कर आन-लाईन रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे। अन्य बेरोजगार अभ्यर्थी मेला में अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र आदि अन्य दस्तावेज के साथ सीधे प्रतिभाग कर सकते हैं।

# अखिलेश अध्यक्ष, सचिव पद पर राजेंद्र ने दर्ज की विजय


चुने गए पदाधिकारी प्रफुल्लित मुद्रा में

**लालगंज।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के नए वर्ष 2023 के कार्यकारिणी चुनाव में अध्यक्ष एवं सचिव पद पर आमने-सामने सीधा मुकाबला अधिवक्ता सभागार में शुक्रवार को 10:00 से लेकर 3:00 तक मतदान एवं 4:00 परिणाम संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 146 मतदाताओं में से 130 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया और अध्यक्ष पद से दो अवैध मत मतगणना में पाए गए। अध्यक्ष पद से अखिलेश कुमार मिश्र एडवोकेट एवं सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य एडवोकेट विजई घोषित किए गए। अध्यक्ष पद से प्रत्याशी अखिलेश कुमार मिश्र 77 वोट प्राप्त हुए और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी आनंद प्रताप सिंह को 51 मत प्राप्त हुए। अखिलेश मिश्रा अपने प्रतिद्वंदी आनंद प्रताप सिंह को 26 मतों से पराजित किया। जबकि दो मत अवैध पाए गए। इसी प्रकार सचिव पद के प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद मौर्य को 67 मत एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेंद्र कुमार सिंह को 61 मत प्राप्त हुए। राजेंद्र प्रसाद मौर्य ने 6 मतों से प्रतिद्वंदी सुरेंद्र कुमार सिंह को पराजित किया। वही चुनाव के पहले निर्विरोध उपाध्यक्ष पद से राजेश कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव पद के लिए राजेश कुमार गुप्ता, एवं पुस्तकालय पद से प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर पद से राकेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह, निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। वही कार्यकारिणी समिति के सदस्य गुलाम रसूल एडवोकेट, जनार्दन मिश्रा, सत्य प्रकाश तिवारी, शरद कुमार मौर्य, नित्यानंद मौर्य, सुनील कुमार पाल, बृजेश कुमार मिश्रा को बनाया गया। इस आशय की जानकारी चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे एवं सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट ने दिया।

## जन चौपाल के माध्यम से प्रमुख ने सुनीं समस्याएं

**कछवां।** विकासखंड मझवां क्षेत्र के ग्राम सभा केवटावीर में गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत शुक्रवार को प्रधान ग्राम सभा केवटावीर के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप सिंह व वीडीयो राजेश यादव रहे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों समस्या को जन चौपाल के माध्यम से अवगत कराया गया। जिसमें दर्जनों समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी किया गया। बाकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। वही क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने ग्रामीणों को सरकार के विचारों को व्यक्त करते हुए संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार द्वारा आप सभी ग्रामीणों को तमाम सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका आप सभी आसानी से सुविधाओं का लाभ लें सकें। और कहा कि जन चौपाल के माध्यम से ही आप के सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। अन्यथा किसी भी समस्या के लिए आप स्वयं सीधे क्षेत्र पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## सम्पूर्ण जिले में धारा 144 लागू 28 फरवरी तक रहेगी प्रभावी


एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.) शिव प्रताप शुक्ल ने अपने एक आदेश के तहत जनपद मे मकर संक्रान्ति, मौनी अमावस्या, गणतंत्र दिवस, कंतित शरीफ उर्स, मो. हजरत अली जन्म दिवस, महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली, चैत्र नवरात्र, राम नवमी, विभिन्न परीक्षाओं एवं कोविड-19 आदि अवसरों पर कतिपय अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की आशंका के दृष्टिगत जनपद मे सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये तत्कालिक प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 लगा दिया गया है। यह आदेश मीरजापुर के सम्पूर्ण क्षेत्र मे 06 जनवरी 2023 से लागू होकर 28 फरवरी 2023 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश मे वर्णित प्रतिबन्धों की अवहेलना पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## गैंगस्टर एक्ट से संबंधित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार


पत्रकारों को जानकारी देते सीओ सदर

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को.देहात पर पंजीकृत धारा 3(1)उ.प. गिरोह बन्द अधिनियम में त्वरित कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को उ.नि. सुरेन्द्र यादव व उ.नि. कमलेश सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना को.देहात क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 02 आरोपियों उदल बिन्द पुत्र घुरन बिन्द व रामतेरस उर्फ लखन्दर बिन्द पुत्र अमृतलाल बिन्द निवासीगण लखमापुर थाना को.देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## बीडीओ ने विकास खंड के दो ग्राम पंचायतों में लगाई चौपाल

**हलिया।** खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को चौपाल लगाई गई जिसमें ग्राम पंचायत हथोड़ा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्राम पंचायत की सदस्य निर्मला देवी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में शौचालय सही ढंग से ना होने के कारण तथा पानी ना होने के कारण विद्यालय के बच्चे शौच के लिए बाहर जाया करते हैं। वही मनीषा ने बताया कि स्कूली ड्रेस एवं जूता का पैसा ना मिलने के कारण समस्याएं हो रही हैं। जिसके निस्तारण के लिए खंड विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिया। इसी तरह से ग्राम पंचायत भटवारी में ग्राम प्रधान राजेश कुमार मौर्य की उपस्थिति में चौपाल लगाई गई तथा लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारण हेतु पंजीकृत कर आवश्यक संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, एडीओ आईएसबी राजाराम उपाध्याय, एडीओ मनोहर लाल, ग्राम प्रधान अनीता मिश्रा, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कोटेदार शिव चौबे, काशी मिश्र सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अमृत सरोवर के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की जांच टीम ने पुष्टि की

लापरवाही

### बीडीओ को रिपोर्ट सौंपने के बावजूद नहीं की गई कार्रवाई


घटिया सामग्री से कराया जा रहा निर्माण

**राजगढ़।** राजगढ़ विकास खंड के ददरा मुतलके रामपुर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के पक्के घाट निर्माण में जांचोपरांत घटिया सामग्री का इस्तेमाल का होना पाया गया था। जिसकी रिपोर्ट जांच अधिकारी द्वारा ब्लाक में सौपी गयी है। परन्तु कार्यवाही करने के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

विकास खंड के ग्राम पंचायत ददरा मुतलके रामपुर के ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी नियमों को ताख पर रखकर मनमाना काम कराया जा रहा है। जिससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ में सुमार अमृत सरोवर भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। ग्राम पंचायत ददरा मुतलके रामपुर में अमृत सरोवर के पक्के घाट में धड़ल्ले से भस्सी का प्रयोग किये जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा किये जाने पर जन संदेश टाइम्स अखबार ने कुछ माह पहले खबर प्रकाशित प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी रमाकांत ने सेक्टर प्रभारी अभय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच कराया था। जांच अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि जांच में भस्सी व घटिया मैटेरियल का प्रयोग हुआ मौके पर पाया गया था। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर खंड विकास अधिकारी को सौप दिया गया है। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे कार्यवाही न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीण तरह तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गंभीरता से जांच की जाए तो ग्राम पंचायत में बहुतायत कार्य सरकारी मानक के विपरीत कराये जाने का मामला उजागर हो सकता है।

## कांग्रेस प्रायश्चित यात्रा निकालती तो देश की जनता करती समर्थन : परिवहन मंत्री

किया तंज

### महाकुंभ के पहले डिपो में शामिल होंगी 7000 बसें

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह विंध्याचल धाम पहुंच कर मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा को लेकर परिवहन मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि राहुल गांधी गलत समय में यात्रा कर रहे हैं और इस समय भारत बहुत मजबूत हुआ है आज दुनिया मे जब दो देश आपस में लड़ रहे हो वहां पर भारत का तिरंगा देखकर युद्ध विराम कर देता हो ऐसा नेतृत्व नरेंद्र मोदी में मिल रहा है। जी 20 का भी भारत को नेतृत्व करने को मिल रहा है भारत मजबूत हुआ है। राहुल गांधी को कांग्रेस की गलतियों का जो लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में रही कांग्रेस में जो गलतियां की उसके प्रायश्चित यात्रा निकालते तो ज्यादा देश की जनता समर्थन करती। इस यात्रा का उत्तर प्रदेश में कोई अस्तित्व नहीं रहा। बहुत छोटा समय उन्होंने उत्तर प्रदेश को दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के राहुल गांधी के हॉफ टीशर्ट के तंज को लेकर कहा की व स्वास्थ्य विभाग के हैं ज्यादा जानते होंगे। हम परिवहन विभाग के हम परिवहन के ज्यादा जानते हैं। महाकुंभ के पहले उत्तर प्रदेश परिवहन के बेड़े में 7000 बसें शामिल होने जा रही हैं। जल्द ही देश और प्रदेश की राजधानियों के लिए अलग से बसें चलाई जाएंगी। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के साथ-साथ राहुल के टीशर्ट को लेकर भी चर्चा खूब की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम पहुंचे उन्होंने मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। इस दौरान निमार्णाधीन विंध्य कॉरिडोर भी अवलोकन किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा उत्तर प्रदेश में परिवहन व्यवस्था आने वाले समय में और बेहतर होने जा रहा है। दो हजार बसों को अभी हमने खरीदा है। 1150 बसों की बॉडी बन रही है 14 तारीख के बाद तैयार होकर शामिल हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बजट में 1000 बसों के लिए हमें परमिशन दिया है उसका भी हम टेंडर निकालने जा रहे हैं। 2025 के कुंभ के पहले 7000 बसे हमारे बेड़े में शामिल हो जाएंगी। 2800 बसे माघ मेले में चलाने जा रहे है। जल्द ही देश की राजधानी और प्रदेश की राजधानी के लिए अलग से बसे नॉनस्टॉप चलाए जाएंगी। धर्मस्थल विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मीरजापुर बस अड्डे को हवाई अड्डे की तरह बनाया जाएगा टेंडर निकाल दिया गया है। इसके साथ ही बताया की दुर्घटनाएं जो बढ़ रही हैं इसको देखते हुए जल्द ही ओवरलोडिंग को लेकर टास्कफोर्स का गठन किया जाएगा।

## एसपी ने जवानों से लगवाई दौड़, फिट होने के बताए मंत्र

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ व पुश-अप लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। जनपद के विभिन्न थानों से परेड मे उपस्थित थाने के वाहनों का निरीक्षण तथा दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द की सलामी तथा वर्दी स्टोर में रिजर्व किट का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में गणना कार्यालय में विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों कि जानकारी लिया गया एवं पुलिस लाइन मेस ,पुलिस लाइन कार्यालय, बैरक, महिला थाना, रेडियो शाखा, आर. ओ. प्लान्ट, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गये।

## 402 स्थानों पर प्रशासन ने जलवाये अलाव, मिली राहत

डीएम की पहल

### जरूरतमन्द लोगो में वितरित किये गये 6950 कम्बल

**मीरजापुर।** शीतलहर के मध्य जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर संचालित राहत कार्य का वितरण व अलाव जलाने की व्यवस्था जनपद के तहसीलों पर नगर पालिकाओं के क्षेत्रों में किया गया हैं। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि तहसील एवं नगर पालिका में संचालित अलाव कि संख्या सदर 30, चुनार 17, मड़िहान 13, लालगंज 24, नगर पालिका मीरजापुर 141, नगर पालिका चुनार 126, नगर पालिका अहरौरा 35, नगर पालिका कछवां 16, कुल 402 एवं तहसील एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा अब तक किये गए कंबल वितरण क्रमशः सदर 1575, चुनार 1575, मड़िहान 1420, लालगंज 1570, स्वयंसेवी संस्था समाजसेवी संस्था, एन0जी0ओ0 810, अब कुल 6950 कम्बल वितरण किया गया। नगर पालिका द्वारा संचालित रैन वसेरों की व्यवस्था की गयी। जिसमें व्यवस्था सगरा बस स्टैंड, मीरजापुर 25 लोगों की क्षमता, राजकीय रोडवेज, मीरजापुर 40 लोगों की क्षमता, घंटाघर, मीरजापुर 10 लोगों की क्षमता, सामुदायिक भवन, पट्टी खुर्द, सामुदायिक भवन अहरौरा 10 लोगों की क्षमता, सामुदायिक भवन, बालुघाट में चुनार 20 लोगों कि क्षमता, जलकल परिसर, कछवा 10 लोगों कि क्षमता, कुल 6 रैन वसेरों में 115 लोगों तक के ठहरने कि क्षमता है। उन्होने बताया कि समस्त रैन वसेरों में पेयजल, बिस्तर, रजाई, अलाव, स्वच्छता एवं शौचालय कि व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कि गयी है। कुल 81 धान क्रय केंद्रों पर अलाव कि व्यवस्था कि गयी है। एक परिसर में एक से अधिक धान क्रय केंद्र होने पर उस परिसर में एक केंद्रीय स्थान पर अलाव कि व्यवस्था कि गयी है।

## ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ना है मकसद : प्रदेश महामंत्री


पत्रकारों को संबोधित करते महामंत्री

**मीरजापुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजयुमो देवेन्द्र भाई पटेल एवं जिलाध्यक्ष भाजयुमो सिद्धार्थ मिश्र मोंटी रहे।

मुख्य अतिथि ने प्रेस वार्ता करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। इस वर्ष 12 जनवरी को भाजयुमो उ0प्र0 यंग इण्डिया रन के माध्यम से 05 किमी0 का दौड़ आयोजित करेगा। जिसमें कम से कम प्रत्येक जिले से 500 युवाओं को प्रतिभाग कराना है। जिसमें युवाओं की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष होगी। यंग इण्डिया रन कार्यक्रम 12 जनवरी 2023 को सुबह 08:00 बजे सरदार पटेल चौक, भरूहना से सिटी क्लब के मैदान में समापन एवं टॉप 3 को विशेष पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा। यंग इण्डिया रन कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ज्यादा से ज्यादा नये युवाओं को जोड़ना है। भाजयुमो जिले के प्रतिभावान, प्रभावशाली, अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सम्पर्क कर प्रतिभाग के लिए आमंत्रित कर रहा है। दौड़ के दौरान जगह जगह पर युवाओं, प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा करके उनके उत्साह को बढ़ाने का काम भाजयुमो मीरजापुर करेगा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी, प्रितेश सिंह, रोहित त्रिपाठी, अमरेश केसरी, कृष्ण चन्द शुक्ल, शिवम पांडेय, सचिन राय, अभिषेक राय, अमित शाह, अनुराग बेटू, आशुतोष पाठक, अभिनव सिंह के साथ इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की जन समस्याओं व शिकायतों को सुनते हुए प्रकरणों को तत्काल सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए गुणवत्तायुक्त निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश एवं व्यवस्थानुक्रम में जनपद के नगर निकायों के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात नगर निकायों के दैनिक कार्यो के सम्पादन हेतु जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा त्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया है, त्रिस्तरीय समिति में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत मीरजापुर को सदस्य नामित किया गया हैं। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि निकाय के दैनिक कार्यों को सम्पादित करेगीं और कोई नीतिगत

## अधिवक्ता करते हैं न्याय दिलाने का नेक कार्य : विधायक

आयोजन

### नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं द्वारा ली गई शपथ


कार्यक्रम में शामिल विधायक मड़िहान

**कलवारी।** थाना क्षेत्र तहसील मड़िहान के अधिवक्ता समिति का शपथ समारोह शुक्रवार को मड़िहान तहसील में किया गया। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि देवेंद्र मिश्र नगरहा बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश, अतिविशिष्ट अतिथि रामाशंकर सिंह पटेल विधायक विशिष्ट अतिथि सिविल जज पूनम कुमारी चौहान, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण द्विवेदी, महामंत्री प्रवीण कुमार दीक्षित के नेतृत्व में जीते हुए अधिवक्ता को शपथ दिलवाया गया। शपथ में जीते हुए अध्यक्ष पप्पू लाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंज बिहारी सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र, महामंत्री अर्जुन कुमार पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रामनारायण यादव, वरिष्ठ करणी सदस्य अनंद राव, पुस्तकालय मंत्री रामकुमार, सूचना मंत्री अजय भारती ने शपथ ग्रहण किया गया। विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा अधिवक्ता बहुत ही नेक कार्य करते हैं। गर्मी, सर्दी, चाहे बरसात हो सभी अधिवक्ता कार्य में लगे रहते हैं। अधिवक्ताओं को बैठने के लिए एक 20 40 का कमरा बनवाने के लिए कहा। वही देवेंद्र मिश्र ने अधिवक्ताओं को लाइब्रेरी के लिए 50000 देने की घोषणा किया। अधिवक्ता को किसी प्रकार का दिक्कत न हो अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है तो आपके साथ हम हमेशा तत्पर रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को कहा कि आप लोग मड़िहान बार समिति को सुचारु रुप से चलाएं। एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचंद यादव, नायब तहसीलदार बिंदु नंदन, भाजपा नेता गंगासागर दुबे, अधिवक्ता रामधनी सिंह, श्रवण कुमार, सत्य प्रकाश, कुंज बिहारी, अखिलेश, मारकंडे, रामकेश, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### थानाध्यक्ष ने कोल बस्ती में बच्चों तथा असहायों को बांटे गर्म कपड़े



**हलिया।** विकास खंड के मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शुक्रवार को ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल व समाजसेवी विनोद कुमार गुप्ता ने 150 आदिवासी गरीब बच्चों में गर्म कपड़े, सेब, बिस्कुट टाफी, नमकीन का वितरण किया। पुलिस व समाजसेवी द्वारा गर्म कपड़े, टाफी, बिस्कुट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने ठंड से निजात दिलाने हेतु कोल बस्ती के दस दिव्यांग वृद्ध, असहाय लोगों को कंबल वितरित किया। थानाध्यक्ष के हाथों कंबल पाकर दिव्यांग जयंती, फुलेशरी, मनीलाल आदि के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। ठंड के मौसम में गर्म कपड़े ग्रामीणों ने पुलिस के इस नेक कदम की सराहना की। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान कांस्टेबल प्रमोद कुमार यादव, महिला कांस्टेबल विजेता साहू, प्रधान पति संतलाल कोल, आदित्य तिवारी, विनोद कुमार गुप्ता,दयालु कोल, मिठाई लाल, रामायण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### भगवान भास्कर के दर्शन के बाद भी कम नहीं हुई गलन

**मीरजापुर।** जनपद में बढ़ते शीतलहर के प्रकोप ने आम जनजीवन को हिला कर रख दिया है। सर्द हवाओं के चलते लोगों को ठिठुरन ज्यादा महसूस हो रही है। तेज गलत बढ़ने से लोग शाम ढलते ही अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। शाम होते ही हवाओं के साथ साथ कोहरा छा जाता है। हालांकि शुक्रवार को हल्की धूप निकलने से आम जनमानस को थोड़ी राहत मिली। जनपद में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस मापा गया। भीषण शीतलहर के चलते ठंड जानलेवा सी बन गई है। आम जनमानस के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए।बीते एक जनवरी से लगातार पड़ रही भीषण ठंड से लोग बेहाल से दिखाई देते नजर आए, वहीं शुक्रवार को भास्कर भगवान ने दर्शन देकर थोड़ी राहत पहुंचाया है। सड़कों और गलियों में शाम होते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना बताई गई है। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंट जाता है परंतु गलन में कोई इजाफा नहीं होता है।गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दुकानों पर दिखाई देती है। लापरवाही करना आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के बीच किसान खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। ठंड के मद्देनजर जनपद में शासन प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था में कमी देखी गई।

### अधिकारियों ने लगाई चौपाल

**राजगढ़।** ग्राम का चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान का भव्य आयोजन किया गया। मड़िहान तहसील के अंतर्गत विकासखंड राजगढ़ में स्थित ग्राम पंचायत धन सीरिया के पंचायत भवन पर ग्राम का चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को सुबह 11 बजे आयोजन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक मड़िहान विधानसभा रमाशंकर पटेल रहे। चौपाल में जिले के जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय ने चौपाल में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। जन चौपाल प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के आदेशानुसार प्रत्येक विकासखंड के 2 गांव में जन चौपाल लगाने का आदेश हुआ था। जिसके तहत ग्राम पंचायत धन सरिया का भी चयन हुआ था। सभा में खंड विकास अधिकारी रमाकांत, एडीओ कोऑपरेटिव राजगढ़ कपूरचंद ने लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि योजना, आवास योजना, पेंशन, के बारे में आवेदन किया। मौके पर जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, रमाशंकर पटेल विधायक, खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत, कपूरचंद, संतोष कुमार मौर्या, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संजय पांडे, लवकुश सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य, बाबू नंदन सिंह उपस्थित रहे। सभा का संचालन संतोष कुमार पाठक ने किया।

### पात्रों की सूची बनाकर योजनाओं का लाभ दिलाएं : बीडीओ

**जिगना।** शासन के निदेशा पर हर शुक्रवार को विकासखंड वार 2 ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का कार्यक्रम लगाने का निर्देश दिया गया है। उसी के क्रम में शुक्रवार को प्रथम जन चौपाल का विकासखंड छानबे के ग्राम पंचायत जासा बघौरा व गौरा में खंड विकास अधिकारी छानबे हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुए। लोगों के सामने ग्राम पंचायतों में हुए कार्यों को बताया गया और स्थलीय सत्यापन किया गया। जन चौपाल के माध्यम से उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया जो लोग पात्र होते हुए भी लाभ से वंचित है उन्हें सूचीबद्ध कर उनको शासन द्वारा दिए जाने वाला लाभ अवश्य पहुंचाया जाएगा। मनरेगा के द्वारा हुए कार्यों का सत्यापन किया गया। मजदूरी भुगतान, महिला मेठ बीसी सखी समूह के द्वारा हो रहे कार्यों को अधिकारियों के द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इस जन चौपाल में सभी विभागों से एक कर्मचारी को रहना अनिवार्य होगा। इस दौरान एडीओ पंचायत पीयूष दुबे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिभुवन मौर्य, ग्राम प्रधान बेचन सिंह, ग्राम प्रधान संतोष कुमार सिंह पटेल, प्रधान प्रतिनिधि पंच बहादुर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनूप उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेंद्र राज सिंह संत कुमार टीए संतोष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### उपखनिजों की ढुलाई करने वाले वाहनों की औचक जांच

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी, चुनार नीरज पटेल, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मड़िहान, खान अधिकारी आशीष चौधरी एवं खनिज मोहर्रिर, खनिज विभाग, मीरजापुर की टीम द्वारा 05 दिसम्बर, 2022 को विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र व ओवरलोड परिवहन करने वाले 02 वाहनों (ट्रैक्टरों) को पुलिस चौकी कजरहट एवं पुलिस थाना चुनार की पुलिस अभिरक्षा में दिया गया तथा 03 वाहनों को क्रेशर क्षेत्रों के आस-पास बिना परिवहन प्रपत्र, ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर एवं 02 वाहनों को अहरौरा चुनार मुख्य मार्ग पर बिना परिवहन प्रपत्र, ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर ऑनलाइन चालान किया गया। उक्त के अतिरिक्त तहसील चुनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भगौतीदेई क्षेत्र में स्थित मे० बजरंग स्टोन, मे0 देवब्रत सिंह क्रेशर, मे० कृष्णा स्टोन एवं मे० नीलीमा सिंह क्रशर प्लाटों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय किसी क्रशर प्लांट पर ओवरलोडिंग होते हुए नहीं पाया गया। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति धनराशि की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रू० 25000 शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त वाहनों से खनन विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा लगभग रू0 7.50 लाख के राजस्व क्षतिपूर्ति जुमार्ना की वसूली की जायेगी। जनपद में अवैध परिवहन ओवर लोड पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

### आज तहसील सदर में डीएम सुनेंगी जन समस्याएं

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया हैं। तहसील सदर में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, तहसील चुनार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, एवं तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया हैं। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा उपरोक्त सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा गया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक अपने निर्धारित तहसील में उपस्थित होकर शासनादेश में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुये जन समस्याओं समाधान सुनिश्चित करें।

### अधिवक्ताओं को 60 वर्ष के बाद मिले पेंशन, दिया पत्रक

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा राज्यपाल को संबोधित एक पत्र जिलाधिकारी को दिया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मांग किया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं के जानमाल की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तत्काल लागू किया जाए। अधिवक्ताओं को 60 वर्ष उम्र पूर्ण करने पर पेंशन व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही साथ अधिवक्ताओं के हित में सामूहिक अधिवक्ता बीमा योजना व सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना भी लागू किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं पर हो रहे शोषण व अपराधिक कार्यों को रोका जाए इन्हीं बिंदुओं के साथ शुक्रवार को एक पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान जनपद इकाई के अध्यक्ष प्रकाश नाथ उपाध्याय ने कहा कि हमारी मांगे जायज है और सरकार व राज्यपाल को इस पर जल्द से जल्द विचार कर पूर्ण करना चाहिए।

### अमृत उद्यान का विधायक ने किया उद्घाटन

**राजगढ़।** अमृत उद्यान एवं अतिरिक्त कक्ष का मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल ने उद्घाटन किया। विकासखंड राजगढ़ के ग्राम पंचायत धनसरिया में नवनिर्मित पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष, एवं अमृत उद्यान का लोकार्पण रमाशंकर पटेल विधायक मड़िहान विधानसभा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अमृत उद्यान में लगे हुए महापुरुषों बाबा भीमराव अंबेडकर, एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के मूर्ति का भी अनावरण मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर जिला मुख्य विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत, ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, एडियो कोऑपरेटिव कपूरचंद, राजकुमार , संतोष, लवकुश, बाबू नंदन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता से निखरती है खिलाड़ियों की प्रतिभा

**बोले दयाशंकर सिंह**

## बलिया ने राबर्ट्सगंज को हरा सोनभद्र कप पर किया कब्जा, सात विकेट से दी मेजबान टीम को मात

जनसंदेश न्यूज



विजेता टीम को ट्राफी देते परिवहन राज्य मंत्री दया शंकर सिंह

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज के हाईडिल मैदान में चल रहे सोनभद्र कप के समापन में बलिया की टीम ने राबर्ट्सगंज की टीम को सात विकेट से हरा सोनभद्र कप अपने नाम कर लिया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि परिवहन राज्यमंत्री दया शंकर सिंह ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बता दें कि राबर्ट्सगंज के हाईडिल मैदान में 18 दिनों से चल रहे सोनभद्र कप का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल मैच राबर्ट्सगंज व बलिया की टीमों के बीच खेला गया। राबर्ट्सगंज की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 20 ओवर में 105 रन पर आल आउट हो गई। जवाब में खेलने उतरी बलिया टीम के बल्लेबाजों ने तीन विकेट खोकर 15 ओवर में ही विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

विजेता टीम के कप्तान रोहित रंजन को राज्य मंत्री ने ट्राफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उप विजेता टीम के कप्तान मनीष सोनकर को भी ट्राफी दिया। इस दौरान परिवहन राज्यमंत्री ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत तो लगी रहती है। खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है और खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा बाहर आती है। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, अशोक मिश्रा, अनूप तिवार, कृष्ण मुरारी गुप्ता, मनोज सोनकर, रमेश मिश्रा, आलोक सिंह, उस्मान अली, शिब्बू चौबे आदि मौजूद रहे। कमेंट्री अमित पाण्डेय, नवल बाजपेयी ने व स्कोरर की भूमिका सत्यम व अमित ने निभाई। फाइनल मैच के अम्पायर राम सिंह व बीरु रहे।

## विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर आज से

**सोनभद्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यजीत पाठक प्रभारी सचिव ने अवगत कराया है कि विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में चिन्हित कर लोगों को जागरूक करने एवं उन्हें जनोपयोगी कार्यक्रमों एवं सरकारी नीतियों से अवगत कराने को निर्देश दिये हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में तहसील ओबरा, दुद्धी, घोरावल एवं रावर्टसगंज में शनिवार व रविवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी एवं शासन के विभिन्न विभागों के प्राधिकारी द्वारा सहभागिता की जायेगी। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजनों से अपील किया है कि वे अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर लाभान्वित हों।

## सांई मंदिर व चर्च गली इलाके में सात वर्षो से बंद है पानी की आपूर्ति

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के मुर्धवा इलाके में हाईटेक प्लांट के समीप बसे कुछ एरिया में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति न होने से नाराज लोगों ने शुक्रवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय राय के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, इस दौरान लोगों ने कहा कि बीते 7 वर्षों से उनके क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। मुर्धवा के हाईटेक प्लांट एरिया के समीप स्थित साईं मंदिर व चर्च गली के इलाके में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। स्थानीय निवासी दिलीप कुमार झा, देखा पांडेय, हरिराम पासवान, अमल राय समेत अन्य का कहना है कि पूर्व में इस क्षेत्र में जी आई पाइप लगाकर छोड़ दिया गया और पानी का कनेक्शन नहीं किया गया जिससे लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों का कहना है कि इस इलाके के बगल में नाला का पानी बहता है जिससे बोरिंग में कभी कभी गंदा पानी आ जाता है जिससे लोगों को दूषित पेयजल का सेवन करना पड़ता है। लोगों ने ज्ञापन देकर तत्काल इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है।

# ओबरा तापीय परियोजना की 12वीं इकाई बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित

जनसंदेश न्यूज



**ओबरा।** स्थानीय तापीय परियोजना की ब ताप विद्युत गृह की 200 मेगावाट क्षमता की 12वीं ईकाई बृहस्पतिवार की रात लगभग 11.30 बजे ब्वायलर ट्यूब लीकेज हो जाने के कारण बंद हो गई बंद होते समय ईकाई से लगभग 162 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था। कड़ाके की ठंड में प्रदेश में बढ़ती बिजली की मांग के बीच ईकाई बंद होने से परियोजना का बिजली उत्पादन लुढ़क गया।

वहीं बंद इकाई को चालू करने के लिए परियोजना प्रशासन ने युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है।समाचार लिखे जाने तक बंद इकाई को चालू नहीं किया जा सका था।वहीं उत्पादनरत 200 मेगावाट क्षमता की ब ताप विद्युत गृह की 9वीं इकाई से 148 मेगावाट, 10वीं इकाई से 151 मेगावाट, 11वीं इकाई से 162 मेगावाट तथा 13वीं इकाई से 174 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था। वहीं ओबरा जल विद्युत की दो इकाइयों से 30 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था।

## संक्षेप

### कबाड़ दुकानों को पुलिस ने खंगाला, दुकानदारों को दिये निर्देश



कबाड़ दुकान की जांच करती पुलिस

**चोपन।** जिले में बढ़ रही चोरी की घटनाओं व चोरी के माल बिक्री को लेकर पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने अपने अधीनस्थों संग क्षेत्र में संचालित हो रही कबाड़ की दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुए कारोबारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। हमराहियों के साथ वे प्रितनगर पहुंचे। उन्होंने दुकान पर मौजूद कबाड़ की जांच-पड़ताल की और कारोबारियों से इसका ब्योरा मांगा। उन्होंने कारोबारियों को चेताया कि कबाड़ खरीदने से पहले यह अवश्य जांच-परख लें कि सामान चोरी का न हो और नाबालिक बच्चों से काम न कराया जाए। चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर ही यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी कारोबारियों से रजिस्टर को मेंटेन कर थाने में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

### पांच-पांच हजार के दो इनामिया गिरफ्तार

**रामगढ़/बभनी।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को पन्नूगंज पुलिस द्वारा गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित इनामिया आरोपी शिवपूजन पुत्र रामवृक्ष, निवासी कजियारी माँची को कजियारी मोड़ से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी। वहीं बभनी पुलिस ने फरार पांच हजार के ईनामिया आरोपी सुनील कुमार पुत्र अमलोला प्रसाद उर्फ अभय, निवासी ग्राम मचबन्धवा, बभनी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### 137 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन

**दुद्धी।** राजकीय आईटीआई में प्रधानाचार्य जीएस यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभ्यार्थियों का कैरियर कॉउंसलिंग किया गया। इस मेंले में फोनेसिस वरचू प्रालि ने अपने क्लाइंट पीजी इलेक्ट्रो प्लास्ट लिमिटेड अहमद नगर महाराष्ट्र के लिए राजकीय आईटीआई व निजी आईटीआई के लगभग 325 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया। कंपनी द्वारा प्रथम दृष्टया 137 अभ्यथियों का चयन किया गया। इस अवसर पर प्लेसमेंट प्रभारी गोपाल दास, कृशान गुप्ता, अमर कुमार सोनकर, अव्यक्त रुपम उपस्थित रहे।

### ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**म्योरपुर।** आश्रम मोड़ के समीप यूको बैंक रेनुकूट अंतर्गत संचालित ग्राहक सेवा केंद्र का शुक्रवार को ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राहक सेवा केन्द्र खुल जाने से आस पास के ग्रामीणों को खाता खुलवाने, पैसा जमा करने व निकालने के लिए दूर दराज स्थित बैंक शाखाओं पर नहीं जाना पड़ेगा। उनको सभी सुविधाएं ग्राहक सेवा केंद्र पर ही उपलब्ध हो जाएंगी। इस मौके पर संतोष कुमार, मनोज कुमार, मान बहादुर यादव, अटल बिहारी यादव, रविन्द्र कुमार, रामचन्द्र दुबे, दिनेश, रामकेश, राधेश्याम मौजूद रहे।

### गैंगेस्टर एक्ट आरोपी की साढ़े चार लाख की सम्पत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गैंगेस्टर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को शाहगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी राकेश यादव पुत्र बलिराम यादव, ग्राम महूजी, धीना चंदौली द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई एक पिकप को जिलाधिकारी के आदेश पर कुर्क किया गया। पिकअप की कीमत चार लाख पचास हजार बतायी गयी।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**बीजपुर।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट व गाली-गलौज करने वाले ग्राम सभा डोड़हर निवासी दरबारी पुत्र बुलचू को गिरफ्तार कर सीआरपीसी की धाराओं में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी अपने पड़ोसी से गाली-गलौज व मारपीट किया था।

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, ली सलामी



परेड का निरीक्षण करते एसपी डा. यशवीर सिंह

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। आगामी गणतन्त्र दिवस के दृष्टिगत सम्मिलित पुलिसकर्मियों की परेड ग्राउंड पर परेड की एकरूपता व अच्छे प्रदर्शन हेतु टोलीवार ड्रिल की कार्रवाई का निरीक्षण कर परेड को आकर्षक एवं बेहतर तरीके से कराने के लिए क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। तत्पश्चात पुलिस लाईन के पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ-सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ड्यूटी पर तैनात हेल्थ आफिसर बना रही रील वीडियो, वायरल

**दुद्धी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टमाटर की चटनी और रोटी प्रसूता महिलाओं को खिलाने का मामला शांत ही हुआ था कि अब ऑन डयूटी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा रील वीडियो बना कर पोस्ट करने का मामला सुर्खियों में आ गया है। सीएचओ द्वारा आधा दर्जन वायरल हुए वीडियो को देख लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है, लेकिन एक सवाल भी उठ रहा है कि क्या अस्पताल में अब कोई काम नहीं रह गया सिवाय रील बनाने के। रील आईडी पर गौर करें तो जुलाई माह में डयूटी के दौरान वीडियो सूट कर पोस्ट किया गया, वहीं कुछ दिन पूर्व भी कई वीडियो पोस्ट किए गए। रील पोस्ट करने के दौरान भी ऑन डयूटी ही दिखाया गया। चटनी रोटी वाले मामले में चिकित्सा अधीक्षक डा. शाह आलम ने बताया था कि खाना सप्लाई वाला वेंडर बिना जानकारी दिए उस दिन छुट्टी पर था। यानी चिकित्साधीक्षक को कोई जानकारी नही कि उनके नाक के नीचे क्या हो रहा है। वहीं अब सीएचओ सोशल मीडिया पर ऑन डयूटी रील वीडियो बना रही है। शायद इसकी जानकारी भी चिकित्साधीक्षक को तब होगी, जब यह मीडिया की सुर्खियां बनेगी।

# लाभार्थियों को वितरित किया गया लैपटॉप

**सीएम बाल सेवा योजना**

## कोविड काल में मृत व्यक्तियों के बच्चों को जन कल्याणकारी योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित




छात्र को लैपटॉप देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत कोविड-19 काल में मृतक हुये व्यक्तियों के बच्चों को निःशुल्क लैपटाप वितरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामसकल ने कहा कि कोविड-19 में मृतक हुये व्यक्तियों के बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क लैपटाप उपलब्ध करा रही है, जिसके माध्यम से इन बच्चों को बेहतर तकनीकी शिक्षा प्राप्त होगी। सांसद ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार कोविड-19 काल मृतक हुये परिवारों को अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि कोविड-19 काल में हुयी त्रासदी की घटना हर व्यक्तियों के जेहन में रहेगी, उस समय कितने परिवारों के लोग दुनिया छोड़कर चले गये। त्रासदी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने तमाम प्रकार की योजनायें और सुविधायें उपलब्ध करायीं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत कोविड-19 में मृतक हुये व्यक्तियों के बच्चों को निःशुल्क लैपटाप वितरित किया जा रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तहत जनमानस के जीवन स्तर में बेहतर सुधार लाने हेतु सराहनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के प्रथम मजिस्ट्रेट अरूण पाण्डेय ने कहा कि लैपटाप के माध्यम से बच्चों को बेहतर व तकनीकी शिक्षा प्राप्त होगी,जिससे वह उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहाकि वह मेहनत और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत की प्रस्तुती की गयी। प्रभारी जिला प्रोबेसन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन साधना मिश्रा ने किया। इस मौके पर ओम प्रकाश त्रिपाठी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, अखिल नारायण देव पाण्डेय, गायत्री दूबे, रोमी पाठक, शेषमणि दूबे समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## थ्रेसर की चपेट में आए किसान की उपचार के दौरान मौत

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घघरी गांव में धान थ्रेसरिंग करते समय चपेट में आने से किसान का हाथ कट गया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी वाराणसी मे उपचार के दौरान गुरूवार की शाम मौत हो गयी। बता दें कि घघरी गांव निवासी 50 वर्षीय शिव मंगल पुत्र दलित गोड़ गुरूवार को गांव में पड़ोसी के यहां धान थ्रेसर करने गया था कि अचानक दाहिना हाथ थ्रेसर की चपेट में आ गया, जिससे शिवमंगल गम्भीर रूप से घायल हो गया।

घायल किसान को ग्रामीणों की मदद से म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन आनन फानन में उसे वाराणसी ले गये। जहां उपचार के दौरान गुरूवार की देर शाम उसकी मौत हो गयी।

# बीजेपी सरकार सभी वर्गो के उत्थान के लिए प्रतिबद्धः डा. अनिल कुमार मौर्य

**खुशी**

## निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



घोरावल विधायक अनिल मौर्य

**सोनभद्र।** घोरावल विधायक डा. अनिल कुमार मौर्य ने कहा कि भाजपा राजनीतिक सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा-बसपा कांग्रेस ने पिछड़े, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया, लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की, लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनवे तथा उनके कुछ चहेतों तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षड़यंत्र रचा है, जो सफल नहीं होगा। उन्होंने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव व बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है। बिहार सरकार ने पिछड़े वर्ग के हितों की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिया। भाजपा की नीति सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया। इस मौके पर महेन्द्र पटेल, योगेन्द्र बिन्द, मोहित पटेल, सुखनन्दन चौरसिया, संजय जायसवाल, अंजनी जायसवाल, मंजू गिरी, अनूप तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद आदर्श ग्राम नगवां में सुविधाओं का टोटा

जनसंदेश न्यूज



अधूरा पड़ा सामुदायिक शौचालय

**दुद्धी।** सांसद आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत नगवां को 2014 में तत्कालीन सांसद छोटे लाल खरवार ने गोद लिया था, ताकि ग्रामीणों का सामाजिक-आर्थिक एवं बुनियादी ढांचे के विकास हो। इस दौरान यहां कई कार्य हुए लेकिन,आज वे धरातल पर धराशाई नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के लिए बैंक का बीसी प्वाइंट, पोस्ट ऑफिस तो है, लेकिन वे सप्ताह में एक ही दिन खुलते हैं। शौचालय आज भी अधूरे हैं, पेयजल की सुविधा के लिए बनी लाखों की पानी टंकी शो पीस बनी हुई है। मनरेगा से कार्य चल रहा है, लेकिन मजदूरों की अधिकता से काम कम पड़ रहा है।

वार्ड सदस्य फुलकेश्वर, शीतला प्रसाद, ओम प्रकाश, सोभनाथ, रामकेश, नंदू गुप्ता ने बताया कि गांव की समस्याओं को प्रधान या सम्बन्धित अधिकारियों को बताया जाता है तो समाधान का आश्वासन देते हैं, लेकिन समस्या जस की तस रहती है। पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है, समर्सिबल एक वर्ष से खराब है और हैंडपंप बहुत कम पानी देता है। हम लोग दूर से बाल्टी में पानी लेकर आते हैं जिसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन आज तक ठीक नहीं हुआ। कहा कि गांधी मैदान में लगा विधायक कोटे से हाई मास्क लाइट है, जिसमें दो ही बल्ब जलता हैं, जिससे पर्याप्त रौशनी नहीं मिलती और लोग रात्रि में परेशान रहते हैं। इसी ग्राउंड पर यहां शाम को नवयुवक खेल कूद व्यायाम आदि करते हैं। जिसकी शिकायत भी की गई लेकिन कुछ खास बदलाव नहीं हुए। ग्रामीणों ने कहा कि आदर्श गांव में विकास खूब हुए, लेकिन धरातल पर सब धराशाई हैं। बता दें कि शुक्रवार को नगवां ग्राम में ग्राम चौपाल कार्यक्रम प्रस्तावित था जो अपरिहार्य कारणों से नहीं लग सका।

# भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से मिले आशु



भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से वार्ता करते आशु दूबे

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की 3570 किलोमीटर की यात्रा में 109वे दिन तीन जनवरी को यात्रा गाजियाबाद लोनी से प्रवेश की, उत्तर प्रदेश में इसको बागपत शामली होते हुए कैराना से निकलकर हरियाणा में प्रवेश करना था, यात्रा के 111 दिन बागपत के आगे कैराना के पहले राहुल गांधी से उत्तर प्रदेश कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे(आशु) की मुलाकात हुई। इस दौरान जनपद की वर्तमान स्थिति के बारे में और पंडित जवाहरलाल नेहरु की जो सोच थी वे मिनी स्वतीजरलैंड के रूप में जनपद को देखना चाहते थे,सोनभद्र का विकास उन्हीं के द्वारा हुआ है। इस दौरान राहुल गांधी ने उनके पिता की मृत्यु पर अपनी संवेदना भी व्यक्त किया।

## किस्त में किराया वसूली के लिए ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**ओबरा।** तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा आवंटित गैर निगमीय आवासों और दुकानों में रह रहे लोगों से किस्तों में किराए की वसूली किए जाने की मांग को लेकर अपना दल (एस) ने लखनऊ में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र सौंपा। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच ने कहा कि परियोजना प्रशासन द्वारा 2015 में बिना किसी पूर्व सूचना के आवंटित आवासों और दुकानों के किराए में पांच गुना की बढ़ोतरी कर दी गई। इस दौरान किराए में सुधार होने की उम्मीद में बैठे लोग समय से किराया नहीं जमा करा पाये। वहीं परियोजना प्रबंधन द्वारा लगातार एक साथ पूरा बकाया राशि जमा करने के साथ बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया जा रहा है। जबकि ज्यादातर लोग बकाया राशि का भुगतान लगातार कर रहे हैं एवं बची बकाया राशि किस्तों में जमा करने की मोहलत मांग रहे हैं। ऊर्जा मंत्री से मांग किया कि ऐसे में प्रशासन द्वारा किराए की वसूली किस्तों में की जाए जिससे लोगों को कुछ राहत दी जा सके। जिसपर ऊर्जा मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द मामले का निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर महताब आलम, महेश अग्रहरी, शिवदत्त दुबे, दिनेश केसरी, विकास कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

# फूलों की होली लीला संग रासलीला का समापन



फूलों की होली खेलते कृष्ण-राधा

**चोपन।** जुगैला क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरहरी में चल रहे नौ दिवसीय रासलीला के आखिरी दिन रासलीला मंचन कर रहे कलाकारों द्वारा मोर नृत्य का अद्भुत नजारा पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। उसके पश्चात कृष्ण और राधा रानी के संग जमकर फूलों की होली खेली गई। आयोजन समिति के तरफ से दो कुंतल फूलों की व्यवस्था की गई थी।

जैसे ही कृष्ण और राधा रानी के बीच नोकझोंक के साथ फाग शुरू हुआ, पूरा पंडाल राधे राधे के जयकारे से गुंजायमान हो गया। वहीं बरसाने की मशहूर लठ मार होली का भी दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया। अंत में आयोजक ने सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों के साथ ही आसपास के गांवों से आये हुये लीला प्रेमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजा मिश्रा, अरविंद मिश्रा, गोमती प्रसाद पाठक, संजीव त्रिपाठी, सुनील सिंह, सुनील तिवारी, सत्यभान सिंह, गोपाल दास, रामचन्द्र, कमलेश मास्टर, नागेश्वर सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन दाऊ दयाल उपाध्याय ने किया।

## श्रम आयुक्त ने बढ़ाया प्रतिभागियों का मनोबल

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला के प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनसे चर्चा करने हेतु राम किशन मीणा क्षेत्रीय श्रम आयुक्त एवं देवेंद्र वर्मा सहायक श्रम आयुक्त एनटीपीसी सिंगरौली का आगमन हुआ। अतिथिगण के साथ शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला बैच की बालिकाओं के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। अभियान के तहत आस-पास के गाँव कोटा, तारापुर, रणहोर, लोझरा, चिल्काडांड, कोहरौल में छठी कक्षा में अध्ययनरत 120 बालिकाओं को सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। राम किशन मीणा ने एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर के अंतर्गत आसपास के समुदायों की वंचित ग्रामीण बालिकाओं के उत्थान हेतु आयोजित बालिका सशक्तीकरण अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा, खेलकूद, नृत्य, योग आदि का प्रशिक्षण प्रदान करना एक बड़ा सार्थक कदम है।

# कोतवाल ने जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के बिसौरी गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों कि समस्या सुनी और लोगो को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है। अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें।

किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केबाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए। बाद में उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को भी सुना। महिलाओं ने कहा कि गांव में शराबियों का आतंक बढ़ाता जा रहा है। इससे महिलाओं का गांव में चलना दुश्वार हो गया है। सदर कोतवाल राजीव सिंह ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी शराबी शराब पीकर उत्पात मचाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें पुलिस ऐसे लोगो पर कड़ी कार्यवाही करेगी।



बिसौरी गांव में ग्रामीणों की समस्या सुनते कोतवाल राजीव कुमार सिंह

# डीएम के आश्वासन पर अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

जनसंदेश न्यूज




**चंदौली।** बिछिया धरना स्थल पर भाकपा (माले) अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के संयुक्त बैनर तले दर्जन भर मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरनारत रहे कार्यक्राताओं ने शुक्रवार को जिलाधिकारी इशा दुहन के आश्वासन पर धरना सामाप्त किया। और चेताया कि अगर हमारी मांगों को एक महीने में पुरा नहीं किया जाता है। तो हम लोग फिर से आन्दोलन को बाध्य होंगें।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा की 6 जनवरी 2023 जिले के खरगीपुर के उदल बिंदकी हत्या की जांच क्राइम ब्रांच से कराए जाने तथा हत्या करने वाले हत्यारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने, नियमताबाद ब्लॉक के जीवधीपुर में जीएस,परती बंजर जमीनों को चिन्हित कर गरीबों को पट्टा दिए जाने तथा जमीन की हेराफेरी में शामिल हल्का लेखपाल चंदन को बर्खास्त किए जाने,नियमताबाद ब्लॉक के पचोखर, डिहुलिया,धपरी सहित तमाम गांव के आवासहीन पात्र व्यक्तियों को आवास व शौचालय दिए जाने,नियमताबाद ब्लॉक के बिलारिडीह के नागरिकों को बंदरों के आतंक से मुक्त कराए जाने तथा बंदरों को दूसरी जगह छोड़े जाने,पंडित दीनदयाल नगर तथा नियमताबाद ब्लॉक के तमाम गांव के सभी गरीबों से बिजली बिल की जबरन वसूली बंद किए जाने बिजली बिल माफ किए जाने को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज 78वें दिन समाप्त हो गया। जिलाधिकारी मिलने गए भाकपा (माले) प्रतिनिधिमंडल से जिलाधिकारी ईशा दुहन ने धरने का संज्ञान लेते हुए वार्ता में धरना समाप्त करने की अपील करते हुए यह आश्वासन दिया कि जल्द ही जिला स्तर की मांगों पर कार्यवाही होगी तथा शासन स्तर की मांगों पर शासन को लिखा जाएगा। जिलाधिकारी के दिए गए ठोस आश्वासन पर धरना समाप्त किया जा रहा है। भाकपा (माले) जिला सचिव ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम जिलाधिकारी महोदया का सम्मान करते हुए धरना समाप्त कर रहे है 1 महीने के अंदर उपरोक्त मांगों पर अगर जिलाधिकारी महोदया कार्यवाही नहीं करती हैं। तो हम पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अवसर पर परवान बिंद,जीरा,सरोजा, रामबचन बनवासी, कमली देवी,महेंद्र वनवासी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

**नौगढ़।** ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान उपनिदेशक पंचायत वाराणसी के नेतृत्व में शुक्रवार को ब्लाक सभागार मे क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत कुमार उर्फ सूड्डु सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के किया। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रशिक्षण दिए जाने का मुख्य उद्देश्य जानकरी को बढाना हैं। जो कि समय समय पर होने वाले जनप्रतिनिधियों के अधिकारों व कर्तव्यों मे परिर्वतन से परिचित कराता हैं। जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों का निर्वहन भली प्रकार से कर सकें। जिसके द्दष्टिगत दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षकों ने क्षेत्र पंचायत का गठन क्षेत्र पंचायत समितियों क्षेत्र पंचायत विकास योजना बी0पी0डी0पी0 तथा केन्द्रीय व राज्य वित्त योजना की सविस्तार जानकारी दिया। इस अवसर सुनील सिंह वीरेंद्र श्रीवास्तव, कन्हैया राम रामचन्द्र यादव मौजूद रहे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे मैच में वाराणसी टीम विजेता



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते फुटबॉल के खिलाड़ी

**धानापुर।** अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता का दूसरा मैच शुक्रवार को इलाहाबाद और वाराणसी सिगरा स्टेडियम के बीच खेला गया। 90 मिनट के खेल के पहले हाफ में वाराणसी की टीम के तरफ से शाहिद ने दो गोल कर के अपनी टीम को दो शून्य से बढ़त दिला दिया जबकि दूसरे हाफ में दोनो टीमों में से कोई गोल नही कर सका ।प्रतियोगिता के दूसरे मैच में वाराणसी की टीम विजयी रही। आज के मैच के निर्णायक इमरान खान रहे। कमेंट्री आतिफ खान और रियाज खान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान रुस्तम खान ,अरशद खान गुड्डू,राजन खान, शाहिद खान, हसनैन खान, उमेश प्रसाद,मनीष सिंह अमादपुर, राणा सिंह,तुफैल खान राजू ,उमर खान,सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### गंगा में स्नान करने गया युवक डूबा



**धानापुर।** क्षेत्र के प्रसहटा गांव निवासी पंकज पांडेय 32 वर्ष शुक्रवार को स्नान करते समय गंगा नदी में डूब गया। परिजन उसकी मृत्यु की आशंका जता रहे हैं। पुलिस द्वारा मल्लाहों एवं गोताखोरों को मदद से गंगा नदी में शव की तलाश की जा रही है। बताते है कि प्रसहटा गांव निवासी राजेश पांडेय के 32 वर्षीय पुत्र पंकज पांडेय रोज की तरह शुक्रवार को गंगा स्नान करने गया था तभी पैर फिसल जाने के कारण वो गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। परिजनों के मुताबिक उसकी मौत की आशंका जताई जा रही है। राजेश पांडेय के चार पुत्रों में से पंकज पांडेय दूसरे नंबर का हैं। उनके नदी में डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष विपिन सिंह का कहना है। शव की तलाश की जा रही है मिलने के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

### 6 बीघा धान की फसल का पुआल जलकर राख

**इलिया।** थाना क्षेत्र के निचोट कलां गांव के सिवान में अज्ञात कारणों से लगी आग से गोरख यादव का 6 बीघा धान की फसल का पुआल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग को बुझा दिया। उसके बाद पहुंची फायर बिग्रेड की वाहन बैरंग वापस लौट गयी। गोरख यादव का खलिहान गांव के सिवान में है। धान की गुडाई होने के बाद पशुओं को चारा के लिए 6 बीघा फसल का पुआल खलिहान में रखे हुए थे। सुबह के वक्त उसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगा। धुआं उठते देख ग्रामीण खलिहान की तरफ दौड़ पड़े और अथक प्रयास कर आग बुझाने में कामयाबी हासिल की, मगर तब तक पूरा पुआल जलकर राख हो गया। सूचना पर घंटों बाद पहुंची फायर बिग्रेड की वाहन के पूर्व ग्रामीण आग बुझा चुके थे। जिससे वह बैरंग वापस लौट आयी। वहीं आग लगने से गोरख यादव के पशुओं के चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। भुक्तभोगी ने तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुआवजा का मांग किया है।


### नवनिर्मित पुल से आवागमन शुरू होने की जगी उम्मीद

**चकिया।** तहसील क्षेत्र स्थित शहाबगंज ब्लॉक मुख्यालय के पास कर्मनाशा नदी पर पिछले कई माह से बनकर तैयार हुए नवनिर्माणीत पुल से आवागमन शुरू होने की उम्मीद जग गई है। पुल निर्माण में बाधा बने अप्रोच के लिए किसानों की सहमति पर उनकी जमीन की रजिस्ट्री आरंभ हो गई है। गुरुवार को सब रजिस्टार कार्यालय में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रथम दिन तीन किसानों ने अपनी भूमि की रजिस्ट्री की। शहाबगंज में कर्मनाशा नदी पर पुराने पुल के जर्जर हो जाने पर तत्कालीन अखिलेश यादव की सरकार में नए पुल का निर्माण लगभग 8 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। पुल का निर्माण 70 प्रतिशत तो हो गया था लेकिन एप्रोच मार्ग के लिए किसानों द्वारा जमीन नहीं देने पर निर्माण कार्य अधर में लटक गया था।एप्रोच मार्ग के लिए कुल 70 किसानों की जमीन की रजिस्ट्री होनी है। जिसके सापेक्ष उन्हें मुआवजे के तौर पर 2 करोड़ 18 लाख रुपए की धनराशि दी जानी है। सहायक अभियंता संतोष राय ने कहा कि पहले दिन किसान प्रताप नारायण, चिंतामणि उपाध्याय,अवधेश नारायण ने अपनी भूमि की रजिस्ट्री की। कहा अन्य किसान जल्द से जल्द जमीन की रजिस्ट्री कर दें। जिससे समय रहते उनके खाते में मुआवजे की धनराशि भेजी जा सके। इस दौरान अवर अभियंता सुचित पटेल,वर्क एजेंट रामनिहोर सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

### तालाब में डूबने से बालक की मौत

**बबुरी ।** शुक्रवार की सुबह कस्बा स्थित पोखरे के किनारे खेलते समय पैर फिसल कर तालाब में गिरने से एक बालक की मौत हो जानकारी के अनुसार कस्बे के छोटक अंसारी का पुत्र आबिद अंसारी 11 वर्ष कस्बे के पोखरे के पास खेल रहा था। खेलते खेलते अचानक उसका पैर फिसला और वह पानी में गिर पड़ा। थोड़ी देर बाद परिजन उसे ढूंढने लगे कहीं ना मिलने पर वह लोग पोखरे के पास पहुंचे जहां पोखरे में उतराया बालक का शव देखकर बदहवास हो गए । ग्रामीणों ने प्रयास कर शव को तालाब से बाहर निकाला।

# नाराज ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का लिया निर्णय



परसादपुर गांव के पास टूटी व क्षतिग्रस्त सड़क।

**चहनियां।** परसादपुर गांव को दर्जनों गांव के अलावा जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला प्रसादपुर बैराठ संपर्क मार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्की सड़क के रूप में संचालित था, विगत 6 वर्षों से वर्षा के पानी की समुचित निकासी के अभाव में धानापुर ब्लाक अंतर्गत सैदराजा विधानसभा का अंतिम गांव प्रसादपुर के पास लगभग 200 मीटर सड़क बरसात के पानी में बह गई, जिससे सड़क का नामोनिशान मिट गया इस पक्के संपर्क मार्ग से रामगढ़ बैराठ से प्रसादपुर नेकनामपुर धराव आदि गांव के गांववासियों का प्रतिदिन का आवागमन होता रहा है। गांव से लेकर विधानसभा तक के जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में यह विकट समस्या हर वर्ष बताई जाती है।

जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं मौका मुआयना कर समस्या के निदान एवं सड़क के निर्माण की बात लगातार की जाती है एवं हम ग्राम वासियों को आश्वासन भी भरपूर मिलता रहता है कि पानी का समुचित निकास बनाकर समाप्त हुए 200 मीटर पक्की सड़क का पुनर्निर्माण जनहित में करा दिया जाएगा, किंतु अभी भी यह आश्वासन ढाक के पात की तरह जस के तस है। समस्त ग्राम वासियों की बैठक सड़क की समस्या के संदर्भ में 5 जनवरी को संपन्न हुई, जिसमें गांव की समस्याओं के संदर्भ में जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही उपेक्षा पर दुःख (रोष) व्यक्त किया गया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक प्रसादपुर विकासखंड धानापुर में वर्षा के जल की निकासी एवं बरसाती पानी से कटी पक्की सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता हम गांववासी भविष्य में होने वाले किसी भी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे। इस समस्या को अवगत कराने के लिए गांव से एक जनप्रतिनिधि मंडल शासन में स्वयं पहुंचकर सीएम को अपनी इस पीड़ा से अवगत कराएगा एवं अपने निर्णय की जानकारी लिखित रूप से भी शासन को अवगत करा देगा। बैठक में रोहणी पांडेय, डा.रमेश चंद्र पाण्डेय, सुधींद्र कुमार पाण्डेय, संतोष पांडेय, मदनमोहन पांडेय, प्रेमनाथ पांडेय, अनिल विश्वकर्मा डॉक्टर राजनाथ विश्वकर्मा, दयासागर विश्वकर्मा, बाबूलाल बिंद, गोविंद विश्वकर्मा ,पारस राम राम सेवक, प्रमोद पांडेय, हरिद्वार विश्वकर्मा, रामदरस यादव आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कल्याणकारी योजनाओं को गरीब जनता तक पहुंचाएं अधिकारी

**नियामताबाद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा पटनवा में जिला प्रशासन चला गांव की ओर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुगलसराय विधायक रमेश जयसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही पटनवा गांव को लगभग 10 लाख की लागत के सड़क का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा पहली बार जन चौपाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब जनता के पास पहुंचे इसके लिए हम सभी तत्पर हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जितने भी कल्याणकारी योजनाएं हैं। यह आप तक पहुंचे इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर आपको लगता है। मुझे योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज यादव, नायब तहसीलदार सुनील कुमार एवम ग्राम प्रधान रमाशंकर यादव सहित ग्रामवासी व सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक के प्रयास से आधा दर्जन गांव को मिलेगा पानी

जनसंदेश न्यूज

**नौगढ़।** विधायक चकिया कैलाश खरवार की पहल पर क्षेत्र के गहिला सुखदेव सोनेफूल पथरौर होरिला धोबहीं व जमसोत आधा दर्जन गांवो की असिंचित भूमि मे भी अन्न उत्पादन हो सकेगा। जिसके लिए जलशक्ति मंत्रालय की ओर से जारी पत्र पर अधिशासी अभियंता चन्द्रप्रभा प्रखंड सर्वेश चन्द्र सिन्हा ने बताया कि सिंचाई के लिए नौगढ बांध मे लिफ्ट लगाने का कार्य लिफ्ट निर्माण खण्ड वाराणसी द्वारा कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक कैलाश खरवार ने अपने चुनावी वायदे मे विधान सभा चकिया के सबसे दूरस्थ काफी पिछड़े हुए वनांचल पर्वतीय क्षेत्र कर्मनाशा नदी पार के गांवों में खेतों को समुचित सिंचाई के लिए पानी दिए जाने की घोषणा किया था।

जिसके लिए जल शक्ति मंत्रालय को प्रेषित पत्र को काफी गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जल शक्ति मंत्री स्वंतत्र देव सिंह ने अधिशासी अभियंता चंद्रप्रभा को पहल करने का निर्देश दिया था। वहीं चकिया क्षेत्र की सिंचाई सुविधा मे बढोत्तरी किए जाने के लिए राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह ने बाण सागर परियोजना को चन्द्रप्रभा बांध से छोड़े जाने की मांग की थी। जिसपर अधिशासी अभियंता चन्द्रप्रभा प्रखंड पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर सुधीर चन्द्र सिन्हा ने अपनी रिपोर्ट में इंगित किया है कि सर्वेक्षण के उपरांत ही स्पष्ट हो पाएगा कि बाण सागर परियोजना से चन्द्रप्रभा बांध को जोडा.जाना उपर्युक्त है या नहीं।

क्षेत्रीय विधायक की पहल पर कार्यालय अधिशासी अभियंता चन्द्रप्रभा प्रखंड से लिफ्ट लगाए जाने संबंधी पत्र जारी होते ही क्षेत्रीय जनो मे हर्ष ब्याप्त हो गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरी ने बताया कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के बाबत जनप्रतिनिधियों का निरंतर ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। जिसके समाधान के लिए हर संभव प्रयास जारी है।

# सपा-बसपा व कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठेः सर्वेश

**चंदौली।** भाजपा सरकार पिछडे वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि सपा-बसपा, कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में पिछडे, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों छलने का काम किया है। शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा ने कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए साधन के रूप में देखती है। नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। कहा कि अखिलेश यादव का बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है। बिहार सरकार ने पिछडे.वर्ग के हितो की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिया। तब खुद को राष्ट्रीय पार्टी का मुखिया कहने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुप्पी साधे रहे। कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठ, भ्रम व फरेब की अपनी परम्परागत राजनीति से सत्ता प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए हैं। लेकिन जनता इनकी हकीकत जान चुकी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया है। इस मौके पर शिवराज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## ठंड से 65 वर्षीय वृद्धा की मौत

**इलिया।** शहाबगंज विकासखंड के सरैया गांव में शुक्रवार की सुबह ठंड से वृद्ध लालमनी देवी 65 वर्ष की मौत हो गई। शिवमूरत केशरी की पत्नी लालमनी देवी की भोर के वक्त पेट दर्द की शिकायत हुई घरेलू उपचार के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ जिस पर परिवार के लोग इलाज के लिए चकिया जिला संयुक्त चिकित्सालय ले जा रहे थे। कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना ग्राम प्रधान पति राजकुमार ने क्षेत्रीय लेखपाल को जानकारी देते हुए परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराए जाने का मांग किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड के बाद भी प्रशासन द्वारा गरीब तबके के लोगों को ठंड से बचाव के लिए किसी तरह का कोई प्रबंध नहीं किया गया। ना तो कंबल की व्यवस्था की गई। और नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव कहीं जलाए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की उदासीन रवैया के कारण ही गरीब तबके के लालमनी देवी की ठंड से मौत हो गई है। प्रशासनिक अधिकारी नहीं चेते तो ठंड से मरने वालों की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिलेगा।

# सड़क पर उड़ती धूल को लेकर नाराज अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

### ठंड और कोहरे के कारण सड़क पर चलना हुआ दुभर

जनसंदेश न्यूज



तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**सकलडीहा।** चंदौली से सैदपुर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू है। जिसको लेकर विभाग की ओर से दोनों तरफ सड़क खोदाई किया गया है। सुबह शाम आने जाने वाले राहगीर व बाइक सवार धूल गर्दा से पट जा रहे है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने धूल गरदा से निजात दिलाने की मांग को लेकर विरोध जताया। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि ठंड और कोहरे के कारण सड़क पर चलना दुभर होगया है।

वही दूसरी ओर सड़क पर सुबह से शाम उड़ती धूल के कारण अधिवक्ता से लेकर आम राहगीर धूल गरदा से पट जा रहे है। अधिवक्ता न्यायालय और तहसील में जाने लायक नही बच रहे है। धूल गरदा के कारण दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने उमाशंकर एडवोकेट के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर विरोध जताया। जिला प्रशासन से मांग किया कि सड़क पर उड़ती धूल से निजात दिलाने के लिये पानी का छिड़काव और मनमानी पेड़ों की कटौती पर रोक लगाया जाय। इस मौके पर विरोध जताने वाले अधिवक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष दिनेश सिंह, उमाशंकर, राजगोपाल सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, अभय मौर्या, अशोक यादव, अखिलेश तिवारी, कृष्ण मुरारी पाठक, संतोष सिंह,त्रिभुवन, आलोक मिश्रा, मनोज यादव, धर्मदेव, रमाशंकर मौर्य, दुर्ग विजय, प्रमोद सिंह, प्रभु पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।

# शासन की मंशा के अनुरूप हो धान की खरीदः रमेश जायसवाल

जनसंदेश न्यूज



नवीन मंडी क्रय केन्द्र पर निरीक्षण करते विधायक रमेश जायसवाल

**चंदौली।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने बृहस्पतिवार को मुख्यालय स्थित नवीन मंडी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां मौके पर तौल में गड़बड़ी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल मोबाइल से जिलाधिकारी ईशा दुहन से इसकी शिकायत की। कहा कि मानक के अनुरूप धान की खरीदारी होनी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में संचालित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंच गए। जहां पर तौल में भारी गड़बड़ी पाई गई। किसानों ने शिकायत किया की 40 किलो 600 ग्राम बोरी के साथ तौल होनी चाहिए, लेकिन यहां पर 41 किलो 200 ग्राम लिजा रहा है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए विधायक ने नवीन मंडी के सचिव आरके वर्मा और डिप्टी आरएमओ सौरभ कुमार यादव से नाराजगी जताई। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खरदारी किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। उन्होंने तत्काल मोबाइल पर इसकी शिकायत जिलाधिकारी ईशा दुहन से की और कहा कि तत्काल इस पर रोक लगाई जाए और मानक के अनुसार खरीदारी की जाए। इसमें जो भी लापरवाह अधिकारी हो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें ताकि आगे कोई गड़बड़ी न करने पाए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप सोनकर, रिंटू सिंह, संजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## मुगलसराय इंस्पेक्टर को एसपी ने किया निलबिंत

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाल रहे संतोष श्रीवास्तव को भ्रष्टाचार के आरोप में एसपी अंकुर अग्रवाल ने निलंबित कर दिया एसपी के इस कार्यवाही से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। विगत दिनों पूर्व एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें मुगलसराय के तत्कालीन कोतवाल संतोष श्रीवास्तव पैसे का लेनदेन करते नजर आए थे। जिसके बाद एसपी अंकुर अग्रवाल ने कार्रवाई करते हुए संतोष कुमार को लाइन हाजिर कर दिया था। और मामले को जांच के लिए निर्देशित किया था। जांच में पैसे के लेनदेन से जुड़ा वायरल वीडियो सही पाया गया। कोतवाल संतोष श्रीवास्तव जमीन से जुड़े विवाद में एक पार्टी को लाभ देने के लिए पैसे के लेन देन कर रहे थे। जिसको लेकर एसपी अंकुर अग्रवाल ने इंस्पेक्टर संतोष श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया। इस बाबत एसपी अंकुर इंस्पेक्टर संतोष श्रीवास्तव का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें वो किसी से पैसे का लेनदेन कर रहे थे। जांच में आरोप सही पाए गए जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# गंजख्वाजा में ग्राम चौपाल में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



आयोजित जनचौपाल में बीडीओ अरूण पांडेय व ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह

**सकलडीहा।** विकास खंड की ओर से शुक्रवार को गंजख्वाजा गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न योजना का लाभ के लिये ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह और बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने फीता काटकर ग्राम चौपाल का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लिया।ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने बताया कि ग्राम चौपाल योजना सरकार की महत्वपूर्ण व महात्वाकांक्षी सुलभ योजना है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को आवास, पेंशन, स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास, मत्स्य पालन, पंचायत सहित विभिन्न योजना का सीधे लाभ दिलाया जा रहा है। वही बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि विभिन्न योजना के तहत लाभार्थियों को स्टॉल पर पहुंचकर मात्र पंजीयन कराने से योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके पूर्व गांव के गरीब बच्चों को अन्नप्राशन योजना के तहत बच्चों को पुष्टाहार दिया गया। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, ज्वाइंट बीडीओ आलोक पांडेय, रणजीत सिंह, दुर्गेश सिंह, जेई राकेश मौर्या, मत्स्य इंस्पेक्टर रामलखन, पशु चिकित्साधिकारी डा. सूर्यप्रकाश, पूर्ति निरीक्षक केके मिश्रा,सचिव प्रिया मौर्या,विजय शंकर,जेई विनोद मिश्र आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## पाकिस्तानी गेंदबाजों की बेइज्जती सुन तिलमिलाए शॉन टेट, रिपोर्टर के साथ हुई झड़प

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान टीम के गेंदबाज विकेट लेने में नाकाम रहे। इस टेस्ट मैच में मेजबान टीम की पेस बॉलिंग को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे है। इसी बीच पाकिस्तान के बॉलिंग कोच शॉन टेट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों पर भड़के हुए नजर आए। दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के अलावा कोई भी गेंदबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। बता दें कि फ्लैट पिचों पर नसीम शाह ने दो टेस्ट मैच में 9 विकेट चटकाएं। जबकि सभी तेज गेंदबाज दो टेस्ट मैच में मिलकर 9 विकेट ही चटका पाए। जिससे ये साफ स्पष्ट होता है कि टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज विकेट लेने के लिए तरस रहे हैं।



# इंडिया-श्रीलंका टी20 सीरीज : निर्णायक मैच जीतने के लिए तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम पर भारत का फोकस

### राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है...टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे

**राजकोट।** श्रीलंका को शनिवार को निर्णायक तीसरे टी20 मैच में हराने के लिए भारतीय तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को पिछले मैच की हार से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में आखिरी गेंद पर जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में 16 रन से हार गई। युवा तेज गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन हार का प्रमुख कारण रहा लेकिन उमरान मलिक और शिवम मावी को बखूबी पता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला है। उनकी खराब लाइन और लैंग्थ का श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने बखूबी फायदा उठाया।



चोटों से उबरकर टीम में लौटे बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने दो ओवरों में पांच नोबॉल डाली। वह पहले ओवर में लगातार तीन बार क्रीज से बाहर रहे और टी20 में नोबॉल की हैट्रिक लगाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।

पहले मैच में शानदार पदार्पण करने वाले मावी और अर्शदीप दोनों ने काफी नोबॉल फेंकी। ऐसे में कप्तान हार्दिक पंड्या को स्पिनरों पर निर्भर रहना पड़ा। वैसे महज एक मैच में खराब प्रदर्शन की गाज युवाओं पर नहीं गिरेगी क्योंकि उन्हें अनुभव की जरूरत है। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, युवा खिलाड़ियों के कैरियर में इस तरह के मैच आयेंगे और हमें उनके साथ संयम बरतना होगा। लेकिन हमें समझना होगा कि ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिये। उन्होंने कहा ,वे सीख रहे हैं। यह कठिन है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें संयम से काम लेना होगा। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम एक बार फिर अच्छी शुरूआत देने में नाकाम रहा। शुभमन गिल लगातार दूसरी बार असफल रहे और अब राहुल त्रिपाठी की तरह ही वह कोई मौका बर्बाद नहीं करना चाहेंगे। त्रिपाठी भी अपने पहले मैच में नहीं चल सके। आधी टीम 60 रन के भीतर पवेलियन लौट चुकी थी जिसके बाद अक्षर पटेल और सूर्यकुमार यादव ने उम्दा बल्लेबाजी की।

अक्षर के रूप में भारत को रविंद्र जडेजा जैसा उपयोगी हरफनमौला मिल गया है। अपने कोर खिलाड़ियों को टीम और मौके देगी क्योंकि अब उसे विराट कोहली और रोहित शर्मा के दौर से इस प्रारूप में आगे निकलना है। निर्णायक मैच में टीम में किसी बदलाव की संभावना कम है। कोच द्रविड़ कह ही चुके हैं कि बहुत ज्यादा बदलाव उन्हें पसंद नहीं है। एशिया कप चैम्पियन श्रीलंका ने शानदार वापसी करके भारत के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। उसे हालांकि मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है। टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे।

**भारतः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

**श्रीलंकाः** दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रम, कुसाल मेंडिस, भानुका राजपक्षे, चरिथ असलंका, धनंजय डी सिल्वा, वानिंदु हसरंगा, एशेन बंडारा, महेश तीक्षणा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान मदुशंका, कासुन राजिता, दुनिथ वेलालागे, प्रमोद मदुशान, लाहिरू कुमारा, नुवान तुषारा। समयः मैच शाम सात बजे शुरू होगा। *एजेंसी*

## विराट-अनुष्का ने नीम करोली बाबा के आश्रम में माथा टेका, बेटी वामिका भी नजर आई



विराट और अनुष्का की वृंदावन यात्रा का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे नीम करोली बाबा के आश्रम में माथा टेकते और श्रीहित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। इस दौरान बेटी वामिका अनुष्का की गोद में खेलती रही। विराट परिवार के साथ 4 जनवरी को यहां आए थे। वीडियो में दिख रहा है कि अनुष्का ने व्हाइट सूट, ब्लैक जैकेट, व्हाइट कैप, फ्लोरल स्कार्फ पहना है जबकि विराट ने ओलिव ग्रीन जैकेट, ब्लैक कैप और ट्राउजर। बेटी वामिका अनुष्का की गोद में बैठी दिख रही है। इस मौके पर आश्रम के लोगों ने अनुष्का को चुनरी ओढ़ाई और वामिका के गले में माला डाली। व्हाइट ड्रेस में वामिका बेहद क्यूट लग रही हैं। वामिका के इस वीडियो को देख फैंस काफी खुश हुए। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'विराट और अनुष्का केली कुंज में श्रीहित प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज के यहां गए थे और वहां वह पूरे सत्संग में शामिल रहे।'

## क्या अब टी20 मैच नहीं खेलेंगे विराट कोहली-रोहित शर्मा? कोच राहुल द्रविड़ ने दिया संकेत

### 'अगले टी20 विश्व कप के लिए बना रहे हैं टीम, युवाओं के साथ संयम की जरूरत'

**पुणे।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि अगले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम तैयार की जा रही है और ऐसे में युवा खिलाड़ियों को अनुभव दिये जाने की जरूरत है। द्रविड़ ने कहा कि श्रीलंका से दूसरे टी20 में मिली हार की एक अहम वजह खिलाड़ियों की अनुभवहीनता थी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के पास अनुभवी अंतिम एकादश थी जबकि भारत ने दो महीने पहले हुए टी20 विश्व कप की तुलना में बिल्कुल अलग टीम उतारी थी।

राहुल द्रविड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ये युवा खिलाड़ी काफी हुनरमंद हैं लेकिन सीख रहे हैं। यह आसान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। उन्होंने कहा कि टीम अगले टी20 विश्व कप के लिए तैयार की जा रही है। उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल के लिए इस प्रारूप में दरवाजे बंद होने का संकेत देते हुए कहा कि युवाओं के साथ संयम से काम लेने की जरूरत है और टीम प्रबंधन को चाहिए कि उनका साथ देता रहे। उन्होंने कहा, हमने इस श्रृंखला से पहले आखिरी टी20 विश्व कप सेमीफाइनल इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उस टीम के तीन या चार खिलाड़ी ही मौजूदा टीम में है। हमारी नजरें अगले टी20 विश्व कप पर है और यह युवा टीम है। अब फोकस भारत में होने वाले वनडे विश्व कप पर है और द्रविड़ का मानना है कि अधिक से अधिक युवाओं को टी20 खेलने का मौका देने का यह सही समय है।



उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि इस साल वनडे विश्व कप होना है। उस पर अधिक फोकस रहेगा। उसके बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप है। ऐसे में टी20 मैचों में युवाओं को मौके दिये जा सकते हैं। भारत ने इस श्रृंखला में शिवम मावी, उमरान मलिक, शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी जैसे युवाओं को मौका दिया । द्रविड़ ने कहा उन्हें मौके देने के साथ उनका साथ देने की भी जरूरत है। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। हमें यह भी समझना होगा कि इस तरह के मैच आयेंगे ही ।

## वनडे विश्व कप में भी नजर नहीं आएंगे ऋषभ पंत, लंदन में हो सकती है लिंगामेंट सर्जरी

**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत इस साल वनडे विश्व कप में शायद ही खेलते नजर आएं। इसके अलावा वे इस साल सात और मेजर इवेंटस भी मिस कर करेंगें.। फिलहाल पंत को देहरादून से बुधवार को ही एयरएंबुलेंस से मुंबई शिप्ट किया गया है. जहां उनका इलाज कोकिलाबेन अस्पताल में डॉ. दिनेशा पारदीवाला की देखरेख में चल रहा है. लेकिन कहा ये भी जा रहा है कि पंत के आगे का इलाज लंदन में हो सकता है। बता दें कि पंत की चोटें गंभीर हैं और जब तक वे पूरी तरह से फिट नहीं हो जाते उनकी वापसी के बारे में नहीं सोचा जा सकता है. इस लिहाज से पंत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप समेत सात बड़े इवेंट्स मिस करेंगें। सबसे पहले जनवरी फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, मार्च- अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, अप्रैल और मई में आईपीएल, आईपीएल में पंत दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हैं। जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (अगर भारत फाइनल में पहुंच पाता हे तो) , जुलाई में वेस्टइंडीज की धरती पर सीरीज, सितंबर में एशिया कप और इसके बाद अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाला वनडे विश्व कप भी मिस करेंगें।



## 'राष्ट्रीय टीमों में कोचिंग करना एक सुखद अनुभव' चेन्नई में पसीना बहाएंगी भारत की अंडर-20 महिला टीम

**नई दिल्ली।** सैफ चैंपियनशिप और एफसी महिला एशियाई क्वालीफायर मैचों के लिए भारत की अंडर-20 महिला टीम नवनियुक्त मुख्य कोच मेमोल रॉकी की देखरेख में यहां आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पसीना बहाएगी। सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप फरवरी और एफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबले मार्च में प्रस्तावित है जिसके लिये 35 खिलाड़ियों को चेन्नई में नौ जनवरी से होम गेम्स स्पोर्टस एरिना में शुरू हो रहे प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया है।



मेमोल ने कहा प्रशिक्षण शिविर के दौरान हर पल अंडर-20 लड़कियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। टीम के लिए चयनित सभी लड़कियां सीनियर टीम का हिस्सा बनने की कगार पर हैं। इनमें से कुछ सीनियर टीम के लिए खेल भी चुकी हैं। हम अपने अनुभव का उपयोग टीम को सैफ और एशियाई स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम बनाना चाहते हैं। हमें इन लड़कियों को प्रशिक्षित करने के लियेलगभग एक महीने का समय मिल रहा है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार करने में मदद करेगा। सीनियर टीम की मुख्य कोच रहे चुकी भारत की पूर्व डिफेंडर मेमोल ने कहा एक बार फिर से राष्ट्रीय टीमों में कोचिंग करना एक सुखद अनुभव है। दिल में भारत का होना हमेशा एक सम्मान की बात है। भारतीय अंडर-20 टीम के लिये आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल 35 सदस्यीय दल में गोलकीपर के तौर पर तन्वी विजय मवानी, मोनालिसा देवी, अंजलि, हेमप्रिया सेराम, मेलोडी चानू कीशम हैं जबकि डिफेंडर के तौर पर पूर्णिमा कुमारी, शिल्की देवी हेमम, अस्तम उरांव, भूमिका, काजल, वार्शिका, ग्लेडिस, शुभांगी सिंह, निकिता जूडे, सनमीजा चानू को शामिल किया गया है। इसके अलावा मिडफील्डर के रूप में मार्टिना थोकचोम, पूनम, किरण, बबीना देवी लिशम, नीतू लिंडा, काजोल डिसूजा, तानिया कांटी, मधुमती, शैलजा, शेलिया अपनी प्रतिभा को चमकायेंगी। फारवर्ड में सुधा अंकिता, डेजी क्रास्टो, सुनीता मुंडा, अमीषा बक्सा, सुमति कुमारी, लिंडा कॉम सर्टो, अनीता कुमारी, नेहा, रेजिया देवी लैशराम, सोनाली सोरेन शामिल है।

### *बेल्जियम की सफलता की कुंजी साबित होंगे अनुभवी खिलाड़ी : कोच हूवेल*

भुवनेश्वर। गत चैम्पियन बेल्जियम 13 जनवरी से शुरू हो रहे एफआईएच विश्व कप में अपने अनुभवी खिलाड़ियों के सहारे खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। मुख्य कोच माइकल वान डेन हूवेल ने कहा कि जॉन जॉन डोमैन जैसे 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ियों की मौजूदगी से ओलंपिक चैम्पियन टीम को फायदा मिलेगा। बेल्जियम को ग्रुप बी में जर्मनी, जापान और कोरिया के साथ रखा गया है। उसका सामना 14 जनवरी को कोरिया से होगा। हूवेल ने कहा, ये सभी अनुभवी खिलाड़ी हैं और अपना खेल बखूबी जानते हैं। डोमैन यहां पहले भी खिताब जीत चुके हैं। इस बार कठिन हालात में भी उनकी मौजूदगी से टीम को फायदा मिलेगा। कप्तान फेलिक्स डेनायेर ने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने स्पेन में अभ्यास शिविर में अपने सारे मैच जीते। टीम में आत्मविश्वास भरा हुआ है और हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमें हालांकि पता है कि प्रतिस्पर्धा काफी कठिन है। हम काफी रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और जर्मनी कठिन प्रतिद्वंद्वी हैं जबकि भारत को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, कई प्रबल दावेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया है और नीदरलैंड भी है। जर्मनी मजबूत टीम है और भारत को उसकी धरती पर हराना कठिन होता है।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जय शाह पर लगाए थे आरोप एशियन क्रिकेट काउंसिल ने दिया मुंहतोड़ जवाब



एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने गुरुवार (पांच जनवरी) को एसीसी कैलेंडर 2023-24 की घोषणा की थी। इसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन नजम सेठी ने एकतरफा करार दिया था। उन्होंने इसके लिए एसीसी के अध्यक्ष जय शाह की आलोचना भी की थी। इस पर एसीसी ने पलटवार किया है। उसने कहा है कि कैलेंडर दिसंबर 2022 को पाकिस्तान बोर्ड सहित सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि, कुछ अन्य सदस्यों ने कैलेंडर पर अपनी राय शेयर की थी। नजम सेठी ने जय शाह के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए तंज कसा था। उन्होंने लिखा था, "एसीसी कैलेंडर 2023-24 को एकतरफा तरीके से पेश करने के लिए धन्यवाद जय शाह, विशेष रूप से एशिया कप 2023 में, जिसका मेजबान पाकिस्तान है। जब आप इससे जुड़े हैं, तो आप हमारे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल 2023) का कैलेंडर भी पेश कर सकते हैं।" इसके जवाब में एसीसी ने अपने बयान में लिखा, "हम यह बताना चाहते हैं कि कैलेंडर को 13 दिसंबर 2022 को हुई डेवलपमेंट व फाइनेंस और मार्केटिंग कमेटी की बैठक में मुहर लगने के बाद ही जारी किया गया था। इसे एसीसी के सभी सदस्यों को शेयर किया गया था और उनसे बात की गई थी। सभी सदस्य देशों को 22 दिसंबर 2022 को ईमेल भेजे गए थे। कई सदस्यों ने जवाब में अपने विचार भी भेजें, लेकिन पीसीबी ने कैलेंडर को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। नजम सेठी अगर यह कहते हैं कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है तो यह बेबुनियाद है।

## फसलों को नुकसान कर रहे पशुओं को ग्रामीणों ने किया बन्द

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** ग्राम सभा मारूफपुर में किसानों के फसल को बर्बाद कर रहे डेढ़ दर्जन से अधिक छुट्टा पशुओं को ग्रामीणों ने बाउंड्री में बन्द कर दिया। ग्रामीणों द्वारा पहले भी अधिकारीयो को कई बार सूचना दिया था। बाबजूद सुनवाई न होने पर प्रदर्शन किया। ठंड में पशु ठिठुर रहे है। छुट्टा पशुओं की देखभाल ,उनके ठहरने ,खाने पीने के लिए चारा, दवाई,पानी आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी अधिकारीयो को दिया गया है।

इसके लिए गौशाला केंद्र भी बनाया गया है किन्तु अधिकारी कितने सक्रिय है इसका अंदाजा क्षेत्र में घूम रहे सैकड़ो पशुओं से लगाया जा सकता है। आज भी बाजारों व गांवो में छुट्टा पशु घूमते नजर आ रहे है। मारूफपुर में किसानों का फसल छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारीयो से किया था। कई बार शिकायत के बाद भी न सुनवाई होने पर ग्रामीणों ने आजिज आकर प्रदर्शन कर चेतावनी दिया।

करीब डेढ़ दर्जन पशुओं को पकड़कर बाउंड्री में बन्द कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोगों का फसल ये छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे है। फसल उगाने के लिए मेहनत व रुपया दोनो बर्बाद हो रहा है।

जब फसल तैयार हो रहा है तो ये छुट्टा पशु झुंड बनाकर बर्बाद कर दे रहे है। प्रदर्शन करने वालो में दीप नारायण यादव,घनश्याम यादव,रामबचन यादव,सत्येंद्र यादव, रबिन्द्र यादव, विजय यादव, आकाश कन्नौजिया, कमला यादव आदि उपस्थित थे।



मारूफपुर में बाउंड्री में बन्द पशु

## ठंड में लोगों का घर से निकलना मुश्किल

**डीडीयू नगर।** विगत कई दिनों से पड़ रही ठंड और शीतलहर ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है।ठंड और शीतलहर ने जीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगाने लगी है। हालांकि शुक्रवार के दिन में भगवान भास्कर ने थोड़ी सी आंख खोलने से लोगों ने राहत की सांस ली। वही शाम होते ही ठंड ने फिर अपना रुख अख्तियार कर लिया शाम ढलते ही शीतलहर का सितम शुरू हो गया। हवा से ठिठुरन बढ़ गई। गांव से लेकर शहर तक ठंड से यात्री बेहाल है। आने जाने वाले राहगीरों का कोई पुरसाहाल नहीं है। पिछले पांच दिनों से ठंड ने लोगों के जीवन को प्रभावित कर रखा है। सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। शहर से गांव तक अलाव के पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से सक्षम लोगों पर तो कोई असर नहीं दिख रहा, लेकिन हाशिए पर गुजर-बसर करने वाले लोगों पर ठंड आफत बरपा रही है।

## प्राइवेट विद्यालयों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन हो रही खराबः गुलाब

**बबुरी।** स्थानीय क्षेत्र के एक निजी विद्यालय मे लोक विद्यार्थी शिक्षक एसोसिएशन की जिला स्तरीय वार्षिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके की गई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह मौर्य ने उपस्थित विद्यालय प्रबंधकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए कहा कि प्राइवेट विद्यालयों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन बहुत लचर होती जा रही है।

सरकार से किसी भी अनुदान की आशा नहीं है। संगठन के माध्यम से हम अपने हक की लड़ाई आगे तक लड़ सकते हैं। जिसके लिए आप सभी को मिलकर के संगठन को मजबूत करना होगा। वही संगठन के प्रदेश सचिव शहनवाज खान ने कहां कि कोरोना काल के बाद से ही राइट टू एजुकेशन के तहत विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले पच्चीस प्रतिशत बच्चों का शुल्क प्रतिपूर्ति अभी तक सरकार ने नहीं दी है। जिससे विद्यालयों के सामने अनेक समस्याएं खड़ी हो रही हैं। बढ़ती महंगाई को देखते हुए स्कूल संचालकों को आरटीई के तहत मिलने वाला शुल्क प्रतिपूर्ति बहुत ही कम दी जा रही है। इस अवसर पर बृजेश बिंद, पारसनाथ मौर्य, गुरुचरन चौहान, विकास दीप गुप्ता, पंकज यादव, प्यारेलाल सोनकर, औरंगजेब खान, अजय जयसवाल, मुरारी सिंह, रंजीत पटेल, वसीम अहमद, अमित पांडेय, कन्हैया लाल गुप्ता, शैलेंद्र कुमार सहित प्रधानाचार्य विष्णु विश्वकर्मा उपस्थित रहे। व कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंजनी कुमार चौबे ने किया।



जिला स्तरीय वार्षिक बैठक में उपस्थित शिक्षक

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके पक्ष के लोग इसे पारिवारिक विवाद मानकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया।

**संदेहास्पद**

**पारिवारिक विवाद माना जा रहा कारण**

बताया जाता है कि थाना लाइन बाजार के कुद्दूपुर गांव निवासी कृपाशंकर प्रजापति ने पुलिस को सूचना दी कि उक्त गांव में उसकी बहन बीनू 31 वर्ष की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व हुई थी जिसका शव फांसी से लटक रहा है और मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं। उसका ससुराल वालों से दीवानी न्यायालय में विवाद भी चल रहा था जिसमें एक वर्ष पहले समझौता हुआ फिर विदाई हुई। घटना की रात में बताते हैं कि पति राकेश कुमार प्रजापति से खाना बनाते समय पत्नी बीनू का झगड़ा हुआ था फिर दोनों खा पीकर सोने चले गए। रात में जब राकेश जागा तो बीनू का शव पंखे से लटक रहा था।

सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक का कहना है कि प्रथम दृष्टया विवाहिता की मौत फांसी लगाने से होना साबित हुआ है। शरीर पर चोट का निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही की जायेगी। मृतका का पति मेहनत मजदूरी कर रोजी रोटी चलाता है। मृतका की दो संतान 12 वर्षीय लड़का शिवा और 11 माह की एक बेटी है। कोतवाली पुलिस ससुराल पक्ष वालों से पूंछताछ भी कर रही है।

## युवक ने फांसी लगाई

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हुंसेपुर गांव में रह रहे युवक ने गुरुवार की रात को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह के समय परिवार वालों ने देखा कि युवक का शव फंदे पर लटका हुआ है।

विनोद कुमार पुत्र बसन्त लाल उम्र 24 वर्ष निवासी हुंसेपुर गुरुवार की रात को फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। मृतक के स्वजनों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि विनोद कुमार गुरुवार की शाम तक ठीक था लेकिन रात को वह एक अलग कमरे में चला गया। उस कमरे में विनोद ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिवार वाले शुक्रवार की सुबह उठे तो देखा कि विनोद का शव फंदे पर लटका हुआ है।

उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जांच अधिकारी सदन प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल का भी जायजा लिया। मृतक के स्वजनों के बयान दर्ज किए हैं। बयानों में बताया है कि विनोद ने आर्थिक तंगी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है जिसके आधार पर पुलिस द्वारा इत्फाकिया कार्रवाई की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सभी सीएचसी व पीएचसी तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**मुंगराबादशाहपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प एवं नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पीएचसी राज्य स्तर पर कायाकल्प अवार्ड मंडल में प्रथम नंबर पर रहा तथा केंद्र स्तर पर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड के जिले में प्रथम रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, विशिष्ट अतिथि एडिशनल सीएमओ डॉ. प्रभात व सभासद आलोक गुप्ता तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। एएनएम द्रोपदी सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

**बोले सीएमओ**

**कायाकल्प अवार्ड मिलने पर स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने पीएससी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मचारियों को शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौंसला बढ़ाया। कायाकल्प जिले स्तर पर डीपीएम सत्यव्रत त्रिपाठी, दक्षित पाठक व डॉ. अभिषेक को सिल्वर मेडल तथा पीएचसी में डॉ. राम विजय सिंह, डॉ. मो. शाहिद, डॉ. अखिलेश तिवारी, रत्नेश केसरवानी, संतोष यादव, मुकेश मौर्य व रत्नाकर तिवारी को प्रशस्ति पत्र तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी राजेश कुमार, डॉ. श्वेता सिंह, संतोष यादव, त्रिभुवन राम, मुकेश मौर्य, संदीप यादव, जहरा, पूजा मौर्य व ज्योत्सना सिंह आदि चिकित्सा कर्मियों को मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, विशिष्ट अतिथि एडिशनल सीएमओ डॉ. प्रभात व सभासद आलोक कुमार गुप्ता तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कहाकि जिले के सभी सीएचसी व पीएचसी पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचेंगी जिसके लिए मैं पूरी तरीके से संकल्पित हूं। उन्होंने सभी अधिकारी, कर्मचारी व लिपिकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाते हुए लोगों को पारदर्शी तरीके से स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार तथा संचालन स्वास्थ शिक्षा अधिकारी शिव शंकर ने किया।



कायाकल्प अवार्ड से नवाजे गये स्वास्थ्यकर्मी, साथ में सीएमओ व अन्य

# होटल मैनेजर व अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पालीटेक्निक चौराहा स्थित एक होटल के मैनेजर व एक अन्य अज्ञात आरोपित के विरुद्ध चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला करीब दो वर्ष पूर्व होटल में ठहरे यात्री की कार चोरी होने के आरोप का है।

**कार्रवाई**

**होटल में पार्क किया गया यात्री का वाहन चोरी होने का मामला**

**न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी**

कानपुर के कर्नलगंज के गुन्नू खां का अहाता निवासी मोहम्मद इमरान ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) के न्यायालय में दफा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया। इमरान के अनुसार वह 17 मार्च 2022 को उक्त होटल में किराए पर कमरा लेकर ठहरे थे। उन्होंने अपनी मारुति अर्टिगा कार होटल के पार्किंग में खड़ी की थी। रात में होटल का खाना खाने के बाद वह बेहोश हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद स्वस्थ होने पर वह अस्पताल पहुंचे तो कार नदारद थी। होटल के प्रबंधक व अन्य स्टाफ से काफी पूछताछ की, किंतु न तो कार का पता चला और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। सीजेएम ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराने का निर्देश दिया।

# उपचार के दौरान युवक की मौत, हंगामा



युवक की मौत पर विलाप करती मां



अस्पताल के बाहर लोगों की उमड़ी भीड़

**जौनपुर।** नईगंज मोहल्ला स्थित अरुणोदय हास्पिटल में शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान एक युवक की मौत से नाराज परिजनों ने वहां जमकर हंगामा मचाया। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। पुलिस का कहना है कि किसी ने भी किसी तरह की तहरीर नहीं दी है।

बताया जाता है कि मड़ियाहूं के जमुआ गांव निवासी 36 वर्षीय पंकज मिश्रा का 6 दिन पूर्व उक्त हास्पिटल में आपरेशन हुआ था। शनिवार की सुबह अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। डाक्टरों के काफी प्रयास के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। मृत युवक के परिजन उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाने लगे। परिजनों का आरोप है कि पंकज की मौत के बाद डाक्टर सच्चाई छिपाते हुए उसके ठीक हो जाने की बात कहते रहे। विवाद बढ़ने पर हास्पिटल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। सरायपोख्ता पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सिंह व पुरानी बाजार पुलिस चौकी प्रभारी आफताब आलम पुलिस जवानों के साथ वहां पहुंचे और समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके पश्चात रोते-बिलखते परिजन शव को लेकर चले गए। मृत पंकज अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसी पर परिवार की गृहस्थी चलाने की जिम्मेदारी थी। स्वजन की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस संदर्भ में अस्पताल के संचालक डा. अरूण आर. सिंह से जानकारी चाही गयी तो उन्होंने कहाकि मरीज की स्थिति सामान्य थी। हम उसे डिस्चार्ज कर रहे थे। जैसे ही उसे घर ले जाने के लिए खड़ा कराया गया अचानक उसकी तबियत बिगड़ गयी और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

**लापरवाही का आरोप**

**नईगंज के अरुणोदय हॉस्पिटल में हुई घटना, पुलिस के पहुंचने पर मामला हुआ शांत**

**मड़ियाहूं निवासी युवक का छह दिन पहले हुआ था ऑपरेशन**

## संक्षेप

### आग की चिंगारी से जला रिहायशी मड़हा



आग से जला मड़हा

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के महिमापुर हरिजन बस्ती में आग की चिंगारी से रिहायशी मड़हा जलकर खाक हो गया और उसमें रखा सारा गृहस्थी का सामान भी जल गया। महिमापुर गांव निवासी फूलचंद पुजारी के रिहायशी मड़हे में शुक्रवार को लगभग पौने दो बजे आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया तथा एक बकरी भी झुलस गयी। इस अग्निकाण्ड की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गयी है।

# अभियान चलाकर खसरा की फीडिंग करायें अधिकारी : डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में देर सायं विकास भवन स्थित सभागार में जनपद स्तर पर किए गए राजस्व कार्य संग्रह, भूमि सुधार, भू-अभिलेख कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर मासिक प्रगति समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर खसरा की फीडिंग कराएं एवं वरासत के मामले किसी भी दशा में लंबित न होने पाए। जिलाधिकारी द्वारा 5 वर्षों से अधिक के लंबित वादों की समीक्षा के दौरान उपस्थित तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर शासन की मंशा के अनुसार निस्तारित करें। धारा 24 की समीक्षा के दौरान शाहगंज और मछलीशहर की अत्यधिक पेंडिंग के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया की धारा 24 के मामले का निस्तारण शीघ्र और गुणवत्तापूर्वक करें। जिलाधिकारी के द्वारा बड़े बकायेदारों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि बड़े बकायेदारों की ऑनलाइन फीडिंग कराने के साथ उनकी सूची मुख्यालयों पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें और निर्देशित किया की स्टांप की वसूली में आने वाली समस्या का निस्तारण कराने के साथ वसूली की गति को बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि संपत्ति रजिस्टर की फीडिंग कराने के साथ ही आय, जाति, निवास के प्रार्थना पत्रों को किसी भी दशा में लंबित न होने दे। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारगण, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**मासिक प्रगति समीक्षा बैठक में डीएम का निर्देश**



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

# दस के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गावों में बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी कर रहे लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। शुक्रवार की शाम को बिजली विभाग के एसडीओ मगन सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक क्षेत्र के सोनारी, मनिहा गोविंदपुर व पिलखिनी गांव में बिजली विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में सोनारी गांव में 2 व पिलखिनी में 2 लोगों को कनेक्शन काटने के बावजूद भी बिजली का प्रयोग करते हुए पाया गया। वहीं मनिहा गोविंदपुर गांव में 5 व सोनारी ने 1 लोग बिना कनेक्शन के चोरी से बिजली का प्रयोग करते हुए पाए गए। एसडीओ मगन सिंह ने दस लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा बिजली थाने पर पहुंचकर दर्ज कराया। एसडीओ ने कहा अभी एक सप्ताह बाद पुनः इन्ही गावों में अभियान चलाकर चेकिंग की जाएगी। चेकिंग टीम में लाइनमैन संतोष कुमार व नागेंद्र मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दिलावरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के तहत फरार चल रहे वांछित अभियुक्त दिशांत पुत्र देवनारायण ग्राम पसना थाना अखंड नगर सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान भेज दिया।

# ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने कोटेदार पर लगाया घटतौली का आरोप

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कबीरुद्दीनपुर में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम गांव की समस्या, गांव में समाधान में पहुंचे डीडीओ के सामने उस समय खलबली मच गई जब ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाते हुए जांच करवाने की मांग की। इस बात से तमतमाये डीडीओ ने ब्लॉक के एडीओ आईएसबी को जांच कर तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**निशाने पर**

**डीडीओ ने तीन दिन के अंदर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश**

शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह पहुंचे। डीडीओ ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने राशन वितरण, पेंशन और गांव में साफ सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उसी दौरान ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाया। जिस पर डीडीओ ने एडीओ आईएसबी को जांचकर तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। चौपाल में एमडीएम, स्कूल संचालन, संचारी रोग, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर नल योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायत भवन, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड तथा अन्य योजनाओं पर उपस्थित सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान से जानकारी ली गयी। डीडीओ ने सचिव अरविंद यादव को ग्रामीणों की समस्याओं को सुन कर उन्हें नोट करने का एक नया रजिस्टर बनाने का निर्देश दिया। वहीं करमही गांव में भी ग्रामीणों के साथ बीडीओ ने चौपाल कार्यक्रम में समस्याओं को सुना। इस दौरान एडीओ पंचायत लालजी राम, दिलीप कुमार, एडीओ एजी राम आजाद, जेई प्रेम चंद चौहान, सचिव धर्मेंद्र राय, अरविंद यादव, ग्राम प्रधान निर्मला देवी, वीरेंद्र यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते वक्ता

# दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, लैपटॉप उड़ाये

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खानपुर अकबर बाजार में रात में चोरों ने ताला तोड़कर नकदी लैपटॉप व अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार खानपुर बाजार में जन सेवा केंद्र व कंप्यूटर की दुकान से रात में चोरों ने ताला तोड़ दिया और दुकान मालिक का घर पीछे है उस घर के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर दी। इसके बाद चोरों ने दुकान के अंदर घुस कर 30 हजार नकदी, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच व अन्य चेक बुक अन्य का सामान उठाकर ले गए और दुकान से थोड़ी दूर एक खेत में बैग खोलकर उसमें जो भी नकदी था उठा ले गए। जब सुबह दुकान के मालिक अजय कुमार मौर्य घर के बाहर निकलने के लिए घर का दरवाजा खोलना चाहे तो वह बाहर से बंद था। पड़ोसी को फोन के माध्यम से बुलाकर दरवाजा खुला। बाहर निकलने पर देखा दुकान का दरवाजा कुंडी टूटी थी और दुकान के अंदर से नकदी कंप्यूटर स्मार्ट वॉच समेत अन्य सामान गायब थे। मामले की सूचना उन्होंने ताहिर के जरिए पुलिस को दी। पुलिस सूचना पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। उधर अजय मौर्य का आरोप है कि दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है लेकिन सीसी कैमरा के जिम्मेदार सीसी फुटेज पुलिस को दिखाने से मना कर दिया और पुलिस भी लौट गई। अजय के मुताबिक सीसीटीवी कैमरा में सब कुछ रिकॉर्ड होगा और उसकी छानबीन पर चोर आसानी से पकड़े जाएंगे लेकिन पुलिस मामले के खुलासे में कोई रुचि नहीं ले रही है।

# पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर करें लाभान्वित : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** शासन की मंशा के अनुसार जनपद के विभिन्न तहसीलों के ग्राम पंचायत में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास खण्ड करंजाकला के पंचायत भवन प्रेमापुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम**

**जन चौपाल में शासन की योजनाओं के बारे में दी गयी जानकारी**

जिलाधिकारी ने चौपाल के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चौपाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाना एवं समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को मनरेगा, पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चौपाल में वृद्धावस्था के 43, निराश्रित महिला पेंशन का 6, विकलांग पेंशन का 3 फार्म भरा गया। जिलाधिकारी ने कोटेदार राजेन्द्र यादव को निर्देशित किया कि कोटे की दुकान पर लिखवायें की कब और कितने तारीख को राशन वितरण किया जायेगा जिससे ग्रामवासियों को जानकारी रहे। आशा द्वारा बताया गया कि गांव में 1 साल तक के कुल 42 बच्चे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने आशा को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने आशा को निर्देशित किया कि पंचायत भवन में ही बैठे और आगनबाड़ी को निर्देशित किया कि 6 माह तक के बच्चों को दी जाने वाली दलिया, चने की दाल, चावल आदि का वितरण किया जाये। आशा द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि तीन माह से कम के दो बच्चे अतिकुपोषित (लाल श्रेणी) में हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो बच्चे अतिकुपोषित है उनके लिए जिला अस्पताल में एक सेंटर बना है जिसमें 14 दिन बच्चों को डाक्टरों की उपस्थित में रखकर स्वस्थ किया जाता है। चौपाल में श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामवासियों के पूछा कि ग्राम में लेखपाल, आशा, आंगनबाड़ी आती हैं या नहीं जिस पर ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि लेखपाल, आशा, आंगनबाड़ी आती हैं। ग्राम प्रधान लालजी त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी से एक एएनएम सेंटर बनाये जाने की मांग की गयी। जिलाधिकारी ने उपजिलधिकारी सदर सुनील कुमार भारती को निर्देशित किया कि सभी लेखपाल का रोस्टर बनाये। बीडीओ को कहा कि लेखपाल पूजा और सचिव अश्वनी सिंह रोस्टरवार ग्राम पंचायत में अवश्य बैठे। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से कहाकि लेखपाल, सचिव गांव में नहीं आ रहे हो तो बीडीओ से शिकायत करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी के द्वारा प्रेमापुर में बन रहे पानी टंकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर कैलाश से जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य की जानकरी ली, इंजीनियर द्वारा बताया गया कि यह बोरवेल का काम पूरा हो गया है और ओएचटी का काम भी चल रहा है। पाइप लाइन का काम जल्द शुरू करवा कर गाव के सभी घरों को पानी सप्लाई कर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पाइपलाइन का काम शुरू करें और एक भी घर पानी से वंचित न रहे यह अवश्य ध्यान दें। चौपाल में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



जनचौपाल को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

# एमयूएफसी धानापुर ने मऊ को 4-1 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा



**केराकत।** केराकत स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एकेडमी के तत्वावधान में स्थानीय नार्मल स्कूल के मैदान पर शुक्रवार को स्व. चौधरी चरण सिंह स्मारक फुटबाल प्रतियोगिता में फुटबॉल क्लब मऊ बनाम एमयूएफसी धानापुर चन्दौली के बीच काफी रोमांचक मैच खेला गया।

खेल का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी व जीवन ज्योति चिकित्सालय के प्रबन्धक चन्द्रसेन गुप्ता व उर्मिला गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबाल को किक मारा और खिलाड़ियों का हौंसला बुलन्द किया और कहा कि सभी खिलाड़ियों को ईमानदारी से खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए जिससे उसका नाम रोशन हो और आगे भी अपना नाम रोशन करें। खेल के पहले हाफ के 30 मिनट में मऊ की टीम ने एक गोल कर-के बढ़त हासिल कर लिया। दूसरे हाफ के थोड़े-थोड़े अंतर पर धानापुर चन्दौली के खिलाड़ियों ने 4 गोल मारकर 4-1 से विजयश्री हासिल किया। निर्णायक राजेश यादव रहे। खेल के कमेंट्रेटर वीरेन्द्र उर्फ वीरू यादव रहे। खेल के कोच जीशान हैदर, स्वतन्त्र कुमार यादव रहे। इस मौके पर मनोज कमलापुरी, बेचू यादव, रामदत्त मौर्या, जय सिंह चौहान, योगेश यादव आदि लोग मौजूद रहे। संयोजक दूधनाथ यादव, उपाध्यक्ष सुशील सोनकर, सचिव सत्यनारायण सोनी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**खेल**

**स्व. चौधरी चरण सिंह स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता**

# ग्राम चौपाल में बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**दिया आश्वासन**

छह विकास खण्डों के एक दर्जन गांवों में लगी चौपाल

ग्राम पंचायत सचिवालय महजूदा में आयोजित हुआ ग्राम चौपाल

जनसंदेश न्यूज



**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गांव की समस्या, गांव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।

सुरियावां विकास खंड के महजूदा गांव में खण्ड विकास अधिकारी कमलजीत सिंह व जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनी। ज्यादातर शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। एडीओ पंचायत राजनाथ ने गत वर्ष में गाँव में कराये गये कार्यो की चर्चा की। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रभूषण त्रिपाठी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार ग्रामीणों की समस्याओं का गाँव में ही समाधान करने व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं।

जिपं सदस्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम सभा महजूदा के विकास के लिए धन की कमी नही होने दी जायेगी। ज्ञानपुर के बैराखास में व पुरेरजा में उपायुक्त स्वतः रोजगार अभोली व भीखमापुर उपायुक्त श्रम रोजगार व औराई के हरिनारायण महथुआ में जिला समाज कल्याण अधिकारी व डीघ के सागररायपुर कुलमनपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का गाँव में ही निराकरण किया गया।

महजूदा ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी अशोक कुमार पांडेय, जेई एमआइ श्रीकांत यादव, ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय, ग्राम प्रधान विमिलेश चन्द्र यादव, ग्राम पंचायत सचिव मनोज कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## मनोज पाण्डेय बने प्रधान संघ डीघ के अध्यक्ष

**ज्ञानपुर।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव ने विकास खंड डीघ के ग्राम पंचायत प्रयागदासपुर के ग्राम प्रधान मनोज कुमार पाण्डेय को प्रधान संघ डीघ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ग्राम पंचायत सचिवालय प्रयागदासपुर में आयोजित डीघ के ग्राम प्रधानों की बैठक में प्रधानों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार के नाम पर मुहर लगाई। इसके बाद उन्हें अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह यादव ने कहा कि ग्राम पंचायतों की 40 फीसदी धनराशि की कटौती गांवों के विकास के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। इसके साथ ग्राम प्रधानों के शोषण पर चिंता जताई और शोषण के खिलाफ जंग का शंखनाद किया गया। नवनियुक्त डीघ ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि डीघ के सभी प्रधानों को एकजुट कर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाएगी। बैठक में नवनियुक्त डीघ ब्लाक अध्यक्ष मनोज पाण्डेय और जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर प्रधानों ने स्वागत किया। बैठक में शामिल प्रधानों में रामधनी उपाध्याय रमेश, रामनारायण, छविनाथ, कंचन, कड़ेदीन, भरतलाल, विकास, पंकज पांडेय, सतीश, बाले, रतनेन्द्र, जयप्रकाश आदि कई प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सपा का षड़यंत्र विफल : सांसद

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** भाजपा सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। यह बातें शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में सांसद रमेश चंद्र बिंद ने कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछडे.वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा-बसपा कांग्रेस ने पिछडे, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा-बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनवे तथा उनके कुछ चहेते लोगो तक ही सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, विनीत जायसवाल उर्फ राजू जायसवाल ,गोवर्धन राय ,विजय बिंद इत्यादि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पौष पूर्णिमा पर लोगों ने लगाई पुण्य की डुबकी

**गोपीगंज।** रामपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पूण्य की डूबकी लगाई। इसके साथ ही माघ मेला कल्पवास की शुरूआत पौष पूर्णिमा स्नान के साथ हो गई। पहले शाही स्नान पर प्रयाग राज के साथ भदोही जनपद के विभिन्न गंगा घाटो पर भी बड़ी संख्या में नर नारियों ने गंगा में पूण्य की डूबकी लगाई। प्रयागराज के संगम व जनपद में सेमराधनाथ मे कल्पवास करने वाले दो दिन पूर्व ही पहुंचने लगे थे। प्रयागराज न पहुच पाने वाले लोग रामपुर गुलौरी चतुमुर्खी बिहरोजपुर डेरवा भवानीपुर बरजी जहागीराबाद आदि घाट पर शुक्रवार को बड़ी संख्या मे लोगों ने डुबकी लगाई। पौष पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल से ही लोग गंगा घाट पहुंचने लगे थे। हाड़ कपाने वाली ठंडी पर आस्था भारी पड़ा और समय के साथ भीड़ भी बढ़ती गई। गंगा मे डुबकी लगाने व दान धर्म के साथ दर्शन पूजन का क्रम देर तक चलता रहा।

# डीएम ने निरीक्षण कर जाना हाल



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रेमापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान इंजीनियर कैलाश से जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य की जानकरी ली। इंजीनियर द्वारा बताया गया कि यह बोरवेल का काम पूरा हो गया है और ओएचटी का काम भी चल रहा है। पाइप लाइन का काम जल्द शुरू करवा कर गांव के सभी घरों को पानी सप्लाई कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा इंजीनियर कैलाश को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पाइपलाइन का काम शुरू करें और एक भी घर पानी से वंचित न रहे यह अवश्य ध्यान दें।

# अधिवक्ताओं के हितों की विरोधी है सरकार : अजय

**साधा निशाना**

यूपी बार काउंसिल के सदस्य अजय यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बड़ी बेबाकी से रखी अपनी बात

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** बार काउंसिल हो या फिर एसोसिएशन हो। इनके पास कोई संसाधन नहीं होता। ऐसे में वह अधिवक्ताओं की आर्थिक मदद नहीं कर पाते। शुल्क के रुप में जो रुपया मिलता है। उससे अधिवक्ताओं को गंभीर बीमारी होने की स्थिति में 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की जाती है।

उक्त बातें यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में काउंसिल के सदस्य अजय यादव ने शुक्रवार को नगर के अजीमुल्लाह चौराहे पर स्थित अधिवक्ता बाल विद्या विकास यादव के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि उसमें भी इतना आवेदन आते हैं कि सभी को आर्थिक मदद कर पाना संभव नहीं होता। वैसे सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के हित के लिए स्टाम्प पर शुल्क लिया जाता है। लेकिन उससे उनकी मदद नहीं की जाती। सरकार को चाहिए कि वह अधिवक्ताओं का लाख रुपए का बीमा कराएं। ताकि उस बीमा से अधिवक्ताओं की मदद हो सकें। वैसे सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के हित के लिए कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह से अधिवक्ताओं के हित की विरोधी है। श्री यादव ने एक सवाल के उत्तर में कहा कि वादकारियों की शिकायत पर ऐसे गलत कार्य करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि भदोही में बने नए कोर्ट में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए जगह नहीं है तो ऐसी स्थिति में वहां के बार एसोसिएशन को चाहिए कि वह एक प्रस्ताव बनाकर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को भेजें। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गंगाराम यादव, शोभनाथ यादव व बाल विद्या विकास यादव आदि मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में काउंसिल के सदस्य अजय यादव

## लगातार छठवीं बार अध्यक्ष बने सत्येंद्र श्रीवास्तव

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के भदोही इकाई की बैठक शनिवार को कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष धर्मराज यादव ने की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी माया प्रताप सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया।अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लगातार छठवीं बार सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को दी गई। उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार उपाध्याय, मंत्री विद्याधर चौबे, संगठन मंत्री राजपति सरोज, उपमंत्री अशोक कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह व आय व्यय निरीक्षक की जिम्मेदारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव को दी गई। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों का कर्मचारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# पूर्व विधायक के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** जफराबाद से पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह के जन्म दिवस पर केशवपुर के एक मैरिज हॉल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा इस दिन को आगे से सेवा दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आए विधायक ने अपने संबोधन में लोगों से समाज के गरीब तथाकथित लोगों के लिए लड़ाई लड़ने तथा मदद करने का आह्वान भी किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह, अजीत सोनकर, सुरेंद्र सिंह, रामासरे सोनकर, मनोज सिंह, साहेब लाल मिश्र, संतोष मौर्या, धीरज मिश्रा, नीलम पाल, नेहा सहित क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता व आम लोग मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक अजय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# धूप भी रही बेअसर, शीतलहरी में अलाव बना लोगों का सहारा



**जौनपुर।** नव वर्ष के प्रारम्भ से ही पड़ रहे भीषण शीतलहर के कारण ठण्ड में पांचवें दिन निकली धूप भी बेअसर साबित हो रही है। ऐसे में मानव जीवन के लिये अलाव ही एक सहारा है। कई दिनों के बाद शुक्रवार की दोपहर में कुछ क्षण के लिये भगवान भास्कर ने दर्शन दिया लेकिन भयंकर शीतलहर के कारण ठण्ड का असर कम नहीं हुआ। इस हांड़ कपा देने वाली ठण्ड से बचने के लिये गरीब तबके के लोग ज्यादा प्रभावित हो रहें हैं।

विगत दिनों चल रही बर्फीली हवाओं ने मौसम को काफी नर्म कर दिया है। इस बीच आने वाले दिनों में ठण्ड में बढ़ोतरी होने की संभावना भी जताई है। आसमान में बादल छाने के साथ ही ठण्डी हवाओं ने अपना रूख और भी सख्त कर लिया है। मौसम के बदले इस मिजाज से लोग ठहर से गये हैं। वहीं यह भी अनुमान है कि अभी ठण्ड पड़ेगी। ठण्ड से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय में लगे हुए है, हर गली कूचों पर जगह-जगह अलाव जलाकर किसी तरह गुजारा कर रहें हैं। हालाकि प्रशासन ने शहर में कई जगह अलाव की व्यवस्था कर रखी है। कोई कूड़े और बोरियां जलाकर आग ताप रहा है, तो कोई परिवार के साथ घरों में रजाई, कम्बल, हीटर आदि का सहारा लेकर समय काट रहा है। मौसम के तेवरों के बीच जबरदस्त ठण्ड पूरे रूवाब में है, तथा लगातार गलन में काफी हिजाफा हो रहा है। हांड कपा देने वाली सर्दी में सूर्यदेव भी बादलों में छिपे हुए नजर आये। शुक्रवार को सुबह से ही लोग गली, नुक्कड़, चौराहों पर अलाव जलाकर तापते नजर आये। यहाँ तक की पशु-पक्षियों तक की चहक नही सुनाई पड़ी। आसमान से बरस रही बर्फीली हवाओं के कारण हांड कपां देने वाली ठण्ड से लोग दिन भर अपने-अपने घरों में दुबके रहे। इस दौरान अधिकांश चौक-चौराहों पर दिन भर सन्नाटा पसरा दिख रहा है। हर रोज आसमान में कलरव करते पक्षी भी दिनभर अपने घोसलों में ही ठिठुरते रहे। शीतलहर का प्रकोप जारी रहने के बाद भी ग्रामीण इलाकों के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव नहीं जलवाया जा सका।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। जियालाल निषाद पुत्र घोल निषाद निवासी खीरीडीहा थाना कप्तानगंज ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि अभियुक्त अनूप पाण्डेय व भोला पाण्डेय निवासीगण ग्राम गोपलापुर थाना कप्तानगंज ने उसे मार पीट कर बेहोश कर दिया तथा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। पुलिस ने उक्त मुकदमें से संबंधित अभियुक्तगण विपिन पाण्डेय उर्फ रानू उर्फ अनूप पाण्डेय पुत्र बृजवासी पाण्डेय व विपुल पाण्डेय पुत्र बृजवासी पाण्डेय को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## अलाव की तलाश में भटक रहे राहगीर

**फूलपुर (आजमगढ़)।** पछुवा बयार की सर्द हवा और गलन इस कदर बढ़ गयी है कि गांव हो या नगर हर तरफ लोग अलाव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल में घरो में आग जलाकर सेंकते हुए बच्चे बूढ़े जवान सभी नजर आ रहे हैं। वही चैक चैराहो पर सरकारी अलाव के साथ कस्बा नगरवासी दुकानदार अपने घरों के सामने खुद से अलाव जलाकर हाथ गर्म कर रहे हैं।

# कम्बल वितरण का हुआ आयोजन



गरीबों में कम्बल वितरित करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**पवांरा।** क्षेत्र अन्तर्गत सेमरिया गांव में शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा व्यास चन्द्रशेखर त्रिपाठी महाराज के सानिध्य में व ग्राम प्रधान सीमा त्रिपाठी के सौजन्य से वृहद कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मछलीशहर राजेश कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह व थानाध्यक्ष पवांरा राज नरायन चौरसिया के द्वारा चार सौ गरीब व असहाय लोगों में ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया गया। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्भ्रान्तजन उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अनिल कुमार पाण्डेय का निधन अपूरणीय क्षतिः कुन्दन



**आजमगढ़।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष और जनपद के कई शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक अनिल कुमार पाण्डेय का हृदय गति रुकने से असामयिक निधन हो गया। उनकी पत्नी गीता पाण्डेय रघुपुर ग्राम की प्रधान हैं। उनके निधन की जानकारी मिलते ही ग्राम रघुपुर में शोक की लहर व्याप्त हो गई तथा उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने परिजनों को ढ़ाढस बंधाते हुए कहा कि पंडित अनिल कुमार पाण्डेय के निधन से एक अपूर्णनीय क्षति हुई है। वे शिक्षा जगत के धरोहर थे। राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि उनके सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में प्रधान हरीश पाठक, सभा के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी, मण्डल अध्यक्ष सौरभ उपाध्याय, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, अजय कुमार पाण्डेय, दीना मिश्रा, बंशीधर पाठक, अभिषेक पाण्डेय, सवार्नंद पाण्डेय, रमेश सिंह, पंचदेव पाण्डेय, अनिल श्रीवास्तव, डॉ.ओके मिश्रा आदि शामिल हैं।

### छात्रवृत्ति आवेदन में संशोधन 19 जनवरी से

**आजमगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने जनपद की समस्त शिक्षण संस्था एवं अध्ययनरत समस्त छात्र, छात्राओं को सूचित किया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समय-सारणी के अनुसार संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र, संस्थाओं के लॉगिन पर प्रदर्शित किये जाने एवं ऑनलाइन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक किये जाने की तिथि आगामी 19 जनवरी से 27 जनवरी निर्धारित की गयी है। 27 जनवरी तक परीक्षाफल न निकलने अथवा छात्र द्वारा पूर्व में रिजेल्ट येट नाट डिक्लेयर आप्शन से भरे गये आवेदन में संशोधन न करने एवं संस्था द्वारा संशोधित किये गये आवेदन को अग्रसारित न करने की दशा में आवेदन निरस्त माना जायेगा।

### रोहित टीम ने जीता फाइनल क्रिकेट मैच



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय खनियरा में सर्व शिक्षा अभियान के छः दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेन्ट का फाइनल मैच रोहित व सहवाग टीम के बीच खेला गया। रोहित टीम ने फाइनल मैच जीत कर विजेता व सहवाग टीम उप विजेता रही। विजेता टीम व उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि विधायक बेचई सरोज व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विजय सोनकर ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। मनोज यादव फाइल द्वारा मैच में 26 रन बनाने और तीन विकेट चटकाने पर मैन आफ द मैच व सुहेल को मैन आफ द सिरीज पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के छः दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुमराह टीम, धोनी टीम, गावस्कर टीम, रोहित टीम, द्रविड, गांगुली, कपिल, कोहली, सहवाग, कुम्बले टीम, तेन्दुलकर सहित कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को अन्तिम दिन सेमी फाइनल मैच सहवाग व गावस्कर टीम के बीच खेला गया जिसमें गावस्कर टीम ने छः ओवर में 34 रन का लक्ष्य रखा जिसे सहवाग टीम पांच ओवर मे 35 बनाकर सेमी फाइनल मैच विजेता रही। इसके बाद रोहित व सहवाग टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें रोहित टीम ने छः ओवर में 55 रन का लक्ष्य रखा। सहवाग टीम छः ओवर में मात्र 38 रन बनाकर आल आउट हो गयी। इस अवसर पर मीरा सिंह प्रधानाध्यापिका, विनय कुमार सिंह, डा.अमरेश मिश्र संयोजक, अमर बहादुर सिंह, अंकिता सिंह, सुशील यादव, संदीप श्रीवास्तव, संजीव सिंह, सिद्धार्थ सिंह, नवनीत लाल गुप्ता, अजय गुप्ता, दिनेश कन्नौजिया, संदीप राणा, प्रमोद कुमार, पंकज गुप्ता, बबलू प्रसाद, विनय यादव, तेज बहादुर यादव आदि उपस्थित रहे।

# भूख से पीड़ित परिवार की एसडीएम ने की मदद

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के इमलीपुर निवासी परिवार भूखा है व घर में अनाज नहीं है, की सूचना पर एसडीएम ने पीड़ित के घर पहुंचकर कंबल व अनाज देकर मदद की। सोशल मीडिया व मुख्यमंत्री पोर्टल पर बिलरियागंज थाना क्षेत्र के ईमलीपुर निवासी सैयद कमर अब्बास पुत्र सैयद हसन द्वारा परिवार भूखा है घर में अनाज नहीं है, मदद की गुहार लगाई गयी। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह व बिलरियागंज थाना प्रभारी ब्रह्मादीन पांडेय को पीड़ित परिवार की मदद करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम श्री सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान पीड़ित परिवार को बीपीएल कोटे से अनाज मिला हुआ है। वही सैयद कमर अब्बास ने बताया कि पांच हजार रुपये कर्ज होने के कारण उसने मदद की गुहार लगाई। उसके दो पुत्र विदेश में रहकर नौकरी करते हैं। वहीं सैयद कमर अब्बास को उपजिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया। प्रधान से राशन दिलवाया। वहीं ग्रामीणों को चंदा देकर कर्ज भरने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने एसडीएम के इस प्रयास की सराहना की।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# जरूरतमंदों में विधायक ने बांटे कम्बल



जरूरतमंदों में कम्बल बांटते विधायक

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम छितौना में स्थित गोमती पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की शाम साढ़े तीन बजे क्षेत्रीय विधायक तूफानी सरोज ने इक्यावन गरीब जरुरतमन्दों में कम्बल तक्सीम किया।

गौरतलब है कि गिरते पारे और बढ़ती ठंढ के चलते आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ठण्ड से बचने के लिये लोग तमाम जतन करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रीय विधायक द्वारा मिले कम्बलों से गरीबों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आयी। वहीं अपने उदबोधन में श्री सरोज कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा ईश्वर सेवा के समान होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक दिलीप विश्वकर्मा, कैलाश, रमेश यादव, साहबलाल यादव, शम्भू सरोज, संजय यादव, भगवती सरोज, डॉ. हरीराम समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रात्रि भ्रमण कर डीएम ने जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल

**जौनपुर।** जनपद में अलाव, रैनबसेरा की स्थिति को जानने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा गत रात्रि जेसीज चौराहा, जिला अस्पताल, रोडवेज, जौनपुर रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गरीब एवं असहायों को कंबल वितरित किया गया और लोगों से उनका हाल-चाल जाना। नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया की शासन की मंशा के अनुरूप शीतलहर से बचने के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जाए, जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि शीतलहर को देखते हुए विभिन्न तिराहों एवं चौराहों पर अलाव जलवाना सुनिश्चित करें।





# जोशीमठ में भूमि व सड़क धंसना देश के लिए खतरा?

## सालों पहले दी गई चेतावनी की अनदेखी पड़ रही है भारी

पचास साल पहले एक समिति ने जोशीमठ में जमीन धंसने की चेतावनी दे दी थी। लेकिन उस समिति की संस्तुति ठंडे बस्ते में डाल दी गई क्योंकि विकास की धुन में जिम्मेदारों को कुछ सूझ नहीं रहा था। वक्त धीरे-धीरे आगे बढ़ा और अब इस इलाके की जमीन दरकने के साथ मकानों में दरारों ने यहां के निवासियों की नींद उड़ा दी है। जगह-जगह सरकार के खिलाफ नारे लग रहे हैं क्योंकि सबको अपना घर छोड़ना पड़ रहा है।उत्तराखंड के जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। भू-धंसाव ने क्षेत्र के सभी वार्डों को चपेट में ले लिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीएमओ लगातार मामले की निगरानी कर रहा है। अब तक 70 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा चुका है। तेजी से हो रहे भू-धंसाव का दायरा भारत-तिब्बत सीमा को ओर बढ़ने लगा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जमीन धंसने की घटना पर जल्द ही प्रभावी रोक नहीं लगी तो ये देश की सुरक्षा को भी खतरा पैदा कर सकता है। आखिर जोशीमठ कहां स्थित है? जोशीमठ में भू-धंसाव का मामला क्यों चर्चा में आया है? किन कारणों से भू-धसांव हो रहा है? क्या भू-धंसाव को लेकर कोई चेतावनी थी? आगे इसका खतरा और दायरा कितना बढ़ सकता है? गेटवे ऑफ हिमालय के नाम से मशहूर जोशीमठ, जिसे ज्योतिर्मठ के नाम से भी जाना जाता है, उत्तराखंड के चमोली जिले में एक शहर और एक नगरपालिका बोर्ड है। यह 6150 फीट (1875 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित है जो बद्रीनाथ जैसे तीर्थ केंद्रों का प्रवेश द्वार भी है। यह आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार प्रमुख पीठों में से एक है। धार्मिक, पौराणिक और एतिहासिक शहर होने के साथ ही यह इलाका सामरिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। यहां से भारत-तिब्बत सीमा महज 100 किलोमीटर दूर है। हेमकुंड साहिब, औली, फूलों की घाटी आदि स्थानों पर जाने के लिए यात्रियों को इसी जोशीमठ से होकर गुजरना पड़ता है।

### क्या अचानक यह हो रहा है?

भू-धंसने की ये घटनाएं अचानक नहीं हो रही हैं। जोशीमठ लंबे अरसे से धंस रहा है। इस भू-धंसाव को लेकर स्थानीय लोगों की जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति पिछले कई वर्षों से आंदोलन कर रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। 2006 में वरिष्ठ भूस्खलन वैज्ञानिक डॉक्टर स्पप्नामिता चौधरी ने जोशीमठ का अध्ययन किया था। उन्होंने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट शासन और आपदा प्रबंधन विभाग को सौंपी थी। रिपोर्ट का क्या हुआ, इस संबंध में उन्हें भी जानकारी नहीं है।

### 50 साल पहले दी गई थी चेतावनी


जोशीमठ में भले ही आज भू-धसकने की घटनाएं सामने आई हों लेकिन इसकी चेतावनी 50 साल पहले दे दी गई थी। दरअसल, जोशीमठ पहाड़ों के सदियों पुराने मलबे पर बसा है। ये शुरू से ही दरक रहा है। उत्तराखंड जब यूपी का हिस्सा था, तब इसकी जांच के लिए पहली बार 1976 गढ़वाल के आयुक्त रहे एससी मिश्रा की अध्यक्षता में एक 18 सदस्यीय समिति गठित की गई थी। मिश्रा समिति ने अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की थी कि जोशीमठ धीरे-धीरे धंस रहा है। मिश्र समिति ने भूस्खलन और भू-धंसाव वाले क्षेत्रों को ठीक कराकर वहां पौधे लगाने की सलाह दी थी। इसके साथ ही समिति ने कहा था कि स्थल की स्थिरता की जांच करने के बाद ही क्षेत्र में आगे का निर्माण किया जाना चाहिए और ढलानों पर उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। खुदाई या विस्फोट से कोई बोल्डर नहीं हटाया जाना चाहिए और भूस्खलन क्षेत्र पर कोई पेड़ नहीं काटा जाना चाहिए। विशेष रूप से मारवाड़ी और जोशीमठ के बीच के क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कार्य शुरू किया जाना चाहिए और ढलानों पर जो दरारें विकसित हुई हैं, उन्हें सील कर दिया जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पहाड़ी की तलहटी पर लटकने वाले शिलाखंडों को उचित सहारा दिया जाना चाहिए और नदी प्रशिक्षण के उपाय किए जाने चाहिए। जोशीमठ से भारत-तिब्बत सीमा महज 100 किलोमीटर दूर है। भू-धंसाव का क्षेत्र सैन्य क्षेत्र और आईटीबीपी के मुख्यालय की ओर बढ़ना शुरू हो गया है। सैन्य क्षेत्र में जाने वाली सड़क भी धंसनी शुरू हो गई है। जोशीमठ में भारतीय सेना का ब्रिगेड मुख्यालय और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की एक बटालियन तैनात है। जोशीमठ भारत-तिब्बत सीमा (चीन के अधिकार क्षेत्र) का अंतिम शहर है। यहां से नीती और माणा घाटियां भारत-तिब्बत सीमा से जुड़ती हैं। भू-धंसाव का क्षेत्र बढ़ता रहा तो यहां जवानों का रहना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थिति में देश की सुरक्षा को भई खतरा पैदा हो सकता है।

### अभी क्यों चर्चा में आया जोशीमठ

सोमवार रात कई मकानों में जब अचानक बड़ी दरारें आ गईं, तो पूरे नगर में भय फैल गया। ये दरारें हर दिन बढ़ रही हैं। मारवाड़ी वार्ड में स्थित जेपी कंपनी की आवासी कॉलोनी के कई मकानों में दरारें आ गईं। कॉलोनी के पीछे पहाड़ी से रात को ही अचानक मटमैले पानी का रिसाव भी शुरू हो गया। दरार आने से कॉलोनी का एक पुश्ता भी ढह गया। साथ ही बद्रीनाथ हाईवे पर भी मोटी दरारें आईं। वहीं तहसील के आवासीय भवनों में भी हल्की दरारें दिखीं। भू-धंसाव से ज्योतेश्वर मंदिर और मंदिर परिसर में दरारें आ गई हैं। सिंहधार वार्ड में बहुमंजिला होटल माउंट व्यू और मलारी इन जमीन धंसने से तिरछे हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक सोमवार रात करीब 10 बजे होटल की दीवारों से चटकने की आवाज आनी शुरू हो गई जिससे इन होटलों के पीछे रहने वाले पांच परिवारों के लोग दहशत में आ गए।

### इस भू-धंसने की वजह क्या है?

जोशीमठ में भू-धंसाव का कारण बेतरतीब निर्माण, पानी का रिसाव, ऊपरी मिट्टी का कटाव और मानव जनित कारणों से जल धाराओं के प्राकृतिक प्रवाह में रुकावट को बताया गया। भूस्खलन वैज्ञानिक डॉक्टर स्पप्नामिता चौधरी कहते हैं कि पिछले दो दशक में जोशीमठ का अनियंत्रित विकास हुआ है। बारिश और पूरे साल घरों से निकलने वाला पानी नदियों में जाने के बजाय जमीन के भीतर समा रहा है। यह भू-धंसाव का प्रमुख कारण है। धौलीगंगा और अलकनंदा नदियां विष्णुप्रयाग क्षेत्र में लगातार टो कटिंग (नीचे से कटाव) कर रही हैं। इस वजह से भी जोशीमठ में भू-धंसाव तेजी से बढ़ा है। चौधरी कहते हैं 2013 में आई केदारनाथ आपदा, 2021 की रैणी आपदा, बदरीनाथ क्षेत्र के पांडुकेश्वर में बादल फटने की घटनाएं भी भू-धंसाव के काफी हद तक जिम्मेदार हैं।



# गणेश चतुर्थी खरमास में क्यों?

वाराणसी। माघ माह के गणेश चौथ को खरमास यानि 14 जनवरी के बाद ही मनाया जाता है, लेकिन किसी किसी वर्ष यह पर्व खरमास में ही यानि 14 जनवरी के पूर्व ही मान लिया जाता है, इसे एक खगोलिय घटना भी माना जा सकता है, तिथियों के घटती बढ़ती के चलते हर तीन साल में अधिकमास लगता है यानि वर्ष का 13वां महीना,इसी अधिकमास होने के चलते खरमास में ही भगवान गणेश का प्राक्ट्योत्सव मनाया जाता है। इस तिथियों के चलते ज्योतिष में कोइ विपरित प्रभाव नहीं पड़ता। ज्योतिषाचार्य व प्रकांड विद्वान पं. वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि अधिकमास और खरमास दोनों अलग हैं, लेकिन बहुत से लोग दोनों को एक ही मान लेते हैं, अधिकमास को पुरुषोत्तम मास या मलमास भी कहा जाता है, अधिकमास देवाताओं को प्रिय है तो वहीं खरमास में शुभ-मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं।

**खरमास में पड़ने वाले गणेश चतुर्थी के चलते ग्रहों पर कोई विपरित प्रभाव नहीं**

**गणेश प्रथम पूज्य हैं जिनके पूजन से हर संकट होता है दूर**

### मलमास और खरमास में अंतर

हिंदू पंचांग के अनुसार कुछ साल ऐसे होते हैं जिसमें अधिकमास लगता है, अधिकमास लगने के कारण पर्व-त्योहारों की तिथियों में भी अंतर हो जाता है, तो वहीं खरमास लगने पर शुभ-मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है, अधिकमास केअधिपति श्री हरि विष्णु माने जाते हैं, लेकिन लोग अधिकमास और खरमास के बीच अंतर को नहीं समझ पाते और इसे समान मान लेते हैं।

### क्या है अधिकमास



पं. वेद प्रकाश मिश्र ज्योतिषाचार्य

पं.वेद प्रकाश मिश्र बताते हैं कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य के सभी राशियों के भ्रमण में लगने वाले कुल समय को सौरवर्ष कहा जाता है सौरवर्ष की अवधि 365 दिन और 6 घंटे होती है वहीं चंद्र एक वर्ष में 12 बार प्रत्येक राशि का भ्रमण कर लेता है इसे हम चंद्र वर्ष कहते हैं चंद्र वर्ष की अवधि 365 दिन और लगभग 9 घंटे की होती है. सूर्य और चंद्रमा के वर्ष के बीच समीकरण को ठीक करने को ही अधिकमास कहा जाता है। सूर्य ग्रह हर माह अपनी राशि बदलते हैं और इसी राशि परिवर्तन को उस राशि के नाम की संक्राति कहा जाता है। लेकिन जिस माह सूर्य संक्रांति नहीं होती, उसे ही अधिकमास कहा जाता है। इन्हीं तिथियों में कुछ तिथियों को जोड़कर एक माह अधिक हो जाता है जो वर्ष का 13वां महीना कहलाता है। इस अधिकमास के चलते ही खरमास में शिव पार्वती के पुत्र प्रथमेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाए जाने की परम्परा है।

## 10 को दुर्ग विनायक का भव्य श्रृंगार

वाराणसी। दुर्गाकुंड स्थित दुर्ग विनायक मंदिर में 10 जनवरी मंगलवार को भव्य श्रृंगार किया जायेगा। गणेश चतुर्थी पर आयोजित इस श्रृंगार पर भगवान प्रथमेश को 56 भोग भी अर्पित होगा। मंदिर के महंत पं.तारकेश्वर दूबे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर भगवान गणेश का प्राक्ट्योत्सव मनाया जाता है, बताया कि ऐसा माना जाता है कि शिव और पार्वती के पुत्र गौरीनंदन भगवान प्रथमेश का इसी दिन प्राक्ट्य हुआ था, बताया कि दुर्ग विनायक मंदिर में भगवान प्रथमेश का भव्य श्रृंगार कर मंगलाआरती के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाता है, चंद्रोदय समय भगवान की भव्य आरती कर विशेष आराधना की जाती है। प्रथम पूज्य के स्मरण मात्र से मनुष्य के सारे विघ्न दूर होते हैं।



### लगेगा छप्पन भोग

गणेश चतुर्थी पर दुर्ग विनायक मंदिर में भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा। शाम को आरती के साथ ही बाबा को छप्पन प्रकार का भोग अर्पण किया जायेगा। छप्पन भोग झांकी का दर्शन भक्तों को मिल सकेगा। पं.तारकेश्वर दूबे ने बताया कि मंदिर में प्रत्यके वर्ष विशेष श्रृंगार किया जाता है। मंदिर के भीतर अन्य विग्रहों के दर्शन पूजन का विशेष महत्व है।

# संकटी चतुर्थी के दिन हुआ था गणेश का प्राकट्य


**चतुर्थी व्रत से पूरी होती हैं सारी मनोकामनाएं**

**10 जनवरी को मनायी जायेगी संकटी गणेश चतुर्थी**

**रात्रि 8.22 पर चन्द्र को अर्घ्य देने के बाद होगा व्रत का पारण**

राधेश्याम कमल

भगवान श्री गणेश की महिमा सर्वविदित है। तैतीस कोटि देवी-देवताओं में उन्हें समस्त शुभ कार्यों में अनंत गुण से विभूषित माना गया है। पंचदेवों में भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने की विशेष महिमा है। प्रथम पूज्य गणेशजी का प्राकट्य महोत्सव माघ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाने की धार्मिक व पौराणिक मान्यता है। इस बार यह पर्व 10 जनवरी मंगलवार को मनाया जायेगा। इस दिन विधि विधान पूर्वक व्रत-उपवास रख कर भगवान गणेश की कृपा प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन चन्द्रोदय रात्रि में 8.22 मिनट पर होगा।कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकटी गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को तिल चौथ, वक्रतुंड चौथ, तिलकुटा चौथ, तिल चतुर्थी के भी नाम से जाना जाता है। गणेशजी को तिल व गुड़ से बने मोदक अर्पित किये जाते हैं। गणेशजी की दुर्वा से विशेष पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि संकटी गणेश चतुर्थी का चार वर्ष तक प्रत्येक चतुर्थी तिथि के दिन विधि विधान पूर्वक व्रत करने पर मनोवांछित अभिलाषा पूरी होती है। गणेशजी की पूजा-अर्चना कर-के रात्रि में चन्द्रोदय होने पर चन्द्रमा को अर्घ्य देकर ब्राह्मण को भोजन करा कर दान-दक्षिणा के साथ व्रत का पारण किया जाता है। इस व्रत में तिल व नमक से पदार्थों का सेवन नहीं किया जाता है। गणेशजी की महिमा में गणेश स्तुति, गणेश चालीसा, संकटनाशन गणेश स्तोत्र, गणेश सहस्त्रनाम व गणेशजी से संबंधित अन्य स्तोत्र व मंत्र के जप करने का विधान है।



### गणेश प्राकट्य की कथा

ब्रह्म पुराण के मुताबिक माता पार्वती ने अपने शरीर के मैल से सृजन करके गणेशजी को प्रवेश द्वार पर बैठा कर स्नान करने चली गई थी। तभी वहां भगवान शिव आ गये। बालक गणेश ने अपनी माता की आज्ञा पर सि को भीतर प्रवेश नहीं करने दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित होकर श्री गणेश का सिर विच्छेद कर दिया जो चन्द्र मंडल पर जाकर टिक गया। इस बीच जब मां पार्वती लौटी तो वह यह देख कर काफी दु:खी हो गईं। इस बात की असलियत का पता होने पर शिवजी ने नवजात हाथी के शिशु का सिर गणेशजी को लगा दिया। चूंकि गणेशजी का मुख चन्द्र मंडल पर चला गया था। इसके फलस्वरूप चन्द्रमा को अघ्यझ देने का विधान है। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक गणेश चतुर्थी का व्रत महिला व पुरुष दोनों के लिए समान रूप से फलदायी है। जिन्हें जन्म कुंडली में बुध व केतु ग्रह की दशा व महादशा में विपरीत फल मिल रहा हो उन्हें गणेशजी की पूजा अर्चना करनी चाहिए।व्रत के दिन अपने परिवार के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी कुछ भी ग्रहण नहीं करना चाहिए। इस दिन शयन न करने का भी विधान है। मौन रहते हुए गणेशजी की पूजा-अर्चना करना लाभकारी रहता है।

### कहां-कहां है गणेशजी का प्रतिष्ठित मंदिर

शहर में वैसे तो छप्पन विनायक के मंदिर हैं। काशी के छप्पन विनायक मंदिरों का अपनी अलग-अलग पौराणिक महत्व भी है। काशी के प्राय: हर मंदिरों में गणेश भगवान का मंदिर मिल जायेगा। इनके अलावा शहर में गणेशजी के कई प्रसिद्ध मंदिर हैं जिनमें प्रमुख रूप से बड़ागणेश मंदिर लोहटिया, चिंतामणि गणेश मंदिर सोनारपुरा, दुर्ग विनायक मंदिर दुर्गाकुंड, साक्षी विनायक विश्वनाथ गली, ढुढ़िराज गणेश (अन्नपूर्णा मंदिर के समीप) आदि हैं।



## बड़ागणेश मंदिर में उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु

**तैयारी**

**भक्तों में प्राचीन बड़ागणेश मंदिर का है अलग ही महत्व**

काशी में छप्पन विनायकों के साथ ही बड़ागणेश मंदिर लोहटिया का अपना अलग महत्व है। नगर के लोहटिया से मैदागिन जाने वाले मार्ग पर स्थित बड़ागणेश मंदिर का इतिहास काफी प्राचीन है। बरसों से यह मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर पूरे साल तक सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहती है। हर माह के अनुरूप यहां विविध प्रकार की अलौकिक झांकियां सजती रहती है।बड़ागणेश मंदिर में विनायक के अलावा कई देवी-देवताओं के विग्रह हैं।बड़ागणेश के समक्ष ही दंत विनायक की छोटी मूर्ति विराजमान है। जो काशी खंड में वर्णित है।पंचक्रोसी परिक्रमा के दौरान दंत विनायक का दर्शन करने का विधान है। मंदिर में विष्णु-लक्ष्मी के अलावा तीन शिवलिंग, मनसा देवी, संतोषी माता व हनुमान का विग्रह है। मंदिर के पुजारी पं. राजेश तिवारी बताते हैं कि बड़ागणेश का दर्शनकरने के बाद शंकर का दर्शन करना जरुरी होता है।मंदिर के बाहर जम्बुकेश्वर महादेव का मंदिर विराजमान है।जो लोग महादेव का दर्शन नहीं करते उन्हें बड़ागणेश के दर्शन का फल नहीं मिलता। मंदिर में सबसे आकर्षक का केन्द्र गणेशजी की सवारी मूसक है। इस मंदिर की बनावट शैली काशी के अन्य प्रमुख मंदिरों दुर्गा मंदिर, कालभैरव मंदिर से हूबहू मिलती झुलती है। बड़ागणेश की मूर्ति संभवत काशी की अन्य गणेश प्रतिमाओं से सबसे बड़ी है।गणेशजी के साथ यहां रिद्धि-सिद्धिव शुभ-लाभ भी विराजमान हैं।यहां पर भादो शुक्लपक्ष से माघ चतुर्थी तक विविध प्रकार के लगभग ढाई दर्जन श्रृंगार होते हैं। इस बार 10 जनवरी को गणेश चतुर्थी पर मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खुलेगा। इसके साथ ही सुबह से लेकर अर्धरात्रि तक मंदिर में दर्शन-पूजन प्रारंभ हो जायेगे। मंदिर में प्रवेश लोहटिया चौराहे से होगा जबकि निकासी हरिश्चन्द्र इंटर गेट से होगी। इस दौरान पूरी बैरिकेडिंग भी होगी। इस वर्ष भी दर्शन पूजन करने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। मंदिर में राजेश तिवारी, प्रदीप महराज, सुभाष तिवारी आदि व्यवस्था में जुटे रहते हैं।



पुजारी पं.राजेश तिवारी